

वाराणसी, बुधवार 8 जनवरी, 2025

पौष, शुक्ल पक्ष 9, वर्ष 13, अंक 331, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

अन्दर : बुमराह आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बन सकते है



वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : बिमल रॉय ने हिंदी सिनेमा को नई दिशा दी

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स (प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•


# तिब्बत में भूकंप से भारी तबाही, 95 की मौत, 130 घायल

## दिल्ली, बिहार, बंगाल, सिक्किम और असम में भी भूकंप के लगे झटके

**नई दिल्ली।** तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में भूकंप के तेज झटकों से भारी तबाही हुई। कई इमारतें ध्वस्त हो गई। भूकंप की वजह से यहां कम से कम 95 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार सुबह नौ बजकर पांच मिनट (चीन के समयानुसार) पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर के

**दर्दनाक मंजर**

**भारतीय राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई**

डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सरकारी सामाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, 6.8 तीव्रता के भूकंप के कारण 53 लोगों की मौत हो गई और 62 अन्य घायल हो गए। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) और भारतीय राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई और कहा कि इसका केंद्र चीन के टिंगरी काउंटी के शिजांग में था, जो उत्तर-पूर्व नेपाल के खुम्बू हिमालय पर्वतमाला में लोबुत्से से 90 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। इस बीच, नेपाल के काठमांडू में आए शक्तिशाली भूकंप के कारण लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप



का असर काभ्रेपलान्चोक, सिंधुपालंचोक, धाडिंग और सोलुखुंबु जिलों में भी महसूस किया गया। भूकंप से घबराए लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने कुछ समय तक सड़कों के किनारे लगे पेड़ों और बिजली के तारों को हिलते हुए देखा। यूएसजीएस रिपोर्ट के अनुसार, सुबह सात बजे के आसपास एक घंटे के भीतर कम से कम छह बार चार से पांच तीव्रता वाले भूकंप के झटके दर्ज किए गए। यह भूकंप इतना शक्तिशाली था कि नेपाल के लोग घबरा गए। इसने 2015 में आए भीषण भूकंप की याद ताजा कर दी, जिसमें 9,000 लोग मारे गए थे। हालांकि, नेपाल पुलिस के प्रवक्ता का कहना है कि अब तक उन्हें किसी बड़े नुकसान या मानवीय क्षति के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र तिब्बत में होने के कारण उत्तरी नेपाल में रहने वाले लोगों ने अधिक तीव्र झटके महसूस किए।

दिल्ली एनसीआर, बिहार, बंगाल, सिक्किम और असम में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की वजह से लोग घरों से बाहर निकल आए।

## संक्षेप

### आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम बापू को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उन्हें 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी है। यह फैसला चिकित्सा आधार पर लिया गया है, जिसमें आसाराम के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जमानत दी है। आसाराम पर यौन शोषण का गंभीर आरोप है और वे लंबे समय से जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। उनकी जमानत याचिका पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है और मामले की आगे की सुनवाई मार्च के बाद होगी।

### बोनट पर लटकाकर चार किमी तक घसीटा

**जयपुर।** जयपुर में एक सनकी ड्राइवर युवक को कार के बोनट पर चार किलोमीटर तक घसीटने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार की बताई जा रही है जो अंबेडकर सर्किल पर हुई, जब आरोपी ने पीड़ित युवक भूपसिंह की थार गाड़ी को टक्कर मार दी और फिर कार को भगाकर रामबाग ले गया। जाम होने पर कार रुकने पर भूपसिंह ने अपनी जान बचाने के कार के बोनट पर लटकने की कोशिश की, और करीब चार किलोमीटर तक वह बोनट पर लटका रहा, जबकि ड्राइवर ने कार को तेज रफ्तार से चलाया।

### मेटा ने नहीं भरा जुर्माना अपील पर 16 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** फेसबुक और व्हाट्सएप की समूह कंपनी मेटा ने सोमवार को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा जो 213 I14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उसके खिलाफ नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल में अपील दायर की है इस अपील पर 16 जनवरी को सुनवाई होगी।

### पाकिस्तानी आतंकी हैंडलर की प्रॉपर्टी सीज

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में पाकिस्तान में मौजूद आतंकी हैंडलर की प्रॉपर्टी सीज की। आतंकी का नाम मुबाशिर अहमद की है। पुलिस के मुताबिक अवंतीपोरा में पुलिस ने त्राल के पस्तून इलाके के सैयदाबाद में चार मरला जमीन सीज की।

### माध्यमिक विद्यालयों के समय में किया गया बदलाव

**लखनऊ।** प्रदेश में भीषण ठंड के कारण माध्यमिक विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। सुबह और शाम के समय में आधे घंटे कम किए गए हैं। अब सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्यालय चलेंगे। शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव द्वारा जारी लेटर में कहा गया कि प्रदेश में अत्यधिक ठंड व शीतलहर को देखते हुए मकर संक्रान्ति पर्व तक समस्त बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों की कक्षाओं के समय में बदलाव किया जा रहा है। अभी तक कक्षाएं सुबह 09 :30 बजे से अपराह्न 03 :30 बजे तक चलती थीं।

# दिल्ली विस चुनाव का बजा बिगुल

## 5 फरवरी को वोटिंग, 8 फरवरी को आएंगे नतीजे

**घोषणा**

**डेढ़ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए गए**

**2015 और 2020 के मुकाबले इस बार चुनाव और रिजल्ट की घोषणा एक हफ्ते पहले**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग होगी। रिजल्ट 8 फरवरी को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बतौर चुनाव आयुक्त तारीखों की घोषणा के दिन से रिजल्ट तक दिल्ली चुनाव की प्रक्रिया 33 दिन में पूरी हो जाएगी। 2015 और 2020 के मुकाबले इस बार चुनाव और रिजल्ट की घोषणा एक हफ्ते पहले हो रही है। डेढ़ घंटे की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीईसी राजीव कुमार सिर्फ 10 मिनट दिल्ली चुनाव पर बोले। एक घंटे से ज्यादा वक्त तक उन्होंने ईवीएम, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और खास वर्ग के वोटर्स का नाम हटाने जैसे विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने अपने चिरपरचित अंदाज में शेरो-शायरी भी की।

उन्होंने कहा कि चुनाव में चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना गलत ट्रेंड है। इससे युवा वोटर्स पर असर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट भी सीईसी पर सवाल उठाने वालों को खारिज कर चुका है। राजीव कुमार ने कहा, आरोपों को सुनकर दुख होता है। उन्होंने बताया, हर साल 1 जनवरी को सर्वे किया जाता है, जो अक्टूबर में शुरू होता है। ड्राफ्ट रोल की फ्री कॉपी 2-2 दी जाती है। कहा जाता है कि नए वोटर्स बनेंगे, हटेंगे। हर जानकारी आपको देंगे। हर गांव में ड्राफ्ट रोल और ऑब्जेक्शन की कॉपी दी जाती है। डिलीशन पर्सनल हियरिंग के बगैर नहीं हो सकता है। 2 फीसदी से ज्यादा पोलिंग बूथ पर हुआ तो अफसर खुद जाकर चेक करेंगे। जहां एक-एक वोट की लड़ाई होती है, वहां ऐसे नाम काटे तो क्या स्थिति होगी। इलेक्शन के टाइम ही ऐसे मुद्दे आते हैं। बीएलओ द्वारा एक दो नाम इधर उधर हो गए तो करेक्शन का मौका रहता है।




'कर न सके इकरार तो कोई बात नहीं, मेरी वफा का इन्हें एतबार तो है
शिकायत भले ही हो, मगर सुनना, सहना, सुलझाना हमारी आदत है
-राजीव कुमार : मुख्य चुनाव आयुक्त'

आरोप कब, किसने लगायाः पूर्व सीएम केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी ने 29 दिसंबर 2024 में दावा किया था कि नई दिल्ली विधानसभा सीट में 5 हजार से ज्यादा लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए। ये सभी आप समर्थक थे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस ने मतदाता सूची को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। पार्टी ने कहा था कि हर निर्वाचन क्षेत्र में 10,000 से ज्यादा मतदाता मनमाने ढंग से जोड़े या हटाए गए हैं। ईवीएम में गड़बड़ी हैः ईवीएम के बारे में बहुत बार हम लोग बात कर चुके हैं। चुनाव की तारीख से 7-8 दिन पहले एजेंट के सामने सिंबल डाले जाते हैं। मॉक पोल की छूट होती है। बैट्री उसी दिन डाली जाती है और सील होती है। ईवीएम को एजेंट के सामने सील लगाई जाती है। पोलिंग डे पर सील तोड़ी जाती है। पोलिंग स्टेशन पर सबसे पहले सीरियल नंबर चेक कराए जाते हैं। एजेंट मौजूद रहते हैं, मॉक पोल होता है। पोलिंग एजेंट आने जाने वालों का हिसाब रखता है। पोलिंग खत्म होने के बाद कितने वोट पड़े इसकी संख्या एजेंट्स को दी जाती है। ईवीएम को स्टोर रूम में लाया गया, ताला लगाया। काउंटिंग के दिन सील तोड़ी जाती है। फॉर्म 7 सी से नंबर मिलाने को कहते हैं। मिला तो ही काउंटिंग होती है। 5 वीवीपैट की गिनती भी कर ली जाती है। सारी चीजों को बहुत चैलेंज किया गया। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ईवीएम हैक हो ही नहीं सकती है। वायरस और बग का कोई सवाल ही नहीं है। चुनाव परिणाम पर वायरस से असर नहीं डाला जा सकता है। ईवीएम काउंटिंग के लिए फुल प्रूफ डिवाइस है। ये इन्वेशन बहुत बड़ी उपलब्धि है और देश का सम्मान बढ़ाने वाली है।


### दिल्ली विस के साथ होगा मिल्कीपुर का उपचुनाव

**अयोध्या।** जिले की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान हो गया है। पिछले साल जून से ही खाली पड़ी इस सीट पर चुनाव का इंतजार मंगलवार को चुनाव आयोग ने खत्म कर दिया है। यहां पर वोटिंग 5 फरवरी को होगी और नतीजा 8 फरवरी को आएगा। सत्तारूढ़ भाजपा और प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने यहां जीत दर्ज करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा है। यहां पर दिल्ली विधानसभा के साथ ही चुनाव होगा। मिल्कीपुर सीट सपा के सांसद अवधेश के इस्तीफे के बाद से खाली हुई है। उत्तर प्रदेश की 9 सीटों पर हाल ही में उपचुनाव संपन्न हुए हैं। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट का मामला कोर्ट में होने के कारण चुनाव नहीं हो पाया था। भाजपा और सपा दोनों ने ही यहां पर पूरी ताकत झोंकी हुई है। मिल्कीपुर सीट पर समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। सपा नेता अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, भाजपा ने छह मंत्रियों को चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतारा है।

### दिल्ली में 1261 थर्ड जेंडर और 2.08 लाख नए मतदाता

दिल्ली में करीब 1.55 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 83.49 लाख पुरुष और 79 लाख महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा, 1261 थर्ड जेंडर और 2.08 लाख नए मतदाता भी हैं। इस बार 33,000 बूथों पर मतदान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि दिल्ली में 12 आरक्षित और 58 सामान्य सीटें हैं। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि 13,000 से अधिक पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं।

# उत्तर भारत के राज्यों के लिए अलर्ट जारी



**नई दिल्ली।** भारत के उत्तरी मैदानों में हफ्ते के अंत में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बेमौसम बारिश होने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। यह बारिश पश्चिमी विक्षोभ की हलचल के कारण हुई है। पश्चिमी विक्षोभ अब इस क्षेत्र से दूर जाना शुरू हो गया है। जैसे-जैसे पश्चिमी विक्षोभ (मौसम प्रणाली) पीछे हट रहा है वैसे ही बर्फ से ढके पहाड़ों से सूखी और ठंडी हवाएं उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के भागों में चलनी शुरू हो जाएंगी, जिससे न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आएगी। लेकिन आने वाले दिनों में फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा, क्योंकि एक और पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय की ओर बढ़ रहा है।

यह मौसम प्रणाली (पश्चिमी विक्षोभ) उत्तर राजस्थान और उससे सटे पंजाब और हरियाणा में प्रेरित चक्रवातीय परिसंचरण को सक्रिय करेगी। इस प्रणाली के प्रभाव से उत्तर राजस्थान में सबसे पहले बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां शुरू होंगी। धीरे-धीरे यह गतिविधियां पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर के कई हिस्सों में फैलेंगी। वहीं गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना भी बनी हुई है, जो कृषि के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। अगर ऐसा होता है, तो ओलावृष्टि खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है, विशेषकर जो फसलें विकास के चरण में हैं। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है, जिससे इस कठोर मौसम में होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

**मौसम की मार**

**फसलों पर भारी पड़ेगी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि**

### वीकेंड पर बारिश का अलर्ट


पश्चिमी विक्षोभ के हटने के कारण वीकेंड से पहले तक न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट होगी। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में ठंड का प्रकोप देखा जाएगा और रातें बेहद सर्द होंगी। हालांकि, यह ठंडा मौसम ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगा क्योंकि नया पश्चिमी विक्षोभ तापमान के रुझान को पलट देगा। जैसे-जैसे बारिश और बादल छाने की संभावना बढ़ेगी, न्यूनतम तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। खासकर 11 जनवरी से उत्तर पश्चिम भारत और उससे सटे उत्तर प्रदेश के मैदानों में बारिश होगी और तापमान बढ़ेगा।

# भाजपा ने दूसरी बार रद्द किया सीएम आवास का आवंटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनावों की तारीखों के एलान के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रेसवार्ता की। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि जिस दिन दिल्ली के चुनावों की तारीखों की घोषणा होती है, उससे पिछली रात को भाजपा ने मुख्यमंत्री आवास है, जो मुझे सीएम होने के नाते आवंटित हुआ है। भाजपा ने मुझे उस आवास से तीन महीने में दूसरी बार निकालकर बाहर कर दिया। चिट्ठी भेजकर सीएम आवास का आवंटन रद्द कर दिया।

**आरोप**

**आप ने केंद्र सरकार पर बोला हमला**



एक चुनी हुई सरकार की मुख्यमंत्री से आवास छीन लिया। तीन महीने पहले भी उन्होंने यही किया था।मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीएम आवास से मेरा सामान, मेरे परिवार का सामान घर से निकालकर बाहर फेंक दिया। मेरा घर छीनने से, गाली-गलौज करने से और मेरे परिवार के बारे में निचले स्तर की बातें करने से भाजपा को लगता है कि यह हमारे काम रोक देंगे जो हम दिल्ली वालों के लिए कर रहे हैं। हम दिल्लीवालों को बता देना चाहते हैं कि घर छीनने से, गालियां देने से यह हमें जनता के लिए काम करने से नहीं रोक सकते हैं।

# अब बिना नेट के बन सकेंगे असिस्टेंट प्रोफेसर

**नई दिल्ली।** अब हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूटस में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए यूजीसी नेट एग्जाम क्लियर करने की जरूरत नहीं होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट यानी एचईएलएस में फैकल्टी रिक्रूटमेंट और प्रमोशन के लिए ड्राफ्ट यूजीसी गाइडलाइंस जारी की हैं। इसके अनुसार, असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए सब्जेक्ट में नेट क्वालिफाइड होना जरूरी नहीं होगा। ड्राफ्ट गाइडलाइंस यूजीसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की गई हैं। इन गाइडलाइंस पर इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और स्टेकहोल्डर्स से

**बदलाव**

**वाइस चांसलर पद के लिए टीचिंग एक्सपीरियंस की जरूरत**

**यूजीसी की ड्राफ्ट गाइडलाइंस जारी की गई**

फीडबैक और सुझाव लेने के बाद इन्हें लागू कर दिया जाएगा।

यूजीसी 5 फरवरी के बाद गाइडलाइंस लागू कर सकती है। अभी लागू यूजीसी गाइडलाइंस 2018 के अनुसार, असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए कैंडिडेट का उसी सब्जेक्ट से नेट



क्वालिफाई होना जरूरी था, जिस सब्जेक्ट से पोस्ट ग्रेजुएट किया हो।

वीसी पद के लिए टीचिंग एक्सपीरियंस की जरूरत खत्मः ड्राफ्ट गाइडलाइंस के अनुसार, अब किसी हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में वाइस चांसलर बनने के लिए कैंडिडेट के पास 10 वर्ष का टीचिंग एक्सपीरियंस होना जरूरी नहीं होगा।

अपने फील्ड के ऐसे एक्सपर्ट, जो सीनियर लेवल पर काम करने का 10 साल का एक्सपीरियंस रखते हों और जिनका ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा हो, वे वाइस चांसलर बन सकते हैं। वीसी की नियुक्ति के लिए यूनिवर्सिटी चांसलर एक कमेटी का गठन करेंगे, जो अंतिम फैसला लेगी।

# 'संस्थान होने का क्या फायदा, अगर काम करने वाले लोग ही नहीं'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों में रिक्तियों पर नकारात्मक रुख अपनाया और केंद्र को तत्काल पदों को भरने का निर्देश दिया। सीआईसी में सूचना आयुक्तों के शीघ्र चयन के लिए कहते हुए जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र से कहा, इन पदों को जल्द से जल्द भरने की जरूरत है, अन्यथा संस्थान होने का क्या फायदा, अगर हमारे पास काम करने वाले लोग ही नहीं हैं?

**पीठ ने की उम्मीदवारों की नियुक्तियों की आलोचनाः** पीठ ने सीआईसी और एसआईसी में केवल एक विशेष श्रेणी के उम्मीदवारों की नियुक्तियों की आलोचना की और इन आयोगों में नौकरशाहों की मौजूदगी पर न्यायिक टिप्पणी करने पर विचार किया, न कि सभी क्षेत्रों के लोगों की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान ले सकते हैं कि पूरे आयोग में केवल एक ही श्रेणी के लोग काम करते हैं। केवल नौकरशाहों की ही नियुक्ति क्यों की जाए और कई क्षेत्रों के लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जाए। हम इस पर और कुछ नहीं कहना चाहते, लेकिन इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है।

**सख्त निर्देश**

**सुप्रीम कोर्ट ने सीआईसी में सूचना आयुक्तों के चयन में देरी पर केंद्र को लताड़ा**



### झारखंड पर शीर्ष अदालत की गंभीर टिप्पणी

शीर्ष अदालत ने झारखंड पर गंभीर टिप्पणी की, जिसने विधानसभा में विपक्ष का कोई नेता नहीं होने के आधार पर उसके बार-बार निर्देश के बावजूद सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं की। पीठ ने कहा कि झारखंड एसआईसी में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जून, 2024 में जारी किया गया था, लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई। पीठ ने झारखंड विधानसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को निर्देश दिया कि वह सूचना आयुक्तों को चुनने के सीमित उद्देश्य के लिए अपने निर्वाचित सदस्यों में से एक को चयन समिति में नामित करे और उसके बाद नियुक्तियां शुरू हो सकती हैं। पीठ ने अन्य राज्यों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने आयोगों में रिक्तियों के अलावा चयन समिति की संरचना, उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के मानदंड और साक्षात्कार और नियुक्तियों के लिए समयसीमा के अलावा आवेदकों की सूची एक सप्ताह के भीतर अधिसूचित करें। पीठ ने राज्यों के मुख्य सचिवों को रिक्तियों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया और नियुक्तियों पर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा, 'जिन राज्यों में नियुक्तियां की गई हैं, वे आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की सूची, खोज समिति की संरचना, शॉर्टलिस्टिंग के लिए अपनाए गए मानदंड और नियुक्ति अधिसूचनाओं के बारे में अनुपालन हलफनामा प्रस्तुत करेंगे।'

याचिकाकर्ता अंजलि भारद्वाज और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि 2019 में शीर्ष अदालत ने सीआईसी और एसआईसी में पदों को भरने के लिए मौलिक निर्देश जारी किए थे, लेकिन राज्यों ने चयन प्रक्रिया में देरी की और सूचना के अधिकार अधिनियम को लगभग समाप्त कर दिया। संबंधित सचिवों को बुलाने या जवाब मांगने का न्यायालय से आग्रह करते हुए भूषण ने कहा कि रिक्तियों के कारण इस मंच का उपयोग करने वाले लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और राज्य सरकारों की तरफ से लोगों को नियुक्त करने में विफलता ने अधिनियम के मूल उद्देश्य को ही विफल कर दिया है।

अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत ने कई क्षेत्रों से लोगों की नियुक्ति के लिए निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने केंद्र को ऐसे पदों के लिए अगस्त, 2024 में शुरू हुई चयन प्रक्रिया पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने और इसके पूरा होने की समयसीमा बताने का निर्देश दिया। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के संयुक्त सचिव को हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा गया कि सूचना आयुक्तों के पद के लिए आवेदन करने वाले 161 उम्मीदवारों के नामों पर कब कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश में 11 सीनियर आईएएस के ट्रांसफर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने 11 सीनियर कअर अफसरों के ट्रांसफर कर दिए हैं। इनमें 3 मंडल के कमिश्नर भी शामिल हैं। गृह सचिव विवेक कुमार को आजमगढ़ मंडल का कमिश्नर बनाया गया है। आलोक कुमार सेकेंड को खेल एवं युवा कल्याण विभाग और लीना जौहरी को स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के प्रमुख सचिव के प्रभार से हटाया गया है। कानपुर मंडल के कमिश्नर अमित गुप्ता को स्टांप और रजिस्ट्रेशन विभाग के प्रमुख सचिव बनाया गया है। आजमगढ़ मंडल के कमिश्नर मनीष चौहान को खेल एवं युवा कल्याण विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। विंध्याचल मंडल के कमिश्नर मुथुकुमार स्वामी को वित्त विभाग के सचिव का जिम्मा सौंपा गया है। उद्योग विभाग के निदेशक विजेंदर पांड्या को कानपुर मंडल कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डॉक्टर रूपेश कुमार को महानिरीक्षक निबंधन के प्रभार से हटाया गया है। अजीत कुमार को चित्रकूट मंडल का कमिश्नर बनाया गया है। नरेंद्र प्रसाद पांडेय को नियोजन विभाग के सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बालकृष्ण त्रिपाठी को विंध्याचल मंडल का कमिश्नर बनाया गया है। आईएएस अमित गुप्ता 2000 बैच के हैं।

**इधर से उधर**

**आजमगढ़, विंध्यांचल समेत तीन मंडलों के कमिश्नर बदले गए**

**गृह सचिव विवेक को मिला आजमगढ़ का जिम्मा**




ग्वालियर निवासी अमित गुप्ता ने अब पब्लिक अफेयर में मास्टर भी कर चुके हैं। बतौर आईएएस वे सहायक मजिस्ट्रेट/सहायक कलेक्टर के रूप में मेरठ से कार्य शुरू किया, इसके बाद जॉइंट मजिस्ट्रेट आगरा रहे। इससे पहले 46 आईएएस अफसरों के तबादले किए गए थे। आईएएस संजय प्रसाद को फिर से गृह विभाग के प्रमुख सचिव की कमान दी गई थी। वैभव श्रीवास्तव को सचिव गृह बनाया गया था। अजीत कुमार सचिव कृषि विभाग की जिम्मेदारी दी गई थी। राजेश कुमार खाद्य एवं औषधि प्रशासन मामलों का आयुक्त बनाया गया था। अखिलेश मिश्रा अपर राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाया गया था। अटल राय सचिव पंचायती राज बनाया गया था। नरेंद्र कुमार पांडे की सचिव ग्राम में विकास विभाग की नियुक्ति की गई थी। बृजेश नारायण सिंह परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश बनाए गए थे।

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
80250/inc.GST


चांदी (99.50)
91450/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
110000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# सोने में इस साल भी बड़े रिटर्न की उम्मीद



**वाराणसी।** क्या सोने में तेजी इस साल भी बनी रहेगी? यह सवाल आम लोगों के जेहन में खूब उमड़-घुमड़ रहा है। दरअसल, बीते साल सोने की कीमतों ने बीते एक दशक में किसी एक साल में सबसे तेज रफ्तार देखी। बीते साल सोने ने 20 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया। सराफा बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो सोने में इस साल भी बड़े रिटर्न की उम्मीद है।

सराफा बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो इसकी वजह दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद, जियो पॉलिटिक्स तनाव, मौद्रिक नीतियों में बदलाव से लेकर भारत-चीन जैसे प्रमुख बाजारों में कंज्यूमर्स डिमांड रही। अब इस साल यह ट्रेंड जारी रहेगा और 20 प्रतिशत से अधिक रिटर्न का अनुमान है।

### तेजी रहेगी जारी

**दुनिया भर में चल रही अनिश्चितताओं के बीच गोल्ड की चमक बरकरार**

जानकारों का कहना है कि दुनिया भर में चल रही अनिश्चितताएं, जैसे मौजूदा संघर्षों में संभावित वृद्धि और नए भू-राजनीतिक तनाव से बचाव के लिए सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने में निवेश बढ़ेगा। भारत जैसे उभरते बाजारों में, केंद्रीय बैंक सक्रिय रूप से अपने सोने के भंडार को बढ़ा रहे हैं। यह रुझान 2025 में जारी रहेगा, जो सोने की कीमतों के लिए मजबूत समर्थन प्रदान करेगा।

सराफा बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो अमेरिकी आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता, खासकर नए ट्रम्प प्रशासन के साथ आर्थिक अस्थिरता के खिलाफ बचाव के रूप में सोने की मांग में वृद्धि कर सकती है। इस स्थिति में अनुमान है कि एमसीएक्स यानी वायदा मार्केट पर सोने के दाम 85 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं। वित्त वर्ष 2024 में सोने के आयात में नौ प्रतिशत की कटौती के चलते भारत में आभूषणों की मांग में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और वित्त वर्ष 2025 में 14-18 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। गोल्ड गिरवी रखकर गोल्ड लेने की प्रवृत्ति में इस साल और तेजी रहेगी। इस साल गोल्ड लोन करीब सात गुना बढ़कर 10 लाख करोड़ रुपये के बेंचमार्क को पार सकता है।

# 28369 मतदाता जुड़े तो 17135 मतदाता कटे

## मंगलवार को फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का हुआ प्रकाशन

### पुनरीक्षण अवधि

**मतदाताओं की संख्या 3110793, युवाओं की संख्या 36700**

**वाराणसी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर जिले में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया है। प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार, पुनरीक्षण अवधि में जहां 28369 मतदाताओं के नाम जोड़े गये हैं। वहीं, 17135 मतदाताओं के नाम काटे गये।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन कुमार के हस्ताक्षर से जारी फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन समस्त पदाभिहित स्थलों पर कर दिया गया है, जो 13 जनवरी तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित तहसील कार्यालयों एवं पदाभिहित स्थल पर जन सामान्य के अवलोनार्थ निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। उन्होंने जिले के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे कार्यालय अवधि में मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

| विधानसभा का नाम | आलेख्य प्रकाशन के समय मतदाताओं की संख्या | पुनरीक्षण अवधि में जोड़े गये मतदाताओं की संख्या | पुनरीक्षण अवधि में काटे गये मतदाताओं की संख्या | कुल मतदाताओं की संख्या | जोड़े गये 18-19 आयु वर्ग के मतदाता | टैग दिव्यांग मतदाताओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पिंडरा | 370797 | 2727 | 1457 | 372067 | 3554 | 3621 |
| अजगरा (अ.जा.) | 362358 | 4223 | 1705 | 364876 | 4908 | 4099 |
| शिवपुर | 384423 | 4169 | 1948 | 386644 | 4855 | 4311 |
| रोहनियां | 414792 | 3419 | 2205 | 416006 | 4884 | 4828 |
| वाराणसी उत्तरी | 438748 | 4339 | 2479 | 440608 | 4835 | 4250 |
| वाराणसी दक्षिणी | 314575 | 2790 | 2082 | 315283 | 3384 | 3088 |
| वाराणसी कैंटोमेंट | 462722 | 3156 | 2384 | 463494 | 5776 | 3462 |
| सेवापुरी | 351144 | 3546 | 2875 | 351815 | 4504 | 4181 |
| योग | 3099559 | 28369 | 17135 | 3110793 | 36700 | 31840 |

# सर्द हवाओं ने कंपाया

# गलन से कोई राहत नहीं

## पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से मौसम में अचानक हो रहा बदलाव







जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बनारस में गलन व सर्द हवाओं से लोगों को अभी राहत नहीं मिली है। ठंड व गलन का असर दिख रहा है। शाम होते ही ठंड और गलन शुरू हो जा रही है। बच्चे-बुजुर्ग अपने-अपने घरों में छिप जा रहे हैं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में काफी बदलाव दर्ज हुए हैं। सड़कों ही नहीं घरों में भी लोग ठंड व गलन से ठिठुरते नजर आ रहे हैं। मंगलवार को गलन व ठंड ने सभी को खूब कंपकपाया। मंगलवार को गलन और ठंड कुछ और भी बढ़ गई थी। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से ठंड व गलन का असर और भी बढ़ गया है। हालांकि पिछले एक सप्ताह से बनारस में लगातार गलन व ठंड चल रही है। रोजमर्रा जीवन की बात करें तो भारी ठंड व गलन के चलते लोगों का रहना अब दूभर हो गया है। मंगलवार को सुबह आसमान में कोहरा छाया रहा। भगवान भाष्कर के लोगों को दर्शन भी नहीं हुए। सुबह कोहरे के चलते सड़कों पर राहगीरों की संख्या नगण्य दिखी। जिन लोगों को आवश्यक कार्य रहा वहीं लोग सड़कों पर इधर-उधर जाते हुए दिखे। मंगलवार को 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ़्तार से बफीर्ली हवाएं चलनी शुरू हुई तो लोग घरों के अंदर खुद को समेट लिए। पारा 11 तक पहुंच गया। हवाओं के साथ गिर रही ओस ने और गलन बढ़ा दी है।शाम होते ही ठंड और गलन शुरू हो जा रही है। बच्चे-बुजुर्ग अपने-अपने घरों में छिप जा रहे हैं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में काफी बदलाव दर्ज हुए हैं। रविवार को दिन में धूप न निकलने और तापमान में गिरावट के बाद सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया। दिन में हल्की धूप निकलने से थोड़ी राहत जरूर हुई लेकिन शाम होते ही पछुआ हवाओं ने गलन बढ़ा दी। इससे लोग घरों में ही ठिठुरते रहे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले दो-तीन दिन तक नम हवाओं के चलने और कोहरे की संभावना है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से मौसम में अचानक बदलाव हो रहा है।

### मौसम का सितम

**ठंड से बचने के लिए घरों में दुबके रहे लोग**

### ग्रामीणों व प्रधान के सहयोग से जले अलाव

कछ्वांरोड। स्थानीय चौराहा स्थित पुलिस बूथ व बाजार के एक कटरे के सामने राहगीरों व ग्रामीणों को ठण्ड से राहत व बचाव हेतु मंगलवार को ग्रामीणों व प्रधान ठठरा सुनील कुमार बिन्द सौजन्य से अलाव जलाया गया। सहयोग करने वालो में मुख्य रूप से राजेंद्र प्रसाद मौर्य,सुरेश कुमार पांडे, सत्य प्रकाश पाल, श्याम लाल यादव,राम लखनबी यादव ,निहाल तिवारी आदि लोग मौजूद थे।



### सर्द हवाओं के थपेड़ों से आमजन व पशुपक्षी भी बेहाल

**चिरईगांव।** बादलों से घिरा आसमान संग ठंड हवाओं के थपेड़ों से पूरा जनजीवन ठिठुर सा गया है। आमजन के साथ पशुपक्षी भी हाड़कंपाती ठंड के थपेड़ों से बेहाल है। बीते सोमवार को शुरू हुई ठंड हवाएं मंगलवार को भी जारी रही। मंगलवार को सूर्य के दर्शन नहीं होने से ठंड का असर दोगुना हो गया। सबसे अधिक परेशानी इस समय किसानों को फसलों की सिंचाई को लेकर हो रही है।कपकपाती ठंड में भी किसान गेंहू की सिंचाई करने में जुटे हैं। ठंड में बार-बार बिजली कटने से सिंचाई का कार्य बाधित होने से किसान परेशान भी हो रहे हैं। पशुचिकित्साधिकारी चिरईगांव डाआर ए चौधरी ने बताया कि मवेशियों, बकरियों, कुक्कुटों को ठंड से बचाव हेतु जुट के बोरों से हवा रोकने की सलाह पशुपालकों को दिया।पशुओं के बैठने के स्थान पर ताजा सूखी राख बिछाने, ताजा पानी पिलाने आदि की सलाह भी दी है।

# चाइनीज मांझे का प्रयोग न करने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

जनसंदेश न्यूज

**रामनगर।** आएदिन हो रहे चाइनीज मांझे से घटना को देखते हुए के मंगलवार को रामनगर में जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर स्थित प्रभु नारायण राजकीय इंटर कालेज के पास मां आशा तारा फाउंडेशन द्वारा चाइनीज मांझा,जल संरक्षण,नशा मुक्ति,नारी शक्ति, स्वास्थ्य अपनेको विंदुओं पर जागरूकता अभियान चलाकर संदेश दिया। चाइनीज मंझा के खिलाफ नागरिकों को बताया गया कि बिना मफलर के बाहर न निकले और अगर बाइक से चल रहें हैं तो हेलमेट का प्रयोग करें। इस दौरान रामनगर थाना प्रभारी राजू सिंह संस्था के संस्थापक डीके ओझा,रेखा सिंह, इन्द्र मणि त्रिपाठी, हिमांशु पाण्डेय,सुमन साहनी,मुन्नी देवी,विनित राय, रागिनी पांडेय,राखी सिंह,राजेंद्र यादव, अंकित राय,सहित संस्था के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# नहीं थम रही वंदे भारत की लेटलतीफी

**वाराणसी।** कोहरा के चलते मंगलवार को चौथे दिन भी नई दिल्ली से वाराणसी आने वाली वंदे भारत दस घंटे देरी से वाराणसी जंक्शन पहुंची। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते यात्रियों की मुसीबत बढ़ गयी है। वंदे भारत के यात्रियों के लिए प्लेटफार्म नंबर एक पर ज्यादा शेड ना होने से यात्रियों को शेड के नीचे लंबे समय से इंतजार करना पड़ रहा है।

मंगलवार को वाराणसी जंक्शन पर पहुंचने वाली ट्रेनों न्यू दिल्ली जयनगर स्वतंत्रता सेनानी साढ़े तीन घंटे, ओखा गोवाहटी द्वारिका एक्सप्रेस एक घंटे, जोधपुर वाराणसी सिटी एक घंटे, हावड़ा प्रयागराज विभूति एक्सप्रेस दो घंटे, बालूरघाट भटिंडा फरक्का एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, जम्मूतवी वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस तीन घंटे, इंदौर पटना एक घंटे, विशाखापत्तनम गोरखपुर फेयर स्पेशल साढ़े तीन घंटे, पटना वाराणसी मेमू तीन घंटे,नयी दिल्ली बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, ग्वालियर बनारस बुंदेलखंड एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, देहरादून बनारस जनता एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, धनबाद जम्मूतवी फेयर स्पेशल निरस्त, बरकाकाना वाराणसी स्पेशल एक्सप्रेस पांच घंटे, अमृतसर हावड़ा पंजाब मेल साढ़े तीन घंटे, दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस तीन घंटे, मुम्बई एलटीटी बलिया कामायनी एक्सप्रेस दो घंटे, प्रयागराज संगम गाजीपुर सिटी तीन घंटे, गोरखपुर दादर स्पेशल दो घंटे, आनंद विहार पुरी नीलांचल एक्सप्रेस ढाई घंटे, श्राषिकेश हावड़ा दून एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे , दानापुर आनंद विहार जनसाधारण डेढ़ घंटे, बनारस ग्वालियर बुंदेलखंड एक्सप्रेस दो घंटे, ग्वालियर बनारस बुंदेलखंड एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे, देहरादून बनारस जनता एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, 22436 दिल्ली वाराणसी वंदे भारत लगभग दस घंटे देरी से वाराणसी जंक्शन पहुंची।

### फजीहत

**लगातार चौथे दिन भी दस घंटे देरी से वाराणसी पहुंची सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत**



# पीएम विश्वकर्मा योजना में 30 का पंजीकरण




**रोहनिया।** पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर बैरवन में मंगलवार को आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके जीवनयापन को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की प्रमुख योजना के बारे में जानकारी देना था। शिविर में कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें से 30 व्यक्तियों ने अपना पंजीकरण कराया। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने योजना के उद्देश्यों, पात्रता मानदंड और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों के सवालों का जवाब देते हुए उन्हें पंजीकरण प्रक्रिया में सहायता प्रदान की। पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों को वित्तीय सहायता, कौशल विकास के अवसर और आधुनिक उपकरणों व प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। सहायक निदेशक एमएसएमई राजेश कुमार चौधरी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने भविष्य में ऐसे ही कार्यक्रमों के आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। सहायक निदेशक एमएसएमई रीतेश बरनवाल ने एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं से अवगत कराया। धन्यवाद दिव्या मिश्रा ने दिया। इस अवसर पर प्रभात पांडेय, डॉ. विजय नारायण वर्मा, उदय प्रताप आदि उपस्थित रहे।

### शिविर

**रोहनिया के बैरवन में कारीगरों व शिल्पकारों को दी गयी योजना की जानकारी**

# उद्यमियों को ओपन एक्सेस प्रणाली का नहीं मिल पा रहा भरपूर लाभ

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईआईए) ने कमिश्नर कौशल राज शर्मा को सामने पाकर विभिन्न विभागों की तरफ से आ रही दुश्वारियों को उनके समक्ष रखा। कहा कि विद्युत के ज्यादा उपभोग वाले उपभोक्ताओं को कम दर में विद्युत उपलब्ध कराने को प्रदेश में ओपन एक्सेस प्रणाली लागू है, जिससे उद्यमी देश के किसी भी भाग में उपलब्ध कम दर की विद्युत को ग्रिड के माध्यम से खरीद सकता है। लेकिन इसका लाभ उद्यमियों को नहीं मिल पा रहा है।

आयुक्त सभागार में आयोजित परिचर्चा में उद्यमियों ने कहा कि ओपन एक्सेस प्रणाली के लिए प्रत्येक तीन माह पर विद्युत विभाग से एनओसी तथा अप्रूवल लेना होता है। विद्युत विभाग इस अप्रूवल तथा एनओसी देने में अनावश्यक विलंब करता है, जिसके कारण विलंबित दिनों की विद्युत आपूर्ति उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से लेनी पड़ती है, जिसकी विद्युत दरें अन्य के मुकाबले ज्यादा है। ओपन एक्सेस प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं का बिल मैन्युअली बनाया जा रहा है जबकि सॉफ्टवेयर जेनरेटेड बिल मिलना चाहिए। इतना ही नहीं, विद्युत कनेक्शन लेने से ज्यादा दिक्कत विद्युत कनेक्शन के डिस्कनेक्ट करने में होती है। विद्युत विभाग अनावश्यक रूप से एक लंबी प्रक्रिया के बाद विद्युत विच्छेदन करता है। यह प्रक्रिया दो भागों में होता है। पहले भाग उपभोक्ता का मीटर अनइनस्टॉल्ड हो जाएगा, जबकि दूसरे भाग में परमानेंट डिस्कनेक्शन होगा। उपभोक्ता की छोटी सी लापरवाही वर्षों बाद उसे कनेक्शन के बड़े बिल के रूप में उसके सामने आती है।

उद्यमियों ने कहा कि पावर लूम उद्योग के विद्युत विच्छेदन तो विभाग कर ही नहीं रहा है, क्योंकि उनके बिलों में सब्सिडी का पार्ट, जो सरकार ने जमा करना है, वह नहीं जमा होने के कारण बिल का भुगतान अधूरा रह जाता है। नियम यह है कि बिना पूरा भुगतान किये विद्युत विच्छेदन नहीं होगा। इसके अतिरिक्त विद्युत के स्थाई विच्छेदन के बाद विद्युत विभाग उपभोक्ता की जमा सिक्योरिटी वापस करने में तमाम हीलाहवाली की जाती है। इतना ही नहीं, उद्योगों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति अभी भी एक सपना है। विद्युत विभाग लगातार होने वाली ट्रिपिंग के कारणों में ना जाकर सिर्फ फ्यूज बांधकर लाइन चालू कर देना ही इसका निराकरण समझता है। सोलर प्लांट लगाने की जागरूकता के कारण उद्योगों में लगातार सोलर प्लांट्स लग रहे हैं, परंतु उनकी बिलिंग में आ रही समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। सोलर बिलिंग सिस्टम को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करने की आवश्यकता है। इससे उद्यमियों में निराशा का भाव उत्पन्न हो रहा है।

उद्यमियों ने जीएसटी विभाग, बैंक, फैक्ट्री एक्ट, अग्निशमन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, भूजल विभाग, सांख्यिकी विभाग, ईएसआईसी तथा पीएफ विभाग, यूपीसीड़ा, पर्यटन आदि विभागों से संबंधित समस्याओं को भी रखा और इन मांगों से संबंधित पत्रक कमिश्नर को सौंपा। कमिश्नर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में उपायुक्त उद्योग उमेश सिंह के अलावा आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी, राजेश भाटिया, पंकज अग्रवाल, जगदीश झुंझुवाला, दीपक बजाज, अनुपम देवा, ओपी बदलानी, प्रशांत अग्रवाल, मनीष कटारिया, बालकृष्ण थरड, बृजेश यादव, राहुल मेहता, मोहन अग्रवाल, मनोज खंडेलवाल, यूआर सिंह, भरत अग्रवाल, सुरेश पटेल, अंजनी सिंह, महिपाल गुप्ता, नारायण कोठारी आदि थे।

### विद्युत विभाग की लापरवाही

**नया कनेक्शन लेने में नहीं पुराने कनेक्शन कटवाने में बेलने पड़ते हैं काफी पापड़**

**विभागीय कर्मचारियों की उदासीनता से उद्यमियों को नहीं मिल पा रहे कई लाभ**

**आईआईए ने कमिश्नर कौशल राज शर्मा के समक्ष रखी विभिन्न विभागों की दुश्वारियां**




### जरूरतमंद और असहाय को कंबल का किया वितरण

**पिंडरा।** इस वर्ष भी विभिन्न गांवों में ठंड में लाचार, असहाय और जरूरतमंद परिवारों को ठंड से बचान के लिए व्यापारियों, समाजसेवियों द्वारा ग्राम कीरतपुर व समोगरा में कैंप लगाकर दर्जनों लोगों को मंगलवार को कंबल वितरण किया गया। इस दौरान ऋषि गुप्ता, सतीश पटेल, रमेश विश्वकर्मा, राजकुमार गुप्ता राजू, दुर्गेश अग्रहरी, शिवम गुप्ता, अभिषेक अग्रहरी समेत अनेक व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# जागरूकता से ही खत्म होगी फाइलेरिया की बीमारी: कुलपति



**आयोजन**

**महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान**

**व मैड्स कम्युनिकेशंस के संयुक्त तत्वावधान में हुई कार्यशाला**

**वाराणसी।** महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ व मैड्स कम्युनिकेशंस, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित हुई। डा. भगवान दास केंद्रीय पुस्तकालय के समिति कक्ष में आयोजित 'स्वास्थ्य पत्रकारिता : लिम्फैटिक फाइलेरियासिस और विसेरल लीशमैनियासिस के संदर्भ में' विषयक कार्यशाला की अध्यक्षता काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने की। उन्होंने कहा कि अगर हम फाइलेरिया के प्रति जागरूक नहीं होंगे तो यह बीमारी खत्म नहीं होगी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया बीमारी पूरा जीवन नरक बना देती है। थोड़ी सी सावधानी से हम इससे बच सकते हैं।

कुलपति प्रो. त्यागी ने कहा कि सबसे बड़ा इलाज जानकारी है, जानकारी के अभाव में बीमारी ठीक नहीं हो सकती। जानकारी देने का सबसे बड़ा माध्यम पत्रकारिता है। उन्होंने पत्रकारिता के छात्रों से कहा कि जब एक पत्रकार कुछ बोलता या लिखता है तो वह बात लाखों-करोड़ों जनता तक पहुंचती है इसलिए पत्रकारों को जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य पत्रकारिता के माध्यम से जनता को जागरूक कर सकते हैं। भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था दुनिया में किसी से कमजोर नहीं है। इस समय स्वास्थ्य पर्यटन बड़ा सेक्टर उभर कर सामने आया है, जिस पर हमें जोर देने की आवश्यकता है। इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

संस्थान के निदेशक डा. नागेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो ग्रसित व्यक्ति को आम जीवन नहीं जीने देती। इस बीमारी को लेकर जनता में कई तरह की भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करना हमारी जिम्मेदारी है। बतौर पत्रकारिता शिक्षक व विद्यार्थी हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि हम लोगों को जागरूक करें। साथ ही इस बीमारी को जड़ से समाप्त करें।

मैड्स कम्युनिकेशंस की निदेशक शिवानी पांडेय ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी जीवन को जीने नहीं देती। ऐसी बीमारी से संबंधित कार्यशाला को जनसंचार के विद्यार्थियों के बीच करने का उद्देश्य जन सामान्य को सजगता दिलाना है।

भारत सरकार एवं डब्ल्यूएचओ द्वारा वितरित दवाइयां आम जनता को खिलाना और फाइलेरिया के प्रभाव से मुक्त कराना ही इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। कार्यशाला में फिरोज आलम ने वैश्विक स्वास्थ्य रणनीतियां, स्वास्थ्य संचार का महत्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में समुदायों में जागरूकता पैदा करने के बारे में जानकारी दी। सीएफएआर राजकुमारी दरियाना ने पत्रकारों द्वारा मानव हित और रोगी-केंद्रित कहानियों एवं रिपोर्टों के माध्यम से प्रभावी स्वास्थ्य संचार को आकार देने में निभाई जाने वाली भूमिका पर चर्चा की। पीसीआई रणपाल सिंह ने बताया कि किसी भी सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि छात्र और मीडिया के लोग कार्यक्रम को समर्थन दे सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे। डा. मनजीत सिंह चौधरी, क्षेत्रीय कार्यालय, डब्ल्यूएचओ,उत्तर प्रदेश में स्थानिक लिम्फैटिक फाइलेरियासिस या हाथीपांव और विसराल लीशमैनियासिस या कालाजार दोनों बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया।

इस मौके पर रिपोर्ट लेखन प्रतियोगिता में प्रगति पांडेय को प्रथम पुरस्कार, वैष्णवी सेठ को द्वितीय पुरस्कार एवं मुस्कान सिंह को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। संचालन शैलेश चौरसिया एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. नागेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. केके सिंह, डा. वशिष्ठ नारायण सिंह, डा. दयानंद, डा. संतोष कुमार मिश्र, डा. श्रीराम त्रिपाठी, डा. नागेंद्र पाठक, डा. प्रभाशंकर मिश्र, डा. रमेश सिंह, डा. विजय सिंह, डा. शिवजी सिंह, डा. जिनेश कुमार, डा. चंद्रशील पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### कुलगुरु प्रो. संजय कुमार बने कार्यवाहक कुलपति



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन का कार्यकाल सोमवार की शाम समाप्त हो गया। मंगलवार को प्रो. जैन ने विश्वविद्यालय के रेक्टर व कुलगुरु प्रो. संजय कुमार को कार्यभार सौंप दिया। साथ ही कार्यवाहक कुलपति को शुभकामनाएं भी दीं। नियमानुसार कुलपति का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद स्वतः ही रेक्टर को इस पद की जिम्मेदारी मिल जाती है। नए कुलपति का नाम तय हो गया है। नाम का खुलासा जल्द किया जाएगा। पिछले चार साल से बिना एग्जीक्यूटिव काउंसिल के चल रहे बीएचयू को कब तक उसका स्थाई कुलपति मिलेगा, मुख्य परिसर के लोगों का यही सबसे बड़ा सवाल है।

### अंग्रेजी विभाग में मिड टर्म परीक्षाएं 10 जनवरी से

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंग्रेजी विभाग में सभी मिड टर्म परीक्षाएं 10 जनवरी से शुरू होंगी। विभागाध्यक्ष डा. नीरज सोनकर ने बताया कि परीक्षाएं 16 जनवरी तक चलेंगी।

### समाजशास्त्र विभाग के पूर्व प्रो. वीपी सिंह को श्रद्धांजलि



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग के पूर्व प्रोफेसर वीपी सिंह के निधन पर मंगलवार को विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा की अध्यक्षता में शोक सभा हुई। प्रो. रेखा ने बताया कि प्रो. वीपी सिंह समाजशास्त्र विभाग में दिसंबर 1995 से जून 1999 तक विभागाध्यक्ष पद पर अपना योगदान दिया। समाजशास्त्रीय जगत में उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। शोक सभा में प्रो. भारती रस्तोगी, प्रो. टीबी सिंह, डा. सौम्या यादव, डॉ. राहुल गुप्ता, डॉ. जय प्रकाश यादव, डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा देवी, डॉ. संजय सोनकर, डॉ. चन्द्रशेखर, राजनाथ पाल, सतीश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### हिंदी विभाग की भित्ति-पत्रिका 'भाषाघर' का लोकार्पण

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के हिंदी और अन्य भारतीय भाषा विभाग द्वारा मंगलवार को शोध संवाद समूह की भित्ति-पत्रिका 'भाषाघर' का नौवां अंक प्रकाशित हुआ, जिसका लोकार्पण कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने किया। उन्होंने स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों की पत्रिका में सहभागिता की सराहना की एवं पत्रिका की गुणवत्ता की प्रशंसा की। पत्रिका का यह अंक समसामयिक मुद्दों पर केंद्रित है। मुख्य अतिथि प्रो. कविता त्यागी (मेरठ यूनिवर्सिटी) ने 'शोध में नवाचार' विषय पर अभिभाषण दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. राजमुनि ने नवीन विषयों पर शोध कार्य करने के लिए शोधार्थियों को प्रोत्साहित किया। संचालन डा. प्रीति और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अनुकूल चंद ने किया। इस अवसर पर प्रो. अनुराग, प्रो. निरंजन सहाय, प्रो. रामाश्रय सिंह, प्रो. अनुकूल चंद राय, डा. अविनाश सिंह, डा. विजय रंजन, डा. सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### महामृत्युंजय महादेव मंदिर पर असहायों को बांटा कम्बल



**वाराणसी।** काशी में भीषण ठंड से लोग जहां अपने घरो में दुपके पड़े हैं,वहीं ठिठुरन भरी गलन में सड़कों पर बैठे असहायों का कोई पुरसाहल नहीं है। इसको लेकर बलुआबीर वार्ड के पार्षद पति तुफैल अंसारी आगे आए और असहायों को राहत देने के लिए मंगलवार को महामृत्युंजय महादेव मंदिर के पास पहुंचे। उन्होंने मंदिर के आस -पास बैठे जहां 40 असहाय लोगों को कम्बल बाटा और ठिठुरन से बचाव के लिए नेक कार्य किया। इस दौरान कम्बल मिलने पर असहायों ने राहत की सांस ली और ईश्वर से पार्षद पति के लिए बरकत की दुआ किया।

### सक्षम मिश्रा बने ब्लैक बेल्ट



**वाराणसी।** वैष्णो नगर छित्तूपुर निवासी सक्षम मिश्रा पिछले दिनों नगर के एक लॉन में जापान शूटकॉन कराटे डू कन्निंजुकू आर्गनाइजेशन इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर ब्लैक बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमे देश के कोने-कोने से खिलाड़ियों ने ब्लैक बेल्ट परीक्षा में कड़ी मेहनत के साथ प्रतिभाग किया। इस ब्लैक बेल्ट परीक्षा को उत्तीर्ण कर सक्षम मिश्रा ने बनारस जिले का नाम रोशन किया। आर्गनाइजेशन के मुख्य प्रशिक्षक परमजीत सिंह, सूमा सिंह व कोच अरविंद कुमार यादव की कड़ी मेहनत से सक्षम ने यह मुकाम हासिल किया है।

### नमो घाट के किनारे मृत पड़ा पशु, बदबू से परेशान हो रहे पर्यटक



**वाराणसी।** नमों घाट गंगा किनारे कई दिनों से पशु मृत पड़ा हुआ है। जिसके कारण पूरे क्षेत्र में बदबू होने से वातावरण प्रदूषित हो गया है। वहीं घाट पर आने वाले पर्यटकों को भी काफी परेशानी हो रही है। नमो घाट के निर्माण में शासन ने करोड़ों रुपये खर्च किया और कार्यदायी संस्था ने सुंदरीकरण किए जाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य किए जाने का दावा भी किया लेकिन उसकी देखभाल में इन दिनों लापरवाही बरती जा रही है। जेडी के पास गंगा किनारे कई दिनों से पशु मरा पड़ा है और विभाग को कुछ अता-पता ही नहीं है। इसको लेकर स्मार्ट सिटी के जनसंम्पर्क अधिकारी शाकंम्भरी से जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जल्द ही इसका निस्तारण करा दिया जाएगा। जिससे पर्यटकों को कोई शिकायत और परेशानी न हो सके लेकिन इस समस्या पर नगर निगम को भी ध्यान देना चाहिए।

### काशी में पहली बार होगा दिव्यांग क्रिकेट का महाकुंभ

**वाराणसी।** पहली बार दिव्यांग क्रिकेट का महाकुंभ काशी में होगा। पूरे देश से 1000 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से टी-10 दिव्यांग प्रीमियर लीग (डीपीएल) सिगरा के डा. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में खेली जाएगी। प्रतियोगिता आईपीएल की तर्ज पर होगी। ऑल इंडिया दिव्यांग एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम ओझा ने बताया कि एक राज्य से चार टीमें प्रतियोगिता में खेलेंगी। तीन दिवसीय प्रतियोगिता 16 से 18 फरवरी तक होगी। यूपी टीम ने अभ्यास शुरू कर दिया है। टीमों का आगमन 15 फरवरी से शुरू होगा। खिलाड़ियों को अलग-अलग होटल में ठहराया जाएगा। बताया कि ओलंपिक में दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से दिखा दिया है कि वह सामान्य खिलाड़ियों की तरह ही देश का मान बढ़ा सकते हैं। प्रतियोगिता के मद्देनर आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों ने स्टेडियम का निरीक्षण भी किया।

# विद्यापीठ में तीन महीने में पूरा नहीं हो सका दाखिला

**प्रवेश**

**यूजी, पीजी में अक्टूबर से चल रही काउंसिलिंग, कई पाठ्यक्रमों में सीटें खाली**




**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 2024-25 में दाखिले के लिए काउंसलिंग तीन महीने से चल रही है, लेकिन अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। लिहाजा सत्र संचालन की व्यवस्था अभी भी पूरी तरह से पटरी पर नहीं आ सकी है। यूजी, पीजी के कई पाठ्यक्रमों की सीटें अब भी खाली हैं। लिहाजा विश्वविद्यालय की ओर से पूल काउंसलिंग का सहारा लिया जा रहा है।

विश्वविद्यालय में यूजी, पीजी में 65 में से 35 पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए मानक से कम आवेदन आने पर मेरिट से दाखिले का निर्णय लिया गया था। 30 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा हुई थी। अक्टूबर के पहले सप्ताह से ही काउंसिलिंग की प्रक्रिया चल रही है। प्रवेश सेल की ओर से पाठ्यक्रमवार अभ्यर्थियों की सूची जारी कर विभाग, संकायों में काउंसिलिंग कराई गई लेकिन तीन महीने बाद भी सीटें खाली हैं। संकायों, विभागों की कक्षाओं से लेकर पुस्तकालय सहित अन्य जगहों पर चहल-पहल नहीं दिख रही है।

सात पाठ्यक्रमों में कराई गई पूल काउंसिलिंग

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रशासन की ओर से बीए एलएलबी, मास कम्यूनिकेशन समेत आठ पाठ्यक्रमों में मंगलवार को पूल काउंसिलिंग कराई गई। इसमें पीजी के चार पाठ्यक्रम हैं। एमए समाजशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान के साथ ही बीए मास कम्यूनिकेशन, बीम्यूज, बीएएलएलबी, बीसीए में खाली सीटों पर काउंसिलिंग के साथ ही प्रमाणपत्रों का सत्यापन भी होगा। कुलसचिव डा. सुनीता पांडेय बताया कि काउंसिलिंग के बाद सभी अर्ह अभ्यर्थियों को फीस जमा करने के लिए पंजीकृत मोबाइल नंबर पर जानकारी दी जाएगी।

## काशी विद्यापीठ में दस जनवरी से भरा जाएगा आवेदन पत्र

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24 स्नातक (बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एस-सी.) तृतीय वर्ष एवं बी.एफ.ए., बी.म्यूज. व बी.ए?. मास कम्यूनिकेशन द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की भूतपूर्व/बैक पेपर/अंक सुधार/श्रेणी सुधार की परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन 10 जनवरी से भरा जायेगा। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि उक्त आवेदन पत्र 20 जनवरी तक भरे जायेंगे।

## बीएफए व बीए पाठ्यक्रम की पूल काउंसलिंग आज और कल

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में बीएफए व बीए पाठ्यक्रम में रिक्त सीट के सापेक्ष पूल काउंसलिंग क्रमशः आठ व नौ जनवरी को होगी। कार्यवाहक कुलसचिव दीप्ति मिश्रा ने बताया कि काउंसिलिंग के बाद अर्ह अभ्यर्थियों को फीस जमा करने के लिए पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सूचना दी जायेगी। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों में फीस जमा नहीं करता है तो उसे दोबारा मौका नहीं दिया जायेगा। प्रमाण-पत्रों का भौतिक सत्यापन संबंधित विभाग में होगा।

# आईआईटी में टेक्नेक्स-2025 का आयोजन 28 फरवरी से

**आयोजन**

**असीम ब्रह्मांड से लेकर सबसे छोटे पिक्सल तकः टेक्नेक्स 2025 के थीम के उद्घाटन के साथ तैयारियां शुरू**



**वाराणसी।** आईआईटी, बीएचयू के प्रतिष्ठित टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्टिवल टेक्नेक्स के 86वें संस्करण की आधिकारिक शुरूआत गत दिनों राजपुताना ग्राउंड पर इसकी थीम 'वर्ल्ड ऑफ पिक्सल्स' के भव्य उद्घाटन के साथ हुई। 'यत् पिंडे तत् ब्रह्मांडे'- 'जो कुछ भी सूक्ष्म जगत में है, वह ब्रह्मांड में भी है' - यह उक्ति इस वर्ष की थीम के साथ गहरे तरीके से जुड़ी हुई है, जो दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाती है। पिछले वर्ष के असीम ब्रह्मांड की खोज से अब हम उस सबसे छोटे, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण निर्माण तत्व - पिक्सल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

टेक्नेक्स के कन्वीनर केशव महेश्वरी ने जानकारी दी कि टेक्नेक्स 2025 इस वर्ष 28 फरवरी से दो मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जो 'वर्ल्ड ऑफ पिक्सल्स' में एक संपूर्ण यात्रा प्रदान करेगा, जहां प्रौद्योगिकी, कला और नवाचार मिलते हैं। इस वर्ष प्रतिभागी यह जानेंगे कि डिजिटल निर्माण के सबसे छोटे तत्व भविष्य की तकनीकी और डिजाइन की दिशा को कैसे आकार दे रहे हैं। इस थीम के उद्घाटन कार्यक्रम में छात्र मामलों के डीन डा. राजेश कुमार, छात्र मामलों की सहायक डीन डा. मेधा झा, टेक्नेक्स और एसएनटीसी काउंसलर डा. संजय कुमार और अन्य प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एसएनटीसी) के आठ घटक क्लबों और मॉडल प्रदर्शनी टीम द्वारा प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें स्वायत्त रोबोट्स, सतत समाधान और उन्नत कोडिंग प्रणालियों जैसी अत्याधुनिक नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। टेक्नेक्स 2025 के आयोजन में भाग लेने वाले क्लबों में द क्वांट क्लब-मैट्रिक्स मैनिया, क्लब ऑफ प्रोग्रामर्स (सीओपीएस)-बाइट एंड बिट्स, रोबोटिक्स क्लब-रोबोनेक्स, बिजनेस क्लब-रिकोएजा, क्लब ऑफ सस्टेनेबिलिटी एंड इनोवेशन- इनोरेव, एरोमॉडलिंग क्लब-एस्केंशन, सोसाइटी ऑफ ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग (एसएइ)-एक्सट्रीम इंजीनियरिंग, एस्ट्रोनॉमी क्लब-सुपरनोवा व मॉडल एक्सहिबिशन टीम-मोडेक्स शामिल हैं।

# मेहनती व सक्रिय कार्यकर्ता को सौंपी जाएगी वार्ड व बूथ की जिम्मेदारी

**निर्णय**

**समाजवादी पार्टी जिला व महानगर इकाई की मासिक बैठक सम्पन्न**




**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी जिला व महानगर इकाई की संयुक्त मासिक बैठक अर्दली बाजार स्थित पार्टी कार्यालय में मंगलवार को हुई। बैठक में निर्णय लिय गया कि मेहनती और सक्रिय कार्यकर्ता को वार्ड और बूथ की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

बैठक में विधानसभावार हर बूथ पर एक-एक बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति, पार्टी के नेताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं, पुलिस प्रशासन द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न एवं पिछले महीने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नए नामों को जोड़ने और हटाने संबंधी कार्यों की समीक्षा की। जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ने बताया कि जिले की बूथ कमेटी को पहले से बेहतर बनाया जाएगा। आगामी 27 जनवरी से विधानसभावार गांव-गांव, चट्टी-चौराहों पर पीडीए चर्चा एवं चौपाल का आयोजन किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष दिलीप डे ने कहा कि महानगर में जितने भी निष्क्रिय वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारी हैं। उनकी समीक्षा कर नए और मेहनती लोगों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। पीडीए पार्टी की ताकत है। पीडीए की एकता और मजबूती को देखकर भाजपा डर गई है। इसलिए वह नए-नए सांप्रदायिक षड्यंत्र रच रही है। स्नातक एमएलसी आशुतोष सिंहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान, लोकतंत्र बचाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है। परिवर्तन की राजनीति करती है और समाज के आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए काम कर रही है। बैठक का संचालन करते हुए प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने बताया कि राजनीति में अनुशासन और प्रतिबद्धता जरूरी है। सपा के लोग सामाजिक समरसता के साथ संगठन को मजबूत करने को तत्पर हैं। बैठक में महानगर महासचिव योगेंद्र यादव, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह पटेल, डॉ. उमाशंकर यादव, किशन दीक्षित, राधाकृष्ण उर्फ संजय यादव, अशफाक अहमद डब्लू, पूजा यादव, उमेश प्रधान, इस्तकबाल कुरैशी, मनीष सिंह, डॉ. दिलशाद अहमद, उमाकांत त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, आनंद सिंह, रामसिंह यादव, सुभाष राजभर, हरीश नारायण सिंह, सत्यप्रकाश सोनकर सोनू, शशि यादव, डॉ. संजय सोनकर, लालमन राजभर आदि थे।

# मैरिज लॉन संचालकों ने अपर जिलाधिकारी को सौंपा पत्रक



**वाराणसी।** मैरेज लॉन संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल को पत्रक सौंपा और कहा कि वीडीए व प्रशासनिक अधिकारी लगातार लॉन संचालकों को नोटिस भेज कर कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं। लॉन संचालकों का कहना रहा कि लग्न का मौसम नजदीक है और सभी लॉन संचालक बुकिंग कर तैयारियों में जुटे हैं। यह कार्य साल में महज 25 से 30 दिन होता है और 100 से 150 लोगों को रोजगार मिल जाता है। बाजवूद इसके लॉन संचालकों को सराय एक्ट के तहत पंजीकरण के लिए नोटिस भेजा जा रहा है। जबकि सराय एक्ट नियम वहां लागू होता है, जहां यात्री आकर एक-दो दिन ठहरते है। लॉन संचालक अस्थायी तौर पर वैवाहिक कार्यक्रम कराते हैं। जहां पर लोग तीन-चार घंटे में लंच/डिनर कर वापस चले जाते हैं। अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल ने आयुक्त, जिलाधिकारी एवं शासन स्तर पर इस बारे में वार्ता करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में वाराणसी मैरिज लॉन व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल सिंह पटेल, उपाध्यक्ष मृत्युंजय सोनकर, बबलू मिश्रा, नरेंद्र सोनकर, अयाज अंसार, कृष्ण अग्रवाल, बबलू पांडेय, गुड्डू पटेल, सदानंद पटेल आदि शामिल रहे।

# समितियों का गठन कर बनाए गए समन्वयक

**बैठक**

**कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में हुई आईक्यूएसी की बैठक**



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में मंगलवार को आईक्यूएसी की त्रैमासिक बैठक हुई। आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. नंदिनी सिंह ने बताया कि बैठक में विभागों में डीक्यूएसी के गठन, एनआईआरएफ एवं एक्यूएआर संबंधी डेटा आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इसे दृष्टिगत रखते हुऐ आईक्यूएसी द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर अकादमिक एवं प्रशासनिक उन्नयन के लिए कई समितियों का गठन किया गया।

स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सचिव नीरज पारीख के आह्वान पर उद्योग सहयोग समिति का गठन किया गया है, जिसके समन्वयक प्रो. आनंद शंकर चौधरी बनाए गए। एनीमिया मुक्त भारत की ब्रांड एंबेसडर शिप्रा धर के आह्वान पर विश्वविद्यालय को एनीमिया मुक्त कैंपस बनाने के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसके समन्वयक डा. अंबरीश राय बनाए गए। रूसा के निदेशक के साथ समन्वय स्थापित कर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के क्षमता विकास के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसके समन्वयक डा. दुर्गेश कुमार उपाध्याय बनाए गए। इसके अतिरिक्त डा. नीरज धनकड़ के समन्वयन में वार्षिक पंचांग निर्माण समिति, डा. प्रतिभा सिंह के समन्वयन में वार्षिक संवाद पत्र निर्माण समिति, डा. किरण सिंह के समन्वयन में वित्तीय/न्यायिक/साइबर जागरूकता इत्यादि कार्यक्रम समिति तथा प्रो. अंकिता गुप्ता के समन्वयन में वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन आख्या समिति (डॉ. दुर्गेश कुमार उपाध्याय) का गठन किया गया है। ये समितियां अपने कार्यों के माध्यम से विश्वविद्यालय में गुणवत्ता उन्नयन के लिए कार्य करेंगी। बैठक में सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक एवं अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# बीएचयू : नेत्र संस्थान की ओपीडी व स्पेशलिटी क्लिनिक के दिन में बदलाव

**वाराणसी।** सर सुंदरलाल अस्पताल के क्षेत्रीय नेत्र संस्थान में दो नये फैकल्टी के ज्वाईन करने पर ओपीडी व स्पेशलिटी क्लिनिक के दिन मे परिवर्तन किया गया है। जनरल आई ओपीडी में प्रत्येक सोमवार को आरआईओ चीफ प्रो.वीपी सिंह, प्रत्येक मंगलवार को प्रो.प्रशांत भूषण, प्रत्येक बुधवार को प्रो.दीपक मिश्रा, प्रत्येक शुक्रवार विभागाध्यक्ष प्रो. आरपी मौर्य व प्रत्येक शनिवार को प्रो.आलोक कुमार बैठेंगे। महीने के प्रथम गुरुवार को प्रो.वीपी सिंह व डा.संजय कुमार बोशाक, दूसरे गुरुवार को प्रो आरपी मौर्य तथा डा. विशाल यादव, तीसरे गुरुवार को प्रो. प्रशांत भूषण व डा. संजय बोशाक, चौथे गुरुवार को प्रो. दीपक मिश्रा व डा. विशाल यादव तथा पांचवें गुरुवार को प्रो. आरपी मौर्य तथा डा. संजय बोशाक मरीज देखेंगे।

वहीं प्रथम तल पर चलने वाली स्पेशलिटी क्लीनिक में प्रत्येक सोमवार को - ग्लूकोमा क्लिनिक प्रो. दीपक मिश्रा द्वारा, प्रत्येक मंगलवार को पीडियाट्रिक ऑफ़्थैल्मोलॉजी डा. संजय बोशाक तथा कॉर्निया व कॉन्टेक्ट लेंस क्लिनिक विशाल यादव द्वारा चलाया जायेगा प्रत्येक बुधवार को विभागाध्यक्ष प्रो.आरपी मौर्य द्वारा नेत्र कैंसर व आकुलोप्लास्टिक क्लिनिक चलाया जायेगा। प्रत्येक गुरुवार को डा. आलोक द्वारा रेटिना क्लिनिक, प्रत्येक शुक्रवार को प्रो. वीपी सिंह स्वीन्ट (भेंगापन) व न्यूरोऑफ़्थैल्मोलॉजी क्लिनिक चलेगा तथा शनिवार को प्रो. प्रशांत भूषण द्वारा के यूविया एवं लोविजन क्लिनिक का संचालन किया जायेगा।

# मृदभांडों की प्राचीनता पर किया गया विमर्श



**वाराणसी।** राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय में मंगलवार को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित शोध परियोजना 'काशी की मृत्तिकाकलाः अतीत, वर्तमान एवं भविष्य' के अंतर्गत मृदभांडों के पुरातात्त्विक, नृजातीय एवं वैज्ञानिक परिशीलन विषय पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या प्रो. अलका सिंह ने राजघाट क्षेत्र की प्राचीनता व इसके संग्रहालय की चर्चा की तथा अथितियों का स्वागत किया। सत्र समन्वयक प्रो. विदुला जायसवाल (भूतपूर्व विभाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय कला, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग, कला संकाय, बीएचयू) ने कार्यशाला की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए मृदभांडों की प्राचीनता व उससे प्राप्त वर्तमान परिणामों की चर्चा करते हुए उसके प्रयोगों की चर्चा की। मुख्यातिथि प्रो. के. कृष्णन (भूतपूर्व संकायाध्यक्ष, कला संकाय एवं पुरातत्त्वविद्, महाराज सयाजीराव गायकवाड़ विश्वविद्यालय, बड़ौदा) ने मृत्तिका पात्रों के वैज्ञानिक अध्ययन की सूक्ष्मता व उसका विवरणात्मक परिचय दिया। विशिष्ट अतिथि डाक्टर वीएन प्रभाकर, (एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी गांधीनगर) ने मृदभांडों के वर्गीकरण को समझाते हुए क्रियाकलापों के माध्यम से उन्हें पहचानने एवं विवरण जानने के तरीके भी स्पष्ट किए । शोध परियोजना निदेशक डाक्टर राजीव जायसवाल ने मृदभांडों के चित्रांकन का अभ्यास प्रतिभागियों को करवाया एवं उपनिदेशक डाक्टर बृहस्पति भट्टाचार्य ने शोधपरियोजना के उद्देश्य को स्पष्ट किया।

कार्यशाला का संचालन सुश्री नयनसी प्रिया ने व धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर अंबुज कुमार सिंह ने किया। कार्यशाला में महंथ प्रो. रवींद्रनाथ महन्त, प्रो. परवीन सुल्ताना, प्रो. मंजरी झुनझुनवाला, प्रो. सौरभ सिंह, डा.राजेश चौरसिया, डा. महेश मीणा, डा. शिखा राय, डा. विशाल सिंह, डा. तूबा मसूद, श्रेया सिन्हा, पवन सिंह सहित पचास प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# गैंग लीडर की लगभग 1.51 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

### धारा 14(1) गैंगस्टर ऐक्ट में किया गया कुर्क

### मुख्तार अंसारी गिरोह (आईएस 191) का निकट सहयोगी है अफजल अहमद व अमजद



**मऊ।** पुलिस प्रशासन द्वारा संगठित अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिणटोला व कोतवाली पुलिस, थाना मरदह जनपद गाजीपुर व राजस्व टीम द्वारा मुख्तार अंसारी गिरोह (आईएस 191) का निकट सहयोगी शातिर अभियुक्त अफजल अहमद पुत्र इरफान खान निवासी नेवादा पठानपुरा थाना मरदह जनपद गाजीपुर व इसका भाई गैंग का सक्रिय सदस्य अमजद पुत्र इरफान निवासी नेवादा पठानपुरा थाना मरदह जनपद गाजीपुर जिसके विरुद्ध थाना कोतवाली मऊ में मु0अ0सं0 258/24 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत है। उक्त अभियुक्त अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिये अपराध जगत से अर्जित धन से अपने पिता इरफान पुत्र स्व0 जकी खान निवासी नेवादा पठानपुरा थाना मरदह जनपद गाजीपुर के नाम से मौजा नेवादा पठानपुरा तहसील कासिमाबाद जनपद गाजीपुर में जमीन अराजी नं0 1646 रकबा 0.1260 हे0 के पूर्ण रकबे पर, अराजी नं0 1645 रकबा 0.0410 हे0 के आंशिक भाग पर एवं अराजी नं0 1653 रकबा 0.0760 हे0 के आंशिक भाग पर आलीशान भवन निर्मित है, जिसकी अनुमानित कीमत 01 करोड़ 51 लाख 05 हजार 702 रुपये है। अभियुक्त अफजल अहमद एवं उसके भाई अमजद तथा उसके पिता के पास आय का ऐसा कोई वैध स्रोत नही है जिससे उक्त बेशकीमती भूखण्ड को क्रय किया जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा 19 दिसम्बर को उक्त भूखण्डों को कुर्क करने की संस्तुति दी गयी, जिसके क्रम में जिलाधिकारी मऊ द्वारा दिनांक 30.12.2024 को धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत उक्त भूखण्ड को कुर्क किये जाने का आदेश पारित किया गया, जिसके क्रम में मंगलवार को थाना दक्षिणटोला, कोतवाली पुलिस, थाना मरदह जनपद गाजीपुर व राजस्व टीम द्वारा उक्त भूखण्ड को कुर्क किया गया।

# किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के रूप में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य : उप कृषि निदेशक

**पहल**

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए जरूरी

**मऊ।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कृषकों को प्रदान की जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के रूप में आनलाइन पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।

नये वर्ष 2025 में भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीकरण न कराने वाले कृषकों को अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलेगा। जनपद मऊ के कृषकों से यह अपील की जाती है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसान क्रेडिट कार्ड, तथा अन्य लोककल्याणकारी शासकीय योजनाओं इत्यादि का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी जन सेवा केन्द्र पर जाकर यथाशीघ्र अपना पंजीकरण करा ले। अपने ग्राम पंचायत भवन पर सम्बन्धित पंचायत सहायक, लेखपाल तथा कृषि विभाग के कर्मचारी के माध्यम से अपना पंजीकरण कराया जा सकता है। कृषको द्वारा भारत सरकार के पोर्टल पर स्वयं लागइन करके भी अपना पंजीकरण करने की सुविधा है। जनपद के सभी जनसेवा केन्द्रों को निर्देश दिये गये है कि यदि कोई कृषक पंजीकरण हेतु आते है तो उनका पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये।

इसके अतिरिक्त इस कार्य में लगाये गये पंचायत सहायक, लेखपाल, कृषि विभाग के कर्मचारियों को भी कड़े निर्देश दिये गये है कि किसानों के पंजीकरण में किसी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# श्रमिकों के बच्चों के सुनहरे भविष्य का मौका

**गुड न्यूज**

### नवोदय विद्यालय की तर्ज पर अटल आवासीय विद्यालय में मिलेगी शिक्षा

**मऊ।** सहायक श्रमायुक्त प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदेश के सभी मण्डलों में नवोदय विद्यालय की तर्ज पर अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना की जा रही है, जिसका संचालन श्रम विभाग द्वारा किया जायेगा।

ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनका पंजीकरण निर्माण श्रमिक के रूप में विगत 3 वर्षों से रहा हो एवं उनके पुत्र या पुत्री कक्षा 6 जिनकी उम्र 09 से 11 तथा वर्ष कक्षा 9 जिनकी उम्र 12 से 14 वर्ष के बीच हो पात्र होगें। इस क्रम में आजमगढ़ मण्डल में सदर तहसील, आजमगढ़ में गंम्भीरवन (निकट पीजीआई) में इस आवासीय विद्यालय की स्थापना की गयी है। पात्र निर्माण श्रमिक के बच्चे इस विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 31 जनवरी 2025 तक कर सकते हैं। मण्डल के सभी तीनों जनपदों के बच्चें उक्त विद्यालय में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं, उन्होंने बताया कि बच्चे कम से कम कक्षा 5 एवं कक्षा 8 उत्तीर्ण कर ली हो। प्रवेश परीक्षा हेतु 19 फरवरी 2025 निर्धारित किया गया है। जिसके बाद कुल 280 बच्चों को विद्यालय में दाखिला प्रदान किया जायेगा। इस विद्यालय का संचालन ब्ठैम् पैटर्न पर होगा और विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय होगा। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के अलावा कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चे एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र बच्चे भी विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते है।

## चोरी की पायल के साथ एक गिरफ्तार

**दोहरीघाट, मऊ।** थाना क्षेत्र में पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ और पुलिस अधीक्षक मऊ के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक मऊ तथा क्षेत्राधिकारी घोसी के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने सोमवार की देर शाम एक महिला अभियुक्त को एक जोड़ी चोरी की पायल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा संख्या 04/24 धारा 316(2)/318(4)/317(2) बीएनएस एक जोड़ी पायल चोरी का दर्ज किया गया था। जिसके बरामदगी के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने इसका सफल पदार्फाश करते हुए चोरी के पायल के साथ एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।
गिरफ्तार महिला की पहचान आजमगढ़ जनपद के थाना अतरौलिया के पुरखीपुर निवासी मुनिता के रूप में हुई। पुलिस ने गिरफ्तार महिला को संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लाने के लिए राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत ने डीएम को सौंपा ज्ञापन




**मऊ।** लोकतंत्र का चैथा स्तम्भ इस देश के भीतर बेचारा बनकर रह गया है। सच्ची खबरों के प्रकाशन का लगातार खामियाजा भुगत रहा है, पत्रकार समाज इस कदर भयाक्रांत है की उसकी कलम सिसक सिसक कर दम तोड रही है। सच लिखने पर दर्जनों पत्रकारों की हत्या हो चुकी है। अभी ताजा खबर छत्तीसगढ़ के पत्रकार की है जिसकी हत्या अपहरण कर कर दिया गया प्रशासन मौन है आखिर क्यों। इस देश का सबसे बड़ा पत्रकारो का संगठन राष्टीय पत्रकार संघ भारत आप से अनुरोध करता है कि पत्रकार हितों की सुरक्षा को देखते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून अविलम्ब पूरे देश में लागू किया जाय ताकी लोकतंत्र की रक्षा हो सके। पत्रकारों के हित की सुरक्षा के लिए आज राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत मऊ कार्यकारिणी की टीम ने राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मुकेश चंद्राकर की हत्यारा को फांसी दिया जाए तथा उनके परिवार को 5 करोड़ तथा उनके परिवार में किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए नहीं तो केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार इस पर ध्यान नहीं देगी तो आए दिन पत्रकारों का हत्या होता रहेगा इस ज्ञापन में मौजूद रहे लोग इस प्रकार हैं। जिलाध्यक्ष दीवान चंद गौतम, रामसूरत राजभर, कमलेश पाल, राधा कृष्ण, धर्मेंद्र कुमार, विजय जायसवाल, मनोज कुमार, अरविंद कुमार, कमलेश कुमार, अमन कुमार, अशोक पटवा, श्याम राजभर, अजय, कोमल प्रसाद, शिवलाल, रजत, जयंत प्रताप, वशिष्ठ कुमार राजभर, रविंद्र दास, संतोष यादव, चंदन, कमलेश, कैलाश चंद्र आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड व कोहरे से आमजन हो रहे बेहाल



कोहरे के बीच गंतव्य को जाते लोग




कड़ाके की ठंड एवं कोहरे के बीच चाय पीते पुलिस कर्मी

**मौसम की मार**

### जगह-जगह अलाव जलाकर सर्दी से राहत लेते दिखे लोग

**बलिया।** जिले में कड़ाके की ठंड एवं कोहरे से लोग बेहाल है। गलन भरी ठंड ने लोगों को कंपकपाने पर मजबूर कर दिया है। लोग अलाव का सहारा ले रहे है। वहीं, कोहरे से 10 मीटर दूर की चीजें भी नहीं दिखायी दे रही है। मंगलवार को दिन भर सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आये। पूरे दिन धूप नहीं निकली। हालांकि अधिकतम तापमान 15 एवं न्यूनतम तापमान 8.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन के इंतजार में यात्री गर्म कपड़ों से ढके हुए नजर आये। मंगलवार को सुबह कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई और चालक लाइट जलाकर निकले। दोपहर बाद कोहरे हटा, लेकिन ठंडी हवा के कारण लोग कांपते नजर आए। ठंड के चलते दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे आ जा रहा है। ठंड का प्रकोप बाजार क्षेत्र में भी दिखा। बाजार में दिन के समय भी लोगों की भीड़-भाड़ कम देखी गई। लोग जरूरी कार्य से ही बाहर निकल रहे हैं। शाम होते ही घरों में दुबक गए। ठंड में सबसे अधिक परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। शुगर एवं बीपी के मरीज सुबह टहलने से परहेज करने लगे हैं। आग जलाकर लोग ठंड से बचाव करते नजर आए। तमाम जगहों पर अलाव न होने से सड़क पर रहने वाले लोगों और मजदूर वर्ग को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ठंड का इतना असर रहा कि अंधेरा होते ही बाजार बंद हो गए। अस्पताल में निमोनिया और कोल्ड डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। निमोनिया में शिशुओं को बुखार, खांसी, सीने में जकड़न, सांस लेने में तकलीफ होना, सांस तेज गति से चलना, हांफना आदि प्रमुख लक्षण है, जबकि कोल्ड डायरिया में शिशुओं को बुखार, दस्त उल्टी, पेट में दर्द एवं निर्जलीकरण होना प्रमुख लक्षण है। वहीं, चिकित्सकों का कहना है कि ठंड के मौसम में बच्चों का खास ख्याल रखना चाहिए।

## भाजपा की सोच से कमजोर हो रहा देशः सनातन पांडेय

**बलिया।** सपा की मासिक बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय पर हुई। इसमें मतदाता सूची पर व्यापक चर्चा की गई। सांसद सनातन पांडेय ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष और सेक्टर अध्यक्ष अपने-अपने निर्धारित स्थान पर मतदाता सूची को हर समय दुरुस्त करने में बीएलओ के संपर्क में रहे। भाजपा को लोकतंत्र को कमजोर करने और जनता का वोट लूटने में महारथ हासिल है। धार्मिक उन्माद फैला कर समाज को बांटने वाली भाजपा की सोच से देश कमजोर हो रहा है। भाजपा से सिर्फ सपा ही लड़ रही हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की आंखों में धूल झोंक रही है। सरकारी खजाने से विज्ञापन छपवा कर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। विकास और रोजगार को दरकिनार कर भाजपा समाज को खंडित करने और धार्मिक वैमनस्यता फैला कर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। पीडीए एकता भाजपा को सत्ता से दूर करेगी। मौके पर विधायक जयप्रकाश अंचल, सुशील कुमार पाण्डेय कान्हजी, चंद्रशेखर, रामजी गुप्ता, राजन, शशिकांत, संतोष राम, कामेश्वर, मदन, श्रीभगवान, सोएबुल इस्लाम, रोहित, जलालुद्दीन जेडी, प्रवीण, राजेंद्र, जमाल आलम, प्रभुनाथ, देवी दत्त, बलजीत, जमाल आलम, प्रमोद, मुन्नीलाल, बच्चा लाल फौजी, विश्वनाथ, रविंद्र, अजय, जयप्रकाश, गुरुज लाल राजभर, रामनाथ, राजेश, बबलू अंसारी, अरुण, अजीत, सर्वजीत, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे। संचालन बीरबल राम ने किया।

# नगर की प्रमुख सड़कों पर खड़े मौत के खंभे!



**सिकंदरपुर।** शहर की प्रमुख सड़कों पर मौत के खंभे खड़े हैं। बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग और नगर पंचायत के अफसरों की यह अनदेखी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ठंड और कोहरे के मौसम में इन विद्युत खंभों की वजह से खतरे की आशंका और बढ़ गई है। कई स्थानों पर सड़क पर खड़े बिजली के खंभों से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने और सुगत यातायात के लिए कई प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण किया गया है। इस दौरान सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे सड़क के भीतर आ गए। सड़क चौड़ीकरण के समय लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग के अफसरों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। नगर पंचायत के अफसर भी लापरवाह बने रहे। तीनों विभागों के बीच समन्वय न होने के कारण अब इस समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। नगर पंचायत सिकंदरपुर चौराहे से जलालीपुर की तरफ जाने वाली सड़क पर खड़ा बिजली का खंभा कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकता है। यह जानलेवा बना हुआ है। दिनभर इस मार्ग पर वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। तेज रफ्तार में आने वाले वाहन यहां कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इस सड़क पर हमेशा लोगों का आवागमन बना रहता है। इससे हमेशा लोग दुर्घटना की आशंका से भयभीत रहते हैं। इस सड़क से दर्जनों गांवों के लोग सिकंदरपुर सहित अन्य जगहों पर जाने के लिए आते है। लोक निर्माण विभाग के अफसरों का दावा है कि सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान खंभों की शिफ्टिंग के लिए बिजली विभाग को पत्र लिखा गया था, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। उधर, बिजली विभाग के अफसरों का कहना है कि खंभा शिफ्टिंग का कार्य बिजली विभाग की तरफ से किया जाता है, लेकिन इसके लिए सड़कों का चौड़ीकरण करने वाली कार्यदायी संस्था की तरफ से धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। नगर पंचायत सिकंदरपुर के अफसर सड़कों से खंभा शिफ्टिंग को लेकर किसी भी तरह की जानकारी होने से ही इनकार कर रहे हैं।

## हरशु बाबा मंदिर मार्ग को ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे द्वारा अवरुद्ध किये जाने से भक्तों में आक्रोश

**मझौवां (बलिया)।** क्षेत्र के अति प्रसिद्ध एवं प्राचीन चार मौजा के सिवान पर स्थित हरसु ब्रह्म बाबा स्थान पर जाने वाला रास्ता तत्काल में बना रहे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के द्वारा अवरुद्ध कर दिए जाने से बाबा के मंदिर पर जाने आने वाले भक्तों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे भक्तों में आक्रोश व्याप्त है। ग्राम पंचायत दया छपरा के मनोज कुशवाहा, दिनेश वर्मा, दलपतपुर के विजय कुमार तिवारी, चकिया के विजेंद्र सिंह, सुनील शरण पांडे सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी बैरिया से लगायत जिलाधिकारी बलिया को लिखित प्रतिवेदन देकर हरशु ब्रह्मा बाबा स्थान पर आने जाने वालों के लिए अंडरपास रास्ता बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने अपने लिखित प्रतिवेदन में बताया कि हरशु ब्रह्म बाबा का स्थान चार मौजा की सीवान पर स्थित है। बाबा की ख्याती उत्तर प्रदेश सहित बिहार के कई जनपदों में फैली हुई है। जहां दूर-दूर से बाबा के भक्त जन दर्शन, पूजन, अर्चन, के लिए आते हैं। अब तक दया छपरा मधुबनी मार्ग से बाबा के स्थान पर जाने के लिए खड़ंजा चक रोड का ग्राम पंचायत के द्वारा निर्माण कराया गया था, जिसे तत्काल में बन रहे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के द्वारा बीच से अवरुद्ध कर दिए जाने से बाबा के स्थान पर जाने के लिए कोई रास्ता ही नहीं बचा। ग्रामीणों ने भक्तों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे में अंडरपास रास्ता बाबा के स्थान पर जाने के लिए बनाने की मांग की है। बाबा के स्थान बट वृक्ष के नीचे बाबा का मंदिर बना हुआ है। साथ ही तत्कालीन सांसद भारत सिंह के द्वारा दो रैन बसेरे का भी निर्माण कराया गया है। बाबा की ख्याती इसी से प्रसिद्ध होती है कि वट वृक्ष कि डाली तो हर जगह कहीं भी लग जाती है पर पीपल वृक्ष कहीं नहीं लगता जबकि बाबा के स्थान का चाहरदीवारी का काम पीपल की डलिया करती है। जहां विज्ञान भी फेल है। पीपल की टूटी हुई डाली फिर से हरा भरा होकर बाबा के स्थान की घेराबंदी की हुई है, जिसे देखने के लिए कितने पर्यावरण प्रेमी भी आते जाते रहते हैं।

# भाकपा माले का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**रोष**

### गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ करने व 200 यूनिट फ्री बिजली देने की मांग



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते वक्ता

**बलिया।** भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ करने और प्रत्येक गरीब को 200 यूनिट फ्री बिजली देने की मांग को लेकर बलिया रेलवे स्टेशन से विशाल रैली निकाली। यह चित्तू पाण्डेय चौराहा, रोडवेज, टीडी कालेज चौराहा होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचा। यहां धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। दस सूत्रीय ज्ञापन में गरीबों का पिछला बकाया बिजली बिल माफ करने, प्रत्येक गरीब को 200 यूनिट फ्री बिजली देने, स्मार्ट मीटर योजना रद्द कर पुरानी व्यवस्था बहाल करने, विद्युत वितरण निगम के निजीकरण पर रोक लगाने, गरीबों को बगैर किसी गारंटी के सरकारी बैंकों से कर्ज दिलाने, माइक्रो फाईनेंस कम्पनियों से कर्ज लेने वालों के उत्पीड़न पर रोक लगाने, सरकारी राशन की दुकानों से पुनः मिट्टी तेल की व्यवस्था करने, सरकारी जमीनों पर पीढ़ियों से आबाद लोगों की आबादी दर्ज करने, नजूल भूमि कानून आदि वापस लेने की मांग की गयी। श्रीराम चौधरी ने कहा कि गरीबों का बकाया बिजली बिल तेंलगाना, दिल्ली, झारखण्ड, कनार्टक की सरकारें माफ कर सकती है और 200 यूनिट फ्री बिजली दे सकती है तो यूपी की योगी सरकार क्यों नहीं कर सकती। कहा कि यह सरकार गरीबों की नहीं, बल्कि पूंजीपतियों की सरकार है। सरकार मस्जिद के नीचे मंदिर और गरीब के घर के नीचे अमीरों की सम्पत्ति खोज रही है। ऐसी जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। यह सरकार गरीबों की दुश्मन है। इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंह, लाल साहब, बसन्त सिंह, लक्ष्मण यादव, राधेश्याम चौहान, वशिष्ठ राजभर, भागवत बिन्द, नियाज अहमद, रेखा पासवान, लीलावती देवी, प्रेमा यादव, आशा देवी, जनार्दन सिंह, संतोष साहनी, रमाशंकर राम, नागेन्द्र प्रसाद, रामप्रवेश शर्मा, शिव बिलास शाह, अशोक राम, विनय खरवार, राजेश गोंड, रमेश बिन्द, खैरूल आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### किडनी व गुर्दा रोगियों को जिले में मिलेगी सुविधायें: डॉ. संजय सिंह



**मऊ।** जिले में किडनी एवं गुर्दा रोगियों को अपनी चिकित्सा के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। लखनऊ के प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ दुर्गेश पुष्कर प्रत्येक माह के पहले व तीसरे मंगलवार को शारदा नारायण हास्पिटल में अपनी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। संस्थान निदेशक प्रसिद्व चिकित्सक डॉ संजय सिंह ने बताया कि एमबीबीएस, एमडी, डीएम नेफ्रोलॉजी डिग्रीधारक डॉ दुर्गेश पुष्कर किडनी व गुर्दा रोग विशेषज्ञ हैं। प्रत्येक माह में दो दिन उनकी उपस्थिति जिले के रोगियों के लिए वरदान सद्दश होगी। डॉ सिंह ने बताया की चिकित्सा की अत्याधुनिक सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए शारदा नारायण हास्पिटल प्रतिबद्व है।

### अमृत सरोवरों में पूरे साल भरा रहेगा पानी



**बैरिया।** ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवर में अब पूरे वर्ष जल भरा रहेगा। इसके लिए ग्राम विकास एवं मनरेगा से अमृत सरोवर के लिए निकट स्टेबलाइजेशन पांड बनाकर न सिर्फ अपशिष्ट को सरोवर में जाने से रोका जाएगा, बल्कि कचरा मुक्त पानी फिल्टर होकर सरोवर के तल को मेंटेन रखेगा। ग्राम विकास एवं मनरेगा की ओर से ठोस द्रव्य तथा अपशिष्ट प्रबंधन योजना की मदद से अमृत सरोवर को पूरे वर्ष पानी से लबालब रखने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए तालाब के पास ही स्टेबलाइजेशन पांड (डब्ल्यूएसपी) बनेगा। इससे नालियों से निकलने वाला कचरा युक्त पानी फिल्टर होकर तालाब तक पहुंचेगी। वही, गांव के भूजल स्तर में सुधार होगा। हर ग्राम पंचायत में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अमृत सरोवरों के निकट डब्ल्यूएसपी का निर्माण कराया जाएगा। इससे गांव की नालियों से निकलने वाले पानी का सदुपयोग होगा। गंदा पानी गांव में नहीं बहेगा। इसका पानी डब्लूएसपी से होते हुए तालाब में पहुंचेगी। इसके लिए पंचायती राज से तकनीकी सहयोग मिलेगा। वहीं, एक डब्लूएसपी पर लगभग दो लाख रुपए की लागत आएगी। इसके बन जाने से अमृत सरोवर कभी सूखा नहीं रहेंगे और गिरते जलस्तर की समस्या का समाधान हो जाएगा।

### नकल विभाग की दूसरी शाखा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



**बलिया।** दस कक्षीय दीवानी न्यायालय के केंदीय प्रतिलिपि अनुभाग का दूसरा शाखा नवनिर्मित चौदह कक्षीय न्यायालय में बतौर मुख्य अतिथि अपर जिला जज प्रथम नरेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ के उपरांत उन्होंने कहा कि नकल जारी कराने के लिए सिविल के अधिवक्ता व वादकारियों को यहां वहां नहीं करना पड़ेगा। आसानी से यही से उपलब्ध हो जाएगा और इधर उधर भाग दौड़ नहीं करना पड़ेगा। अपर जिला जज प्रथम के साथ विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट पुनीत कुमार गुप्ता, प्रतिलिपि विभाग के प्रभारी फास्ट ट्रैक संख्या दो के न्यायाधीश राम कृपाल जी, नजारत प्रभारी फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या एक के न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) गार्गी शर्मा, अपर सिविल जज (सी डी) संजय गौड़, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय, प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार सिंह, कोर्ट मैनेजर सुशांत गौड़, केंदीय नाजिर विजयी प्रसाद, सहायक नाजिर, आद्या प्रसाद मिश्रा, आशुतोष कुमार आदि न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दीवानी न्यायालय के दो फांड़ होने से ऊहापोह की स्थिति

**बलिया।** मंगलवार को परिवार न्यायालय वापसी को लेकर फौजदारी के भी वकील नहीं किए कार्यबलिया। एक तरफ चौदह कक्षीय न्यायालय में धड़ा धड़ कम्प्यूटर कक्षों का उद्घाटन हो रहा है, तो दूसरी तरफ सिविल के अधिवक्तागण चौदह कक्षीय न्यायालयों में जाने को तैयार नहीं है तथा अधिवक्ता अनवरत हड़ताल पर है। बीच में वादकारी पीसे जा रहे है, काफी दूर-दराज से वादकारी आते हैं और सामान्य तारीखें लेकर वापस घर लौट जाते है। पूर्व निर्धारित घोषणा के अनुरूप परिवार न्यायालय को लेकर फौजदारी के अधिवक्ता भी दिनभर कार्य नहीं किए और हड़ताल पर रहे। उधर बुजुर्ग अधिवक्ताओं का कहना है कि इतनी लम्बी सीढ़ी चढ़कर नवनिर्मित कोर्ट में उपस्थित होना संभव नहीं है। युवा अधिवक्ता तो वहां जा भी सकते है, लेकिन बुजुर्ग के लिए भीड़भाड़ में जाना और वकालत करना मुश्किल लग रहा है। फौजदारी के अधिवक्ताओं ने जिला जज अमित पाल सिंह को अल्टीमेटम दे दिया है कि एक सप्ताह के अंदर परिवार न्यायालय वापस नहीं आता है तो हम लोग अगली रणनीति मीटिंग करके तय करेंगे।

### भाजपा सरकार को जनता नहीं करेगी माफ

**बलिया।** आज जनता के बीच वर्तमान में केन्द्र व राज्य सरकार के सवालों के जवाब में महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, किसान व व्यापारियों के सवालों पर एक राय आया एडवोकेट विनोद सिंह ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार चाहती तो जनता की मूल सुविधाए महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था ठीक नहीं है इसको सुधार करने की जरूरत है। पूरा देश इस समय मानसिक गुलामी से पीड़ित है। इस अवसर पर सूरज समदर्शी, सुशील राजभर, डा. एसएस इस्लाम, महफूज आलम, रामनाथ पासवान, सुनील सिंह यादव, सुभाष यादव, हरिशंकर यादव, हरेन्द्र राम, राकेश पाण्डेय सभी ने कहा केन्द्र व राज्य सरकार जनता के मूल सुविधाओं पर काम करें, जिससे पीड़ितों को न्याय और सुविधा मिले, बेरोजगारो को रोजगार मिले और स्वास्थ्य पर विशेष काम करना होगा जिसे लोग बाहर नहीं जा सके।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन

**बलिया।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बताया है कि अर्हता तिथि एक जनवरी, 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 के अंतर्गत जनपद में स्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 357-बेल्थरारोड (अजा), 358-रसड़ा, 359-सिकन्दरपुर, 360-फेफना, 361-बलिया नगर, 362-बांसडीह तथा 363-बैरिया की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया है। सात से 13 जनवरी तक की अवधि में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय बलिया, संबंधित तहसील कार्यालयों एवं पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर जनसामान्य के अवलोकनार्थ निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। उक्त विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत आलेख्य प्रकाशन के पश्चात पुनरीक्षण अवधि में 11231 पुरूष, 12173 महिला एवं 01 थर्ड जेण्डर समेत कुल 23405 मतदाताओं के नाम जोड़े गये हैं तथा 6643 पुरुष, 6902 महिला एवं एक थर्ड जेण्डर समेत कल 13546 मतदाताओं के नाम अपमार्जित किये गये हैं। अन्तिम रूप से प्रकाशित जनपद की निर्वाचक नामावली में 13,48,261 पुरूष, 11,49,106 महिला एवं 96 थर्ड जेण्डर समेत कुल 24,97,463 मतदाता पंजीकृत हैं। जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील है कि वे कार्यालय अवधि में उपरोक्तानुसार विहित स्थलों पर उपस्थित होकर मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

### क्रिकेट मैच में बेतिया की टीम ने देवरिया को हराया

**बैरिया।** बाबा लक्ष्मण दास द्वाबा राष्ट्रीय विद्यालय बैरिया के मैदान पर आयोजित लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मृति तृतीय वाईसीएचएल अंतर्राज्यीय टी-20 कप क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन देवरिया एवं बिहार के बेतिया के बीच मैच खेला गया। मुख्य अतिथि सुभाष यादव एवं जयप्रकाश साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। देवरिया टीम के कैप्टन अमन द्विवेदी ने टास जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया। बैटिंग करने उतरी देवरिया की टीम निर्धारित 20 ओवर भी नहीं खेल सकी। देवरिया की पूरी टीम 19 ओवर तीन गेंद में महज 70 रन पर सिमट गई। बेतिया की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए महज एक विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया तथा नौ विकेट से जीत हासिल किया। बेतिया की ओर से राजेश ने किफायती ओवर किया। उन्होंने महज दो ओवर में तीन रन देकर दो विकेट लिया। उन्हें मैन आफ द मैच दिया गया। बेतिया की ओर से कामरान ने 23 गेंद पर 32 रन तथा यूसुफ ने 15 गेंदो पर 29 रन बनाया। अंपायर जितेंद्र यादव व मनोज कन्नौजिया रहे। स्कोरर विजय यादव व लक्ष्मण गुप्ता थे। उदघोषक सोनू चौबे रहे। प्रमोद सिंह ने खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरित किया। इसके पहले मुख्य अतिथि जयप्रकाश साहू एवं सुभाष यादव ने कहा कि ग्रामीण इलाके में हो रहे इस आयोजन में क्षेत्र भर के युवाओं में बहुत उत्साह हैं। ठंड के बावजूद मैदान पर युवाओं की भारी भीड़ बता रही हैं कि क्रिकेट में उनकी बहुत रूचि हैं। कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में क्रिकेट के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस मौके पर पंकज सिंह, अजय सिंह, प्रकाश मौर्य, मुकेश कुमार मिश्र, वीरेंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# चीन से आयी नयी महामारी

**योगेश कुमार गोयल**



2020 में चीन से हुई कोरोना की शुरूआत के बाद इसने पूरी दुनिया में जो दहशत मचाई, उसे याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनिया भर लाखों लोग मारे गए, लाखों परिवार उजड़ गए, अनेक बच्चे अनाथ हो गए। अभी तक कोरोना का खौफ बरकरार है और कोरोना की शुरूआत के करीब 5 साल बाद अब चीन से ही एक और ऐसे ही खतरनाक वायरस की दस्तक की खबरें आ रही है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह वायरस कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। भारत में कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल में कुछ बच्चों में नए वायरस के मामले मिल चुके हैं, जिसके बाद भारत में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि यह वायरस बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। कमजोर प्रतिरक्षा वाले रोगियों में यह संक्रमण निमोनिया में परिवर्तित हो जाता है और उनमें मौत का जोखिम बढ़ जाता है। हाल के दिनों में कई रिपोर्टों में बताया जा चुका है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नामक इस वायरस ने इन दिनों चीन में दस्तक देकर वहां दहशत फैला रखी है और इस खतरनाक वायरस के कारण वहां के अस्पताल में मरीजों की संख्या बहुत बढ़ गई है तथा बड़ी संख्या में मरीज मर भी रहे हैं। कोविड की ही भांति चीन द्वारा इसे लेकर भी लीपापोती की जा रही है। कुछ रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि इस वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

दरअसल विदेशी मीडिया पर लगे प्रतिबंधों के कारण चीन से कोई भी खबर दुनिया तक आसानी से नहीं पहुंच पाती। बताया जा रहा है कि उत्तर चीन के प्रांतों में 14 वर्ष से कम उम्र के लोगों में एचएमपीवी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इस खतरनाक वायरस के हमले से चीन में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। खचाखच भरे अस्पताल और श्मशान में बढ़ती बेतहाशा भीड़ इस संकट के कोरोना से भी बदतर होने की पुष्टि कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ह्वसार्स-सीओवी-2 (कोविड-19)ह्व नामक एक एक्स हैंडल द्वारा पोस्ट में लिखा गया है कि चीन इस समय एचएमपीवी, इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 सहित कई वायरस के मामलों में उछाल का सामना कर रहा है और वहां के अस्पताल विशेष रूप से निमोनिया और ह्वव्हाइट लंगह्व के मामलों से परेशान हैं।

दरअसल बर्ड फ्लू से लेकर सार्स और कोविड तक सभी प्राणाघातक और महासंहारक वायरल रोगों की उत्पत्ति चीन से ही होती रही है लेकिन इसका रहस्य दुनिया आज तक पता नहीं लगा पाई है। पूरी दुनिया में चीन को लेकर संदेह का माहौल बना हुआ है कि कहीं कोविड-19 के बाद खतरनाक होता एचएमपीवी भी चीन की जैविक प्रयोगशालाओं में रची जा रही साजिश तो नहीं है। कोविड संकट के दौरान विश्व के तमाम देशों की औद्योगिक गतिविधियों सहित जनजीवन भी पूरी तरह ठप्प हो गया था। उस दौरान चीन को छोड़कर तमाम देशों की अर्थव्यवस्था लगभग खत्म होने के कगार पर आ गई थी। कई देश तो इसका खामियाजा आज तक भुगत रहे हैं।

एचएमपीवी वायरस के संक्रमण की तेज गति को देखते हुए इसके अन्य देशों में फैलने के खतरों से इन्कार नहीं किया जा सकता। चीन में इसके

**समय-संदर्भ**

बेतहाशा बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत ने भी सतर्कता बढ़ा दी है और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है तथा लगातार अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मौसमी इन्फ्लुएंजा और सांस संबंधी संक्रमणों की निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डा. अतुल गोयल का कहना है कि हमें ऐसा नहीं लगता कि भारत में किसी गंभीर स्थिति की संभावना है। दिल्ली मेडिकल काउंसिल के चेयरमैन और बाल रोग विशेषज्ञ डा. अरूण गुप्ता का कहना है कि भारत में इस वायरस के कारण बीमारी बढ़ने की अभी संभावना नजर नहीं आ रही है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क 9416740584)**

## फिर से चिंता में डूबी दुनिया

**प्रियंका सौरभ**



ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस, न्यूमोविरिडे परिवार का हिस्सा है, यह एक श्वसन वायरस है जो हल्की सर्दी से लेकर निमोनिया और ब्रोंकियोलाइटिस जैसे गंभीर फेफड़ों के संक्रमण तक की बीमारियों का कारण बनता है। हालाँकि फ्लू या रेस्पिरेटरी सिन्सिटियल वायरस की तुलना में कम पहचाना जाने वाला, ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में श्वसन सम्बंधी बीमारियों का एक महत्त्वपूर्ण कारण है, खासकर सर्दियों और वसंत के दौरान। यह वायरस विशेष रूप से कमजोर आबादी जैसे कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा करता है। यह वायरस उनके लिए बड़ी मुश्किलें पैदा कर सकता है, इसलिए जागरूकता बढ़ाना और निवारक कदम उठाना महत्त्वपूर्ण है। शिशु और छोटे बच्चे विशेष रूप से ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी गंभीर श्वसन स्थितियों के प्रति संवेदनशील होते हैं।

बड़े वयस्क 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति, साथ ही अस्थमा या सीओपीडी जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों में जटिलताएँ होने की संभावना अधिक होती है। गर्भावस्था के दौरान एचएमपीवी के कारण श्वसन सम्बंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जो माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकती हैं। जिन लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है, चाहे वे किसी चिकित्सा स्थिति या कीमोथेरेपी जैसे उपचार के कारण हों, उनमें गंभीर लक्षण होने का जोखिम अधिक होता है। बच्चों में गंभीर लक्षण होने की संभावना अधिक होती है. ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस अत्यधिक संक्रामक है और विभिन्न माध्यमों से फैलता है। वायरस तब फैल सकता है जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, जिससे श्वसन की बूंदें हवा में फैलती हैं। वायरस संक्रमित व्यक्ति के साथ शारीरिक संपर्क के माध्यम से फैल सकता है, खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंखों या मुंह को छूता है। वायरस सतहों पर बना रह सकता है और दूषित वस्तुओं जैसे कि दरवाजे की कुंडी या मोबाइल डिवाइस को छूने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। छोटे श्वसन कण हवा में निलंबित रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाली या खराब हवादार जगहों पर।

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के लक्षण अन्य श्वसन संक्रमणों से मिलते-जुलते हैं, जिससे सटीक निदान विशिष्ट प्रयोगशाला परीक्षणों पर निर्भर करता है। यह आणविक परीक्षण उच्च सटीकता के साथ वायरस की आनुवंशिक सामग्री का पता लगाता है और इसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के निदान के लिए स्वर्ण मानक माना जाता है। रैपिड एंटीजन टेस्ट जल्दी परिणाम देते हैं लेकिन पीसीआर टेस्ट की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। अधिकांश लोग बिना किसी जटिलता के लगभग 7 से 10 दिनों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस से ठीक हो जाते हैं। हालाँकि, कुछ समूहों को गंभीर जटिलताओं का अधिक जोखिम होता है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस वायरल निमोनिया का कारण बन सकता है, जिसके गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती होने और गहन देखभाल की आवश्यकता होती है। शिशुओं और छोटे बच्चों को अक्सर वायुमार्ग में सूजन और रुकावट का अनुभव होता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई और घरघराहट होती है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस अस्थमा या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जैसी मौजूदा श्वसन स्थितियों को खराब कर सकता है। ये संक्रमण, जैसे कि बैक्टीरियल निमोनिया, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण जटिलताओं के रूप में विकसित हो सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के कारण होने वाली श्वसन सम्बंधी समस्याएँ मातृ और भ्रूण के स्वास्थ्य को जोखिम में डाल सकती हैं।

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस में कोई विशिष्ट एंटीवायरल दवा नहीं है। उपचार का मुख्य उद्देश्य लक्षणों का प्रबंधन करना और जटिलताओं को रोकना है। ठीक होने और ताकत बनाए रखने के लिए आवश्यक है। एसिटामिनोफेन या इबुप्रोफेन जैसी दवाएँ बुखार और शरीर के दर्द को नियंत्रित कर सकती हैं। गंभीर मामलों में, पूरक ऑक्सीजन या मैकेनिकल वेंटिलेशन की आवश्यकता हो सकती है। निमोनिया जैसी जटिलताओं वाले रोगियों को अस्पताल में बारीकी से निगरानी की आवश्यकता हो सकती है। एचएमपीवी को रोकने के लिए, निवारक उपायों पर ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वर्तमान में कोई टीका उपलब्ध नहीं है। संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए, इन उपायों का पालन करें। अपने हाथों को कम से कम 20 सेकंड तक साबुन और पानी से धोएँ। जब साबुन और पानी उपलब्ध न हो तो अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करें। ऐसे व्यक्तियों से दूर रहें जिनमें श्वसन सम्बंधी बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। प्रकोप के दौरान भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचें। नियमित रूप से उन सतहों को साफ करना सुनिश्चित करें जिन्हें अक्सर छुआ जाता है, जैसे कि दरवाजे के हैंडल, फोन और काउंटरटॉप। प्रकोप या फ़्लू के मौसम के दौरान मास्क पहनने से श्वसन बूंदों के संपर्क को कम करने में मदद मिल सकती है। यदि आपको कोई लक्षण है, तो वायरस के प्रसार को रोकने के लिए घर पर रहना महत्त्वपूर्ण है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरसऔर इसके संभावित प्रभाव के बारे में जागरूक होना शुरूआती पहचान और रोकथाम के लिए महत्त्वपूर्ण है।

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, संपर्क 7015375570)**

## सतर्क रहने की जरूरत

**ललित गर्ग**



नये वर्ष में प्रवेश की शुभबेला में एकाएक इस महामारी की खबर से दुनिया भौचक्क एवं खौफ में आ गयी है। क्योंकि कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए वायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वहां हालात बेकाबू हो रहा हैं, अस्पतालों के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। हालांकि, हर बार की तरह चीन का कहना है कि मीडिया खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। ये मौसम बदलने का असर है। ठंड बढ़ने से आमतौर पर लोग खांसी-जुकाम की समस्या से जूझते हैं। ये भी मौसम की वजह से ही हो रहा है। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर के अंत में चीनी सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 14 वर्ष और उससे कम आयु के मामलों में एचएमपीवी की पॉजिटिव दर में हाल ही में वृद्धि हुई है। एचएमपीवी वायरस से छोटे बच्चे, वृद्ध और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग ज्यादा प्रभावित हुए है। चीन के साथ ही दुनिया के अनेक हिस्सों से इस महामारी से पीड़ित लोगों की खबरें आ रही है। भारत में भी चीन का खतरनाक वायरस एचएमपीवी पहुंच गया है। खबरों की मानें तो बेंगलुरु में 8 महीने का एक बच्चा एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाया गया है। बच्चे का ब्लड टेस्ट किये जाने के बाद ये दावा किया जा रहा है। यह भारत में एचएमपीवी वायरस का पहला मामला है। हालांकि, भारत में एचएमपीवी वायरस के मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई।

चीन में सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि इन्फ्लूएंजा ए, एचएमपीवी, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड सहित कई वायरस फैल रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एचएमपीवी मामलों में वृद्धि के कारण अचानक मृत्यु दर में चिंताजनक वृद्धि हुई है तथा 40 से 80 वर्ष की आयु के लोग विशेष रूप से इससे प्रभावित हुए हैं। चीन की जिम्मेदार एजेंसियां इस वायरस के दुष्प्रभाव को घटाने में लगी हैं और यह उम्मीद की जा रही है कि चीन इस रोग पर लगाम लगाने में कामयाब हो जाएगा। चीन अपने यहां कोरोना वायरस पर भी लगाम लगाने में एक हद तक कामयाब रहा था। लेकिन वह दूसरे देशों में उसे फैलने से नहीं रोक पाया। लेकिन इस बार अब यह उम्मीद करनी चाहिए कि सजग चीन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने यहां से किसी भी संदिग्ध को किसी दूसरे देश की यात्रा न करने दें। साथ ही इस महामारी पर नियंत्रण पाने में जिस विधि एवं उपचार पद्धति से वह सफलता पाये, उसे समूची दुनिया से साझा करें, ताकि महामारी से महाविनाश का प्रकोप व्यापक न बन सके।

एचएमपीवी का संक्रमण व्यक्तिगत संपर्क से बढ़ रहा है। अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के किसी सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छुए या उसके सम्पर्क में आये तो संक्रमण का खतरा बताया जा रहा है। यह वायरस चूंकि नया है, तो इसका अभी कोई टीका नहीं है। इसकी कोई एंटीवायरल दवा भी नहीं है। यह अच्छी बात है कि अधिकांश मामलों में लोगों को मामूली समस्याएं आ रही हैं। ज्यादातर लोग लक्षण के अनुरूप उपचार और आराम से ही ठीक होते जा रहे हैं। चीन ने साफ तौर पर कुछ बताया नहीं है, मगर अनुमान यही है कि गंभीर मामलों में लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन थेरेपी या कॉर्टिकोस्टेरॉइड उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अगर मानें, तो इस वायरस का संक्रमण अक्तूबर महीने से ही बढ़ रहा है। अच्छा यही है कि यह बीमारी मौसमी साबित हो और कम से कम लोगों के जीवन पर असर डाले। कोरोना महामारी तो महाविनाश का कारण बनी थी, एचएमपीवी ऐसा अनर्थ ना करें।

इस नये वायरस की त्रासदी एवं संकट से जूझ रहे विश्व-मानव को सावधान रहना चाहिए। विभिन्न देशों की सरकारों एवं डब्ल्यूएचओ का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य के स्तर को ऊंचा उठाना है। हर इंसान का स्वास्थ्य अच्छा हो और महामारी का शिकार होने पर हर व्यक्ति को अच्छे प्रकार के इलाज की अच्छी सुविधा मिल सके, ऐसे प्रयास करने है। इक्कीसवीं सदी की पहली रजत जयन्ती वर्ष की शुरूआत नये वायरस की महामारी के रूप में एक वैश्विक त्रासदी के साथ होना दुःखद है। ऐसी त्रासदी जो विश्व की बड़ी सत्ताओं को मानव कल्याण की नीतियों को अपनाने एवं इंसान को अपने जीवन मूल्यों और जीवनशैली पर पुनर्चिंतन करने को मजबूर कर रही है और उनका आत्मविश्वास एवं मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता व्यक्त कर रही है। **(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं, संपर्क 9811051133)**

**श्रद्धांजलि**

# ध्रुवदेव मिश्र पाषाण नहीं रहे

**कौशल किशोर**



क्रांतिकारी वाम व जनवादी धारा के कवि ध्रुवदेव मिश्र पाषाण का जाना आहत कर देने वाला है। 7 जनवरी सुबह 9:00 बजे अपने देवरिया स्थित निवास ध्रुव धाम पर उनका निधन हुआ। पिछले साल सितंबर में उन्होंने 85 साल पूरा किया था। इस उम्र के बावजूद उनकी रचनात्मक सक्रियता बनी हुई थी। साहित्यिक पत्रिका 'पतहर' ने उनके ऊपर पिछले दिनों विशेष अंक निकाला। ऐसे समय में जब साहित्य को सत्ता, बाजार और पूंजी के अधीन किया जा रहा है, वाम और प्रगतिशील जनवादी धारा के प्रखर कवि का जाना हमारे आंदोलन की एक बड़ी क्षति है।

पाषाण जी ने पांच दशक से अधिक का समय पश्चिम बंगाल के हावड़ा और कोलकाता में बिताया है। पाषाणजी के कवि को गढ़ने -बनाने, वैचारिक रूप से तैयार करने तथा सांस्कृतिक योद्धा में बदलने का काम बंगाल के राजनीतिक-सांस्कृतिक वातावरण ने किया। वे उन कवियों में शामिल रहे जिन्हें नक्सलबाड़ी किसान आंदोलन ने प्रभावित किया।

पाषाण जी का जन्म 9 सितंबर 1939 को देवरिया के इमलिया गांव में हुआ था।



उन्होंने छठे दशक से लिखना शुरू कर दिया था। 1958 में उनकी पहली कृति प्रकाशित हुई। शीर्षक था 'विद्रोह'। 1962 में भारत-चीन युद्ध हुआ। उसी वर्ष उनकी काव्य पुस्तिका आई जिसका शीर्षक था 'लौट जाओ चीनियों'। कविता में हल और हथौड़े का संकल्प पाषाण जी के लिए परिवर्तन का माध्यम बना । उनके अनेक संग्रह आए : 'एक शीर्षकहीन कविता और पांच अन्य कविताएं (1968), कविता तोड़ती है (1977), विसंगतियों के बीच (1978), धूप के पंख (1983), खंडहर होते शहर के अंधेरे में (1988), बाल्मीकि की चिंता (लंबी कविता, 1992), चौराहे पर कृष्ण (लंबी कविता, 1993), ध्रुवदेव मिश्र पाषाण की कुछ कविताएं (2000, संपादक : रमाशंकर प्रजापति), पतझड़ पतझड़ बसंत (2009), खेल-खेल में (बाल कविताएं 1985)। पाषाण जी का नवीनतम कविता संग्रह रहा है 'सरगम के सुर साधे'। इसमें छोटी-बड़ी 17 कविताएं शामिल हैं । वे विचार और व्यवहार की एकता के पक्षधर हैं। कहते भी हैं 'कविता विचार से नहीं बनती। कविता किताबों से नहीं उपजती । यह विचारों और किताबों के प्रभावों से गुजरती जरूर है।' उनकी समझ है कि कविता व्यापक जनजीवन को आलोड़ित करने वाले आंदोलन से नाभिनालबद्ध होती है। इसी से उसकी काया बनती है।

पाषाण जी की यह विशेषता है कि उनका अपने समय के जनसंघर्ष की उच्च धारा के साथ जुड़ाव रहा। इस संबंध में वे परम्परा का निषेध नहीं करते हैं बल्कि उससे जुड़ते हैं, खासतौर से कबीर से। वे भक्ति आंदोलन के सत्ता विमुख कवियों जैसे कुंभनदास और तुलसीदास से भी प्रभावित हैं। अपने पूववर्ती कवियों में मुक्तिबोध उनके लिए खास महत्व रखते हैं। उनकी कविता है 'चादर कबीर की'। पाषाण जी कविता को कबीर की चादर की तरह बुनते हैं। बढ़ती उम्र में भी वे बुनते रहे। यह उनकी इच्छा थी और यही उनका संघर्ष था। वे हमेशा रचना और कर्म से हमारे बीच रहेंगे।

**(एफ -3144, राजाजीपुरम, लखनऊ, संपर्क 8400208031)**

**स्मृति दिवस पर**

# बिमल रॉय ने हिंदी सिनेमा को नई दिशा दी

**जाहिद खान**



भारतीय सिनेमा में बिमल रॉय का शुमार बाकमाल निर्देशकों में होता है। उन्होंने न सिर्फ. टिकिट खिड़की पर कामयाब फिल्में बनाईं, बल्कि उनकी फिल्मों में एक मकसद भी हैं, जो फिल्मी मेलोड्रामा और गीत-संगीत के बीच कहीं ओझल नहीं होता। हिंदी सिनेमा का आज जो एक मुकम्मल चेहरा नजर आता है, उसमें बिमल रॉय का बड़ा योगदान है। एक ऐसे दौर में जब हिंदी फिल्मों में धार्मिक और ऐतिहासिक विषयों का बोलबाला था, बिमल रॉय ने अपने आप को सिर्फ-ओ-सिर्फ.सामाजिक और उद्देश्यपूर्ण फिल्मों तक सीमित किया। अपनी फिल्मों में किसान, मध्यवर्ग और महिलाओं के मुद्दों को अहमियत के साथ उठाया। अपने समय के ज्वलंत सवालों से कभी मुंह नहीं चुराया। बिमल रॉय ने प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों पर भी लाजवाब फिल्में बनाईं। चुस्त कथा-पटकथा-संवाद, उत्कृष्ट फिल्मांकन और मधुर गीत-संगीत कमोबेश उनकी सभी फिल्मों की पहचान है। सच बात तो यह है कि बिमल रॉय के बिना हिंदी सिनेमा का तसव्वुर नहीं किया जा सकता। फि ल्मी दुनिया में उनका सिनेमा, 'बिमल रॉय स्कूल' के



तौर पर जाना जाता है। जिनसे कई पीढ़ियां प्रशिक्षित होती रहेंगी। भारतीय सिनेमा में ऐसा बेमिसाल मुकाम बहुत कम फिल्म निर्देशकों को हासिल है।

अविभाजित भारत में ढाका के पास सुआपुर गॉव में एक जमींदार परिवार में जन्मे बिमल रॉय ने साल 1935 में महज छब्बीस साल की उम्र में 'न्यू थियेटर्स' से अपना फिल्मी करियर शुरू किया। वे नामी निर्देशक नितिन बोस के सहायक कैमरामैन रहे। जल्द ही उन्हें स्वतंत्र कैमरामैन के तौर पर प्रमथेश चन्द्र बरुआ की फि ल्म 'मुक्ति' मिल गई। सिनेमेटोग्राफर से डायरेक्टर बनने का सफर पूरा करने के लिए उन्हें नौ साल लगे। साल 1944 में बिमल रॉय ने अपनी पहली फिल्म 'उदयेर पथे' का निर्देशन किया, जो कामयाब रही। उसके एक साल बाद साल 1945 में 'न्यू थियेटर्स' ने इस फिल्म को हिंदी में 'हमराही' नाम से बनाया, जिसका निर्देशन भी बिमल रॉय ने ही किया। बलराज साहनी द्वारा अभिनीत यह रोमांटिक यथार्थवादी फिल्म,अपने एक अलग सब्जेक्ट की वजह से उस वक्त काफी चर्चा में रही।

साल 1953 में प्रदर्शित 'दो बीघा जमीन' एक यथार्थवादी फिल्म थी, जो व्यावसायिक तौर पर कामयाब नहीं हुई। अलबत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म की काफी सराहना हुई। यहां तक कि रूस, चीन, फ्रांस, स्विटजरलैंड आदि देशों में इस फिल्म का प्रदर्शन हुआ। फिल्म को कान्स और कालोर्वी वारी के अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सवों में पुरस्कृत किया गया। 'दो बीघा जमीन', राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी सम्मानित की गई। संगीतकार सलिल चौधरी की कहानी पर बनी इस फिल्म की पटकथा जाने-माने निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी ने लिखी थी।

बिमल रॉय, साहित्यकार शरतचंद्र चैटर्जी के साहित्य के बड़े प्रशंसक थे। उनके उपन्यास 'परिणीता', 'बिराज बहू' और 'देवदास' पर उन्होंने इसी नाम से तीन यादगार फिल्में बनाईं। जो बॉक्स ऑफिस पर बेहद कामयाब रहीं। उनकी ज्यादातर फिल्मों के पटकथा लेखक नबेंदु घोष और संवाद लेखक पॉल महेन्द्र थे। अलबत्ता फिल्म 'देवदास' के संवाद उर्दू के एक बड़े अफसाना निगार राजिंदर सिंह बेदी ने लिखे, तो वहीं 'यहूदी' फिल्म के डायलॉग वजाहत मिर्जा के थे। फिल्म 'मधुमति' के डायलॉग भी राजिंदर सिंह बेदी की कलम से निकले थे। फिल्म की कहानी और पटकथा जाने-माने बांग्ला निर्देशक ऋत्विक घटक ने लिखी थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद कामयाब साबित हुई। 'मधुमति' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार के साथ कुल सात फिल्मफेयर पुरस्कार मिले।

साल 1961 में आई फि ल्म 'काबुलीवाला' बिमल रॉय की उल्लेखनीय फि ल्मों में गिनी जाती है। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कहानी पर आधारित इस फि ल्म में बलराज साहनी ने यादगार अभिनय किया है। अपने शानदार निर्देशन के लिए बिमल रॉय को सात बार सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का फिल्मफेयर अवार्ड मिला, तो चार बार सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार। 8 जनवरी, 1966 को महज छप्पन साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया से अपनी आखिरी विदाई ली। साल 2007 में सरकार ने भारतीय सिनेमा में बिमल रॉय के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकारते हुए उन पर एक डाक टिकिट जारी किया।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

# फ्लाप हो रहे खिलाड़ियों को टीम में क्यों रखा गया

**खेल**

**शाहिद नकवी**



इस पूरी सीरीज में भारत के लिए जो चीज सबसे यादगार रही,वह है जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी ।ऐसा लग रहा था मानो ऑस्ट्रेलिया और बुमराह के बीच ही लड़ाई है ।बाकी भारतीय खिलाड़ी महज दर्शक हैं ।बुमराह चले तो ठीक है,वरना टीम इंडिया का ठिकाना नहीं ।ये भी सही है कि आस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजी पूरी तरह नाकाम रही है ।लेकिन इस बार सवाल खिलाड़ियों से नहीं, चयनकताओं, मुख्य कोच,बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच के साथ टीम मैनेजमेंट से पूछा जाना चाहिए ।क्यों कि पूरे दौरे में टीम संयोजन ही बड़ा अजीब था ।लगातार फ्लॉप हो रहे खिलाड़ियों को टीम में क्यों बनाए रखा गया। इरफान पठान और हरभजन सिंह ने भी चयनकताओं से यही पूछा है ।टीम से सुपर स्टार कल्चर खत्म करने की मांग की है।

प्रसिद्ध कृष्णा पर हर्षित राणा को क्यों तरजीह दी गई ।एक मुख्य गेंदबाज और बल्लेबाज की कीमत पर वाशिंगटन सुंदर को क्यों खिलाया जाता रहा ?जबकि घरेलू क्रिकेट में वह गेंदबाजी में बहुत सफल नहीं रहे हैं ।रणजी ट्रॉफी में सिर्फ एक बड़ी पारी से उनको बतौर आलराउंडर आस्ट्रेलिया का टिकट दे दिया गया ।उन्होंने आस्ट्रेलिया में 6 पारियों में 114 रन बनाए और केवल 3 विकेट लिए ।वहीं जडेजा ने 5 पारियों में 135 रन बनाए और 4 विकेट लिए ।वहीं हर्षित राणा ने दो मैचों में 50.75 के औसत से 4 विकेट लिए ।उधर प्रसिद्ध कृष्णा को एक मैच में अवसर मिला और 17.83 की औसत से 6 विकेट ले गए ।चयन की रणनीति देखिए कि सिडनी टेस्ट में दो स्पिनर को उतारा गया ।चौथी पारी में सिडनी की पिच पर एक तेज गेंदबाज की कमी बहुत खली ।बुमराह की गैर में तो ये कमी और सामने आई ।अगर एक तेज गेंदबाज और टीम में होता तो आस्ट्रेलिया के लिए मैच जीतना आसान नहीं होता ।लम्बे अंतराल के बाद आस्ट्रेलिया ने गवास्कर - बोर्डर ट्राफी पर कब्जा कर लिया ।गिल ,कोहली और राहुल के नाकाम होने पर भी घरेलू क्रिकेट में बेहद सफल सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को बेंच पर ही बैठने पर मजबूर किया गया ।वहीं दो पारी में असफल होने के बाद सरफराज खान को एक दम किनारे कर दिया गया ।जबकि टेस्ट की 11 पारियों में उन्होंने 3 अर्धशतक और एक शतक लगाया है ।टाप आर्डर में शतक जड़ने के बाद भी उनको बाद में आठवें नंबर पर भेजा गया, उनसे पहले गेंदबाज भेजे गए ।ऐसा क्यूं किया मैनेजमेंट ने,ये सवाल कमेन्ट्री में बड़ी बड़ी बाते करने वालों ने भी न तब पूछा और न बाद में किसी समीक्षक ने उठाया ? जबकि सरफराज ने 82 प्रथम श्रेणी पारियों में 65 से अधिक के औसत से 4583 रन बनाए हैं।

?उनको शामिल न करने के पीछे कौन सी मंशा है मैं नहीं जानता हूं ।इन खिलाड़ियों को शामिल न करने और चयन पर सवाल ही नहीं उठ रहा है। कमेन्ट्री करने वाले तो लगता है केवल किसी निर्देश पर चलते हैं जिसमें कहा गया हो कि केवल तारीफ ही करनी है ।सही और गलत में अंतर नहीं देखना है। आस्ट्रेलिया में बुमराह से बहुत मेहनत करवाई गई है ।जब देखो तब उनके हाथ में गेंद दिखती थी। उन्होंने 152.2 ओवर गेंदबाजी की है ।इसी लिए वह सिडनी की चौथी पारी में अपनी फिटनेस बरकरार नहीं रख सके थे ।हालांकि उनसे अधिक पैट कामिंस ने 167 ओवर फेंके हैं ।गौरतलब है कि एक साल पहले एकदिवसीय विश्वकप फाइनल खेलने वाली टीम,मात्र कुछ महीने पूर्व ही 20-20 विश्वकप जीतने वाली टीम आज अपने ही प्रसंशकों से गाली खा रही है ।जबकि इस बीच में यदि कुछ बदला है तो केवल कोच ।लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट टीम के कोचिंग स्टाफ को आगे बढ़ाने पर जायज सवाल उठाए हैं ।उन्होंने कहा कि बॉलिंग कोच और बैटिंग कोच से सवाल पूछे जाने चाहिए।

न्यूजीलैंड के खिलाफ हम लोग 46 रन पर ऑल आउट हो गए ।बाकी के मुकाबले में भी हम खराब बल्लेबाजी की वजह से घर पर ही हार गए। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया,दोनों के खिलाफ हमारी बैटिंग में कोई दम नहीं था ।कोचिंग स्टाफ से सवाल पूछने चाहिए कि आप लोगों ने क्या किया है ?इंप्रूवमेंट क्यों नहीं दिखाई दे रहा है ।गावस्कर ने कहा-आपके बैटिंग कोच को देखिए,न्यूजीलैंड के खिलाफ जिस तरह से ऑलआउट हुए ।घर में हमारी बैटिंग में कोई दम नहीं था। आस्ट्रेलिया में भी कोई इम्प्रूवमेंट क्यों नहीं दिखा ।आपने क्या किया है ?खिलाड़ियों के बारे में बात हो रही कि क्या इन्हें आगे खिलाना चाहिए ।ये भी पूछना चाहिए कि क्या इस कोचिंग स्टाफ को आगे चलकर रखना चाहिए ?ऐसा लगता है कि हालात 2005 जैसे हो रहे हैं,जब गांगुली कोच के रूप में ले कर आये ऑस्ट्रेलियन ग्रेग चैपल को,चैपल के गीत गाये जाने लगे,लगा जैसे सारी दिक्कतें दूर हो जाएंगी ।चैपल आते ही अपनी चलाने लगे।

इतनी अधिक उठापटक की टीम ही खंडित हो गयी ।खेल का नाश हो गया ।स्थिति यहाँ तक आ गयी कि भारतीय टीम विश्वकप के क्वालिफाइंग राउंड से ही बाहर हो गयी थी ।चैपल की ज़िद के चलते ही इरफान पठान जैसा स्विंग गेंदबाज धारहीन हो गया था ।वह पठान को बल्लेबाज बनाने चले थे ।इस समय बोलिंग आलराउंडर खिलाने का चलन चल रहा है ।वह भी एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज की कीमत पर ।भारत ने इस सीरीज में छह तेज गेंदबाजों को अजमाया और सिर्फ बुमराह सबसे ज्यादा 32 विकेट लेने में कामयाब रहे ।इनमें दो बार पारी में चार विकेट और तीन बार पारी में पांच विकेट लिए ।मैकग्रा और फ्लेमिंग जैसे महान तेज गेंदबाजों ने तो यहां तक कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर बुमराह जैसा खौफ किसी गेंदबाज से नहीं हुआ।

पांचवें टेस्ट में बुमराह की गैरमौजूदगी से टीम इंडिया को नुकसान हुआ। बुमराह ने कुल 32 विकेट लिए। उन्हें बाकी किसी गेंदबाज का साथ नहीं मिला। सिराज 20 विकेट ले सके। इस सीरीज में बुमराह ने 13 की औसत और 28.3 के स्ट्राइक रेट से गेंदबाजी की,जो कि सर्वश्रेष्ठ रहा ।वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने ।इस सीरीज में उन्होंने टेस्ट करियर के 200 विकेट भी पूरे किए ।इतना ही नहीं,बुमराह ऑस्ट्रेलिया में किसी एक सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने ।ये कोई नहीं कह रहा है कि भारतीय टीम को इस सीरीज में गलत टीम चयन ने भी नुकसान पहुंचाया ।भारत ने मेलबर्न और सिडनी में दो स्पिनर्स खिलाए ।मैनेजमेंट ने एक गेंदबाज या एक बल्लेबाज कम किया ।इससे टीम को काफी नुकसान हुआ ।जडेजा ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में थोड़ा कमाल दिखाया भी,वॉशिंगटन सुंदर बिल्कुल फेल रहे। सुंदर ने एक अर्धशतक जरूर लगाया,लेकिन बाकी मैचों में फेल रहे ।उनकी गेंदबाजी तो बिल्कुल ही फ्लॉप रही। मैदान में भी रणनीति देखिए अश्विन का रिप्लेसमेंट माने जा रहे सुंदर को लगातार मौके मिलते रहे,लेकिन गेंदबाजी नहीं दी गई ।जडेजा ने मेलबर्न की पहली पारी में 23 ओवर गेंदबाजी की और तीन विकेट लिए और सुंदर ने 15 ओवर गेंदबाजी की और एक विकेट लिया ।इसी टेस्ट की दूसरी पारी में जडेजा ने 14 ओवर गेंदबाजी की और एक विकेट लिया। वहीं, सुंदर ने चार ओवर गेंदबाजी की और कोई विकेट नहीं लिया ।सिडनी में सुंदर ने पहली पारी में तो गेंदबाजी तक नहीं की,जबकि जडेजा ने तीन ओवर डाले ।दूसरी पारी में जडेजा को गेंदबाजी नहीं मिली और सुंदर को एक ओवर दिया गया ।ऐसे में टीम मैनेजमेंट पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि जब सुंदर और जडेजा से गेंदबाजी नहीं करानी थी तो उन्हें मौका क्यों दिया गया। एक गेंदबाज या एक अतिरिक्त बल्लेबाज को लेकर टीम क्यों नहीं उतरी ।ऐसे में टीम इंडिया की रणनीतिक चूक भी उजागर होती है ।सिडनी में कोच गंभीर और मैनेजमेंट से पिच पढ़ने में भी गलती हुई ।पेस विकेट पर भारत दो स्पिनर के साथ उतरा ।वहीं,नीतीश रेड्डी अतिरिक्त गेंदबाज के रूप में पूरी सीरीज में कुछ खास नहीं कर सके ।कुछ मौकों पर तो भारतीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के पुछल्ले बल्लेबाजों के विकेट के लिए जूझते दिखे।

राहुल ने इस सीरीज में दो पारियों में जरूर अच्छी बल्लेबाजी की थी, लेकिन बाकी आठ पारियों में वह बेरंग दिखे ।पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 77 रन और गाबा टेस्ट की पहली पारी में 84 रन बनाए थे ।इसके अलावा बाकी आठ पारियों में उनके नाम 115 रन हैं। उन्हें शुरूआत तो मिली, लेकिन वह इसे भुना पाने में नाकाम रहे ।इसने टीम को काफी नुकसान पहुंचाया ।इसके अलावा शुभमन गिल तीन टेस्ट की पांच पारियों में महज 18.60 की औसत से 93 रन बना पाए। इसमें एक भी 50+ रन की पारी शामिल नहीं है ।गिल लगातार गलत शॉट चयन से आउट होते रहे।

पंत ने सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में जरूर आक्रामक बल्लेबाजी की,लेकिन उससे पहले वह गलत शॉट खेलकर आउट होते रहे,जिस पर गावस्कर ने नाराजगी जताई थी। पंत ने इस सीरीज में पांच मैचों में 28.55 की औसत से 255 रन बनाए ।वहीं 61 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। यही एकमात्र अर्धशतक उन्होंने लगाया ।रोहित और कोहली के खराब फॉर्म भी टीम इंडिया की हार की मुख्य वजह रही ।रोहित तीन टेस्ट की पांच पारियों में 31 रन बना सके। पांचों बार उन्हें कमिंस ने आउट किया ।इस पूरे दौरे पर विराट नौ पारियों में 23.75 की औसत से 190 रन बना सके ।पर्थ और मेलबर्न में दो पारियों में 136 रन को छोड़ दिया जाए तो बाकी सात पारियों में उन्होंने महज 54 रन बनाए हैं ।कोहली नौ पारियों में आठ बार ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर छेड़छाड़ करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच आउट हुए ।रोहित और विराट पहले भी बीजीटी सीरीज का हिस्सा रहे हैं और उन्हें वहां की पिच का अनुभव था,लेकिन वे फ्लॉप साबित हुए ।पर्थ में रोहित शर्मा उपलब्ध नहीं थे और शुभमन गिल चोटिल थे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की थी ।उस मैच में ध्रुव जुरेल और देवदत्त पडिक्कल खेले थे ।साथ ही हर्षित राणा,वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश रेड्डी को मौका मिला था।

जुरेल,पडिक्कल और हर्षित कुछ खास नहीं कर सके थे ।फिर एडिलेड में दूसरे टेस्ट से पहले रोहित की वापसी हुई और प्लेइंग-11 में भारी फेर बदल हुआ ।रोहित, अश्विन और गिल की वापसी हुई और जुरेल-पडिक्कल और सुंदर को बाहर कर दिया गया। हर्षित बरकरार रहे, जबकि पहले टेस्ट में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था ।एडिलेड में हर्षित और महंगे साबित हुए ।फिर तीसरे टेस्ट में हर्षित और अश्विन को भी बाहर कर दिया गया और जडेजा, सुंदर और आकाश दीप आए ।पांचवें टेस्ट में आकाश और रोहित भी बाहर हुए और प्रसिद्ध कृष्णा आए ।उन्होंने इस टेस्ट में 6 विकेट लिए ।वह आस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के अनुसार उचित तेज गेंदबाज थे,लेकिन आलराउंडर रणनीति के कारण उनको अवसर ही नहीं मिला ।इतना ही नहीं राहुल और यशस्वी ने शुरूआती तीन टेस्ट में ओपनिंग की और फिर चौथे में रोहित ओपनिंग आए ।ऐसे में कोई खिलाड़ी आस्ट्रेलिया के माहौल में सेटल नहीं हो पाया ।कुल मिलाकर भारतीय टीम यदि बहुत जल्द इस गड़बड़झाले को ठीक नहीं करती तो बहुत नुकसान हो जाएगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

**व्यंग्य**



## भारत माता की जय!

**अरविंद तिवारी**

तहसील के सामने पटवारियों का हुजूम था ।वे सब भारत माता की जय का नारा लगा रहे थे ।उनके चेहरे पर देशभक्ति का असीमित भाव उसी तरह तारी था जैसे असीमित ऊपरी आमदनी,उनकी जेबों में तारी रहती है ।उत्तर प्रदेश में पटवारी को लेखपाल कहा जाता है ।पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब पटवारियों ने हड़ताल कर दी थी ।चौधरी साहब ने सभी हड़ताली पटवारियों को बर्खास्त कर दिया था ।इतना ही नहीं उन्होंने पटवारी का पदनाम बदलकर लेखपाल कर दिया था। न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी !नए लेखपाल भर्ती कर लिए थे ।पुराने पटवारी बेरोजगार हो गए थे ।अन्य राज्यों में आज भी पटवारी जैसा पुराना और दकियानूसी नाम चल रहा है।

उत्तर प्रदेश बहुत एडवांस है ।यह राज्य पुराने नाम नहीं ढोता ।उत्तर प्रदेश, हर प्रश्न का उत्तर नाम बदलकर ही देता है !पिछली सरकारें और वर्तमान सरकार भी,शहरों के नाम बदलती रही है ।बुलडोजर और एनकाउंटर जैसे यू. पी.के कई नए मॉडलों को अन्य राज्यों ने अपना लिया है ।आज ये पटवारी उर्फ लेखपाल भी भारत माता की जय बोलने का अभिनव प्रयोग कर रहे हैं ।कल अन्य राज्यों के पटवारी भी यही प्रयोग करने लगें तो आश्चर्य नहीं होगा ।कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पटवारियों की कार्यप्रणाली एक ही है ।यह तथ्य देश का किसान भलीभांति समझता है ।किसान मौसम की मार झेल सकता है पर पटवारी की मार नहीं झेल पाता ।पटवारी यमराज से बड़ा अधिकारी होता है ।कई बार वह जीवित किसान को मृत दिखा देता है ।यह इनोवेशन भी पहली बार उत्तर प्रदेश में देखा गया था।

पहला स्वतंत्रता संग्राम भी यू. पी. से ही शुरू हुआ था ।आज उसी यू. पी. में पटवारी उर्फ लेखपाल भारत माता की जय का नारा लगा रहे हैं ।भारत माता सचमुच निहाल हो गई होगी !बहरहाल अब भारत माता की जय बोलने का बीड़ा पटवारियों ने उठाया है तो कुछ बड़ा होकर ही रहेगा ।अब देशभक्ति की गंगा बहाने का काम पटवारियों जैसे भागीरथों के जिम्मे आ गया ।पटवारी ग्राउंड जीरो पर उपस्थित रहकर देश का विकास करते हैं,इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए ।केंद्र से चली योजनाओं का क्रियान्वयन उन्हीं के हाथों में होता है ।कैसे होता है, यह अलग विषय है ।राज्य सरकार का सबसे छोटा प्रशासनिक अधिकारी भी यही लेखपाल होता है ।लेखपालों में भारत माता की जय के नारे के साथ जो देशभक्ति की आंधी चल रही थी, उसे देखने मैं भी पहुंच गया।

मैंने सोचा,इन लेखपालों को ऊपर से आदेश मिला होगा, भारत माता की जय बोलने का,जैसे अन्य कार्यक्रमों को लेकर जागरूकता बढ़ाने का मिलता है ।पर बाद में पता चला उनका भारत माता की जय वाला नारा, सरकारी आदेश न होकर, सरकार के खिलाफ उनका अपना विरोध प्रदर्शन था ।वे शासन से सख्त नाराज थे ।भारत माता की जय वाले नारे की यह विशेषता है कि इसे शासन के समर्थन में भी लगाया जा सकता है और शासन के विरोध में भी ।बिना भारत माता के सहयोग से न तो देश का विकास हो सकता है और न सरकार का विरोध ।जल, जंगल और जमीन के लिए चिंतित उग्रवादी संगठन भी भारत माता की जय बोलते हैं ।इधर बड़े घोटाले में जेल जाने से पहले सियासी नेता भी भारत माता की जय बोलते हैं,जैसे अंग्रेजों के खिलाफ जेल जाते हुए स्वतंत्रता सेनानी बोला करते थे ।हो सकता है जेल जाने का यह नया प्रोटोकॉल बन गया हो ।कल को हत्या के आरोप में जेल जाने वाला अपराधी भी भारत माता की जय बोलकर जेल में जायेगा। धारणा यह भी हो सकती है कि भारत माता की जय बोलकर जेल में जाने वाले की सजा कम कर दी जाए या जेलर साहब, उसे जेल में विशेष सुविधाएं दें!

ज्यादा खोजबीन करने पर पता चला ये लेखपाल विजिलेंस टीम द्वारा लेखपालों को ट्रैप करने के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं ।उनकी एक ही मांग है,किसी भी लेखपाल को रिश्वत लेते हुए न पकड़ा जाए !अब तक जो पकड़े गए हैं उनको छोड़ा जाए ।(लेखपाल रिश्वत नहीं लेंगे तो उनका घर कैसे चलेगा ?)आप तो पेट पर ही वार कर रहे हैं ।उनका दावा है राज्य में जितने भी पटवारी उर्फ लेखपाल ट्रैप हुए हैं, वे सब फर्जी केसों में फंसाए गए हैं ।इतिहास है,पटवारी उर्फ लेखपाल कभी भी रिश्वतखोर नहीं रहे !भारत माता की जय बोलते हुए हर तहसील में इन लेखपालों ने एस. डी. एम.को ज्ञापन दिया है ।इस ज्ञापन में विजिलेंस की कार्रवाई बंद करने की मांग की गई है ।यह मांग भारत माता की जय का नारा लगाते हुए की गई है ।पटवारियों के साथ भले ही पब्लिक न हो पर भारत माता की जय वाला नारा है ।इस घटना को देख तहसील में आम लोग भ्रमित हैं ।क्या आज पंद्रह अगस्त या छब्बीस जनवरी है ?लोग जानते हैं कई लेखपालों के दिल में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को भी देशभक्ति का जज्बा नहीं जागता।

वैसे इन दिनों, पूरे देश में देशभक्ति का मौसम चल रहा है ।बेचारे पटवारियों का इसमें दोष नहीं है ।दिल्ली विधान सभा के चुनावों में देशभक्ति उमड़ घुमड़ रही है ।नेता चाहे किसी भी पार्टी का हो, भारत माता की जय वाला नारा जरूर लगवाता है ।सावरकर जी के समर्थक और उनके विरोधियों में भारत माता की जय बोलने की होड़ लगी है ।जो दल जितनी ऊंची आवाज में भारत माता की जय बोलेगा,उसके चुनाव जीतने के चांस उतने ही बढ़ जाएंगे !देशभक्ति की यह सीजनल नदी ,उन चीजों को भी बहाकर ला रही है जिनसे देशभक्ति की जमीन के बंजर हो जाने का खतरा है ।अनैतिक कार्यों के लिए भारत माता को जबरदस्ती साक्षी बनाया जा रहा है। देश भक्ति का इस तरह उमड़ना इस बात का प्रतीक है,हमारे देश में आज भी रोगों का निदान झाड़ फूंक से ही किया जा रहा है!

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

# दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाला गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

केन्द्राध्यक्ष एसकेपी इण्टर कालेज पाण्डेय बाजार आजमगढ़ द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र कि 2024-25 में 05.01.20254 को द्वितीय पाली की परीक्षा में कक्ष स.-012 मे विकास कुमार चौहान पुत्र अयोध्या प्रसाद 404 जंगल छत्रधारी लालगंज गोरखपुर, वी.आर. डी. मेडिकल कॉलेज गोरखपुर-273013 का आधार वेरीफिकेशन प्रक्रिया मे केवाईसी अपडेट न हो पाने के कारण डाटा का मिलान नही हो पा रहा था अतः संदेह वश जब पूछा गया तो स्वीकार करने से मना कर दिया एंव स्वंय को विकास कुमार चौहान पुत्र अयोध्या प्रसाद बताया। परन्तु जब परीक्षा केन्द्र पर तैनात पुलिस बल की सहायता से सख्ती से पूछताछ की गयी तो उक्त सम्मिलित अभ्यर्थी ने अपना सही नाम



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सत्यम कुमार पुत्र मुकेश प्रसाद सिंह निवासी ग्राम टीवर, पो. चकना वादा थाना एनटीपीसी जिला पटना बिहार बताया। विकास कुमार चौहान पुत्र अयोध्या प्रसाद के स्थान पर फर्जी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा मे सम्मिलित सत्यम कुमार पुत्र मुकेश प्रसाद सिंह ने यह भी बताया कि कुछ पैसो के बदले उसने यह काम किया है। उक्त के सम्बन्ध में साल्वर सत्यम कुमार पुत्र मुकेश प्रसाद सिंह निवासी ग्राम टीवर, पो. चकना वादा थाना एनटीपीसी जिला पटना बिहार को 5.1.25 को पुलिस ने गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

7 जनवरी को को उ.नि. उमेशचन्द्र यादव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त अश्वनी कुमार चौधरी पुत्र कृष्णानन्द निवासी सोनाडीह अमिला थाना घोसी जनपद मऊ को हीरापट्टी जाने वाले रास्ते के किनारे करतालपुर मे डीह बाबा के स्थान पुलिस ने हिरासत पुलिस में ले लिया

## पैसे के लालच में दी थी परीक्षा

**आजमगढ़।** गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मेरा नाम अश्वनी कुमार चौधरी पुत्र कृष्णानन्द निवासी-सोनाडीह अमिला थाना घोसी जनपद मऊ है। पटना मे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान सुमन कुमार पुत्र मुकेश कुमार सिंह निवासी ढीवर पोस्ट चकनावादा थाना एनटीपीसी जिला पटना से दोस्ती हुई थी। मेरे गांव का अमित कुमार गुप्ता पुत्र जवाहर लाल जो गोरखपुर मे रहता है जिसकी सुमन कुमार से भी मित्रता है। हम सभी लोग पैसे की लालच मे परिक्षार्थी विकास कुमार चौहान के स्थान पर साल्वर सत्यम कुमार का कूट रचित फोटो आधार कार्ड मे परिवर्तित कर फर्जी आधार कार्ड तैयार कर हाई कोर्ट की परीक्षा मे सत्यम को बैठाये थे इस परीक्षा के लिए आठ लाख रुपए मे तय किया गया था। जिसमे चार लाख सत्यम कुमार को दिया जाना था तथा चार लाख मे हम तीनो लोग आपस मे बाट लेते। सत्यम को परीक्षा मे बैठने के लिये दस हजार रुपए दिय गये थे। शेष पैसा उत्तीर्ण होने पर दिया जाता। अमित कुमार गुप्ता ही विकास कुमार चौहान को हम लोगो से मिलवाया था तथा पूरी डील किया था अमित कुमार गुप्ता व सुमन द्वारा सत्यम को विकास चौहान के स्थान पर परीक्षा देने के लिये भेजा गया था जिसे मैने परीक्षा सेन्टर पर लाकर छोडा था मेरे पास से जो तीन मोबाइल मिली है उसमे से दो मोबाइल मेरी है तथा एक मोबाइल सत्यम की है। इसी मोबाइल से हम लोग वाट्सएप से बात करते थे उसके बात डाटा डिलीट कर देते थे।

## जमीन विवाद में पट्टीदारों में मारपीट, एक की मौत

**पवई (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गालिबपुर गांव में सोमवार की देर रात जमीन के लिए दो पट्टीदारों के बीच मारपीट में एक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव के लालू और उनके पट्टीदार रामकृपाल के बीच काफी दिनों से जमीन के लिए विवाद चल रहा था। सोमवार की देर रात करीब 11बजे इसे लेकर दोनों लोगों के बीच कहासुनी शुरू हुई जो मारपीट तक पहुंच गई। मारपीट में लालू 38 वर्ष पुत्र सेसनू की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पवई अनिल कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। मारपीट के समय मृतक लालू की पत्नी घर पर नहीं थी। वह मायके गई हुई थी। लालू के मौत की सूचना मिलने पर रात करीब एक बजे घर पहुंची। मृतक लालू चार पुत्रियों का पिता था। मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी मौत के बाद से पुत्रियों के सिर से पिता का साया छिन गया। वहीं थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

# परिवहन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

### बाइक व कार सवारों को गुलाब का फूल देकर किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**पटवध (आजमगढ़)।** भंवरनाथ चौराहे पर आरटीओ विभाग के अधिकारियों द्वारा मंगलवार को अपराह्न दो बजे चार पहिया वाहनों को सीट बेल्ट तथा बाइक सवारों को हेलमेट लगाने को लेकर गुलाब का फूल देते हुए जागरूक किया गया। जागरूकता के दौरान एक बाइक सवार ऐसा भी दिखा कि आगे लगे हुए नंबर प्लेट के ऊपर दूसरा प्लेट लगाकर ढका था जिस पर लिखा गया था माता और पिता। उस युवक को भी आरटीओ प्रवर्तन डॉ.आर्यन चौधरी द्वारा जागरूक करते हुए माता-पिता लिखा हुआ नंबर प्लेट ऊपर से निकालने को कहा गया। इस दौरान लगभग 50 लोगों को गुलाब का फूल देकर जागरूक करते हुए सुरक्षित चलने की सलाह दी गई।



बाइक से नम्बर प्लेट हटवाती आरटीओ विभाग की टीम।

आरटीओ प्रवर्तन डॉ.आर्यन चौधरी ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत ठेकमां, बरदह तक रोड की जांच पड़ताल की गई। जहां ठेकमा के पास फोरलेन रोड पर एक साइड से पुलिया बनी थी दूसरे साइड से नहीं बनी थी, वहां कोई सांकेतिक चिह्न नहीं लगाए गया था जिसकी वजह से आयेदिन एक्सीडेंट होते हैं। वहीं गंभीरपुर के पास रोड पर काफी दूर तक मिट्टी का ढेर लगा हुआ था जिसकों लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग को बताया गया।

पीडब्ल्यूडी विभाग ने पुलिया निर्माण और चेतावनी बोर्ड को जल्द लगवाने की बात कही। इस मौके पर आरआई पवन सोनकर, एआरटीओ प्रवर्तन अतुल यादव मौजूद थे।

# गरीब, विकलांग, विधवा महिलाओं को वितरित की गई साड़ी

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान शब्दभेदी सेना के तत्वावधान में हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज विकासखंड अंतर्गत रामकृष्ण विद्या मंदिर इंटर कालेज चांदपुर पटवध के प्रांगण में सम्राट पृथ्वीराज चौहान शब्द भेदी सेना के नेतृत्व में गरीब, विकलांग, विधवा महिलाओं को संस्था के जिलाध्यक्ष सुनील चैहान की तरफ से साड़ी वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन चौहान, विशिष्ट अतिथि के रूप में डा.इंदल चैहान एमबीबीएस वाराणसी, संयोजक के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय चौहान, कालेज के प्रबंधक सरवन राय,पटवध ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामन्टू उपाध्याय, बिलरियागंज मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राय, पारस चौहान, प्रदीप सहाय, अशोक यादव भूतपूर्व सैनिक, श्रीनाथ यादव भूतपूर्व सैनिक, संतराज चौहान महासचिव, राममिलन



साड़ी वितरण कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।

सरोज, राजन चौहान, रमेश चौहान, संतोष चौहान, हरकेश गुप्ता, अजीज अंसारी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष सुनील चौहान ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि पवन चौहान ने कहा कि मैं गरीब परिवार का बेटा गाजीपुर से हूं। मैंने गरीबी को देखा है इसलिए मेरे मन में उठा कि मैं गरीबों का उत्थान करूंगा, गरीबी भगाऊंगा। इसके तहत मैंने एक संगठन तैयार किया और संगठन के माध्यम से गरीबों की सेवा में हमेशा लगा रहता हूं।

किसी को घर तो किसी को इलाज के लिए पैसा किसी के बेटे बेटियों को पढ़ाने में मदद यही मेरी कार्यशैली रही है। सुनील चौहान सहित अन्य पदाधिकारीयों ने भी अपना विचार रखा।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

**शपथ ग्रहण**

**बार और बेंच का तालमेल बनाये रखने का दिया आश्वासन**

**अधिवक्ता हित को सर्वोपरि रखकर पदाधिकारी करेंगे कार्य**

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर(आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील बार एसोशिएसन के चुनाव में अध्यक्ष एवं महामन्त्री सहित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। पदाधिकारियों ने बार और ब्रेंच का तालमेल बनाये रखने का आश्वासन दिया।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष पीसी लाल श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम अध्यक्ष विनोद यादव एवंमहामंत्री संजय यादव को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके बाद कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अग्रवाल बाबू, कनिष्ठ



पद व गोपनीयता की शपथ लेते पदाधिकारी।

उपाध्यक्ष इम्तियाज अहमद एवं विनोद कुमार शास्त्री, उपमंत्री ओम प्रकाश चौहान,उपमंत्री प्रकाशन अंगद यादव, उपमंत्री प्रशासन अतुल राय एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलायी गयी।

वक्ताओं ने अधिवक्ताओं के हित को सर्वोपरि रखकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य राम सूरत राजभर का लोगों ने स्वागत किया।

विशिष्ट अतिथि ग्रामीण न्यायालय फूलपुर के जज हर्ष आनन्द, उपजिलाधिकारी सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी एवं तहसीलदार कमल कुमार सिंह ने बार एशोसिएशन के नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बार ब्रेंच की गरिमा को बनाये रखने की अपील किया। विधायक प्रतिनिधि विजय बहादुर यादव, बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यबार कौंसिल उतर प्रदेश मधुसूदन त्रिपाठी ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पूर्व अध्यक्ष राम नरायन यादव,इंदुशेखर पाठक,रमेश चंद शुक्ला,देशराज यादव, इश्तियाक अहमद, विनोद कुमार यादव, श्रीराम यादव, कमलेश कुमार, इंद्रेश कुमार, महेंद्र यादव, राजकुमार प्रजापति, जलालुद्दीन, अंगद यादव, शमीम काजिम, रामानन्द यादव, हृदयशंकर मिश्रा, इकबाल अहमद, श्रीनाथ सिंह, फूलचंद यादव, नितिन सिंह, विजय सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता पीसी लाल श्रीवास्तव एवं संचालन मंत्री घनश्याम तिवारी एवं राम नरायन यादव ने किया।

## बिना हेलमेट, सीटबेल्ट वालों को गुलाब का फूल देकर किया गया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत संभागीय परिवहन विभाग द्वारा बिना हेलमेट, सीटबेल्ट वालों को गुलाब का फूल देकर हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया।



गुलाब का फूल देकर हेलमेट व सीटबेल्ट के लिए प्रेरित करते परिवहन विभाग के अधिकारी।

सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आरटीओ द्वारा भंवरनाथ चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट, सीटबेल्ट वालों को गुलाब का फूल देकर उनको हेलमेट व सीटबेल्ट का निर्देश देते हुए प्रेरित किया गया तो वहीं आगे बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों व नंबर प्लेट के ऊपर नंबर की जगह कुछ और लिखकर चलने वालों का चालान भी काटे गए। इस दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी आर एन चौधरी ने बताया ने बताया कि ठंड व कोहरे के कारण काफी दुर्घटनाएं हो रही है और पब्लिक की सुरक्षा के लिए ही यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि वह सुरक्षित रहें अगर कोई दुर्घटना होती है तो हेलमेट रहने के कारण उनका जीवन बढ़ सकता है पीडब्ल्यूडी विभाग को भी कहां गया है कि सड़कों पर सफेद पट्टी लगवा दें जिससे कोहरे में चलने वाले यात्रियों को सड़क साफ दिखाई दे जिसे दुर्घटना की संभावना कम हो चेकिंग के दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी आर. एन. चौधरी, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अतुल कुमार यादव, पवन कुमार सोनकर, आर आई सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकार सर्वे कराकर गरीबों को करे कर्ज से मुक्तः विनोद सिंह

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** भाकपा-माले और उसके जन संगठन अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा ने उबारपुर लक्ष्मीपुर ग्राम पंचायत पर एक दिवसीय धरना दिया। राष्ट्रपति को संबोधित 9 सूत्रीय मांगपत्र पंचायत सचिव उबारपुर लक्ष्मीपुर को सौंपा।




उबारपुर लक्ष्मीपुर में धरना देते भाकपा माले व अन्य।

धरना को सम्बोधित करते हुए भाकपा-माले जिला प्रभारी कामरेड विनोद सिंह ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं बुरी तरह माइक्रो फाइनेंस कम्पनियों के कर्जे के मकड़जाल में फंस चुकी हैं। जिसके चलते पलायन और आत्महत्या का सिलसिला सा चल चुका है। काम के अभाव में लोग घरों में ताला लगा कर भाग रहे हैं, तो कुछ जगह आत्महत्याएं हो रही हैं। सरकार सर्वे कराकर गरीबों को कर्ज से मुक्ति दिलाए, अन्यथा की स्थिति में भाकपा-माले गरीबों को जागरूक कर आन्दोलन तेज करेगी। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के लालगंज प्रभारी कामरेड हवलदार राम ने कहा कि नोटबंदी जीएसटी, लाकडाउन के चलते जहां भारी पैमाने पर लोग बेरोजगार हो गये वहीं योगी मोदी सरकार ग्रामीण गरीबों को गांवों में काम देने की बजाय मनरेगा को शिथिल कर पलायन के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों को साल भर काम, आवास, पेंशन आदि की गारंटी नहीं की तो अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा आन्दोलन तेज करेगी। धरना में अर्जुन, लालबहादुर राम, दसई,फिरन्ती सुबास, राजेश, आशीष,महेश सुशीला आदि मौजूद रहीं।अध्यक्षता एवं संचालन कामरेड भीम ने किया।

## घने कोहरे से आलू की फसल हो सकती है खराब

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** शीत लहर और घना कोहरा फसलों पर ज्यादा असर डाल रही है जिसके चलते आलू की फसल प्रभावित हो सकती है। इसके लिए खेत में हल्की सिंचाई करते रहना चाहिए, इससे मिट्टी का तापमान कम नहीं होता है। नर्सरी के पौधों एवं सब्जी वाली फसलों को लो टनल पाली हाउस में उगाना अच्छा रहता है। विकासखंड मार्टिनगंज के सहायक विकास अधिकारी कृषि राघवेंद्र राय ने बताया कि केला एवं पपीता की फसल 10 डिग्री सेंटीग्रेड चेक कर कम तापमान होने पर वृद्धि प्रभावित होने लगती है। पौधे झूलते हुए दिखाई देते हैं। दीर्घकालिक उपाय के रूप में फसलों को बचाने के लिए खेत की मेनन पर अवरोध पेड़ जैसे शीशम बबूल और जामुन लगा देना चाहिए। शीतलहर से फसल का बचाव होता है। उन्होंने किसानों को बताया कि रात में सिंचाई करते समय खेत में अलाव एवं शरीर को गर्म कपड़े से ढक कर रखें। अपनी त्वचा को नियमित रूप से तेल से मसाज करते रहें। पर्याप्त प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और पर्याप्त तरल पदार्थ संभव हो गर्म तरल पदार्थ खाएं। बाहरी गतिविधियों से बचें या सीमित करें। गुनगुना पानी पिएं और अपने शरीर को गर्म कपड़ों से ढकें, बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। नर्सरी के पौधे और सब्जी वाली फसलों को लो टनल पाली हाउस में उगना बेहतर है।

# अकीदत के साथ मनाया गया सैयद अली बाबा का उर्स-ए-पाक

**आयोजन**

**मन्नतें पूरी होने पर जायरीनों ने मजार पर चढ़ाई चादर**

**लंगरखाने के बाद देर रात तक चला कौव्वाली का कार्यक्रम**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** नगर के मोहल्ला कोट किला स्थित हजरत मोहम्मद सैयद अली बाबा का उर्स-ए-पाक बड़े ही अकीदत व मोहब्बत के साथ मनाया गया। हजरत मोहम्मद सैयद अली बाबा कीमजाऱ के आस-पास दुकाने सजी हुई थी। लोग पूरी कचैड़ी खिलौना आदि खरीदते हुए दिखाई दिए। हजरत मोहम्मद सैयद अली बाबा की मजार को दुल्हन की तरह सजाया गया था।

सुबह में कुरानखानी हुई। सायं 4 बजे से मोहल्ला गुलामी का पूरा स्थित वकील अहमद के आवास से उर्स के



सैयद अली बाबा की मजार पर चादर चढ़ाने जाते जायरीन।

मोतवल्ली वकील अहमद द्वारा चादर व गागर का जुलूस निकाला गया। जो मोहल्ला गुलामी का पूरा होते हुए बाजबहादुर सरदार खां की मस्जिद, कोट राजा का किला स्थित हजरत मोहम्मद सैयद अली बाबा की मजाऱ पर चादर पोशी की गई। जायरीनो ने उनकी मजार पर चादर पोशी करके दुआएं मांगी और मिष्ठान चढाये। मोतवल्ली वकील अहमद ने कहा कि बाबा की मजार पर जिसकी भी मन्नते पूरी होती हैं वह आकर चादर और मिष्ठान चढ़ाता है। यहां हर तबके के लोगों की मुरादें पूरी होती हैं चाहे वह किसी भी जाति धर्म बिरादरी का हो। यहां पर हिन्दू-मुस्लिम एकता की एक बहुत बड़ी मिसाल कायम होती है। देर शाम लंगरखाने के बाद कव्वाली का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर वकील अहमद खां, जहीर अहमद, आरिफ खान, समीर अहमद, अरशद खान, अरमान खान, सैफ खान, रियाज खान, नगमान आदि उपस्थित थे।

## संक्षेप

### किसानों को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण



**लालगंज (आजमगढ़)।** नेशनल मिशन ऑन एडिबिल सीड्स योजना अंतर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम लालगंज विकास खंड सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें किसानों को सरसों, अलसी और सूरजमुखी की फसल के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में डॉ.वेद प्रकाश द्विवेदी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन सलाहकार, अवधेश सिंह सहायक विकास अधिकारी कृषि, प्रदीप यादव सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा, राहुल मिश्रा बीज गोदाम प्रभारी, मनोज यादव, शमशेर सिंह, अवनीश राय, रामकृपाल सिंह, राकेश सिंह, आकृति दत्त, राममिलन आदि मौजूद रहे। उपस्थित जनों को अवगत कराया गया कि अधिक से अधिक सरसों, अलसी और सूरजमुखी की फसल की उन्नत किस्म के बीज की बुआई की जाए, वैज्ञानिक पद्धति से इसकी देखभाल की जाए ताकि लोगों को असली खाद्य तेल प्राप्त हो सके और सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़ सके।

### नाले में गिरने से वृद्धा की मौत



**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** बरदह थाना क्षेत्र के बक्सपुर गांव निवासिनी फातिमा 75 वर्ष पत्नी स्व.इजहारुल सोमवार की शाम 4.30 बजे अपने घर से निकली जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। गांव के बगल में ही ईरनी गांव की गौशाला के पास बह रहे नाले में लड़खड़ाकर गिरने से उनकी मौत हो गई। ग्रामीण और आसपास के लोगों ने जब मंगलवार की सुबह देखा तो नाला में मृत पड़ी पाई गई। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने 100 नंबर बुलाया और मौके पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह और पुलिस पहुंच गयी। ग्रामीणों ने शव की पहचान बक्शपुर निवासिनी फातिमा के रूप में की। इनके तीन लड़कियों की शादी हो चुकी है,एक पुत्र है जो मस्कट में रह कर काम करता है। घर पर किसी अन्य सदस्य के न होने के कारण गांव के प्रधान दानिश पुत्र एकलाक अहमद ने वृद्धा की मौत की जानकारी बरदह थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह को दी। थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण से होती है दुर्घटना



**फूलपुर (आजमगढ़)।** फूलपुर तहसील मोड़ व रेलवे क्रासिंग चैराहे पर जहां ट्रेनों के आवागमन के समय बृहद रूप से जाम लगता है तो वहीं सड़क की पटरियों तक सब्जी फल अन्य दुकान लगने, सड़क पर वाहन खड़े रहने की वजह से आयेदिन छोटी-छोटी दुर्घटना होती रहती है। ठेला सड़क पर लगी दुकानों की आड़ से निकलने वाले वाहन सीधे मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों की टक्कर होती रहती है। लोग सड़क पर गिर कर घायल होते रहते हैं। क्षेत्रवासी बहादुर बतीस यादव, देवेंद्र सिंह, मो.आमीर, मनीष पाल, इम्तेयाज, इकबाल आदि ने स्थानीय प्रशासन सहित उच्चाधिकारियों से सड़क की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। उपजिलाधिकारी फूलपुर सुरेन्द्र नरायन त्रिपाठी ने बताया कि शाम के समय इस चौराहे पर भीड़ हो जाती है उसके लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। समीक्षा करुंगा, सड़क की पटरियों को मुक्त कराया जाएगा।

### आलोक कुमार पाठक को आजए ने किया सम्मानित



**आजमगढ़।** आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडेय एवं जिलाध्यक्ष विशाल सिंह द्वारा आलोक कुमार पाठक मुख्य जीवन बीमा सलाहकार एवं निर्विरोध गोरखपुर मंडल अध्यक्ष मंडल भारतीय जीवन बीमा निगम के रैदोपुर स्थित कार्यालय पहुंचकर निर्विरोध गोरखपुर मंडल अध्यक्ष भारतीय जीवन बीमा निगम को सम्मान पत्र एवं संगठन की वार्षिक पत्रिका भेंट की। जिलाध्यक्ष विशाल सिंह द्वारा अंग वस्त्रम मोमेंटो एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडेय ने कहा कि आलोक पाठक ने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में गरीबों मजलूमों की मदद करने का काम किया। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष रुचि लेने के कारण इन्हें सम्मानित किया गया है। जिलाध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि आलोक पाठक बहुत ही मिलनसार व्यक्ति हैं। इनका साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष योगदान रहता है। अपने सम्मान से अभिभूत आलोक कुमार पाठक ने कहा कि संगठन ने जो हमारा सम्मान किया है उसके प्रति में आभार प्रकट करता हूं। भविष्य में संगठन की जहां हमारी जरूरत पड़ेगी, हम हर संभव मदद करने के लिए तैयार रहेंगे।

### एएनएम की बैठक में की गयी टीकाकरण की समीक्षा



**निजामाबाद आजमगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तहबरपुर के सभागार में मंगलवार को दोपहर एक बजे से चार बजे तक ऐ एन एम की बैठक हुई। बैठक में गर्भवती महिलाओं की देखभाल, शिशुओं के टीकाकरण आदि की समीक्षा की गई। तथा उन्हें टीकापुर को पोर्टल पर अपलोड करने के गुण बताए गए। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा सुशील अग्रहरी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप शासन द्वारा क्रियान्वित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना लक्ष्य है। कोई भी अछूता न रह जाए। उन्होंने कहा कि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करें। कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान वी पी एम देवांशु गौड, अवधेश सहित सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

### पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस भर्ती व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**आजमगढ़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र, आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाईन आजमगढ़ में प्रचलित उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रोन्नत बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/ पीएसटी) के अवसर पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### 57 मरीजों को मिला निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श



**आजमगढ़।** रमा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 57 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डॉ. खुशबू सिंह ने कहा कि मौसम काफी ठंड है ऐसे में शरीर पर गर्म कपड़े का प्रयोग करें व कानों को अच्छी तरह बांध के रखें जिसे ठंड हवा न लगे व खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें साथ ही घरों को भी साफ सुथरा रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सकें। गर्भवती महिलाए स्वच्छ गुनगुना पानी पिए और हरी सब्जी का प्रयोग करें व मसालेदार खाने से परहेज करें लापरवाही बिल्कुल न करें। गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा-बच्चा दोनों ठीक रहे। उन्होंने कैम्प का लाभ उठाने वाली महिलाओं से कहा कि अब से यह कैम्प महीने के पहले मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। रमा चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ. अमित सिंह ने बताया की कुल 57 महिलाओं का निशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हमारा लक्ष्य की हर वह व्यक्ति जो गरीब से गरीब तबके का है उनके घर की गर्भवती महिलाएं इस शिविर में जांच जरूर करवाएं जिससे जच्चा बच्चा दोनों का प्रशिक्षण कर देखा जा सकें कि वह स्वस्थ है। हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की पहले मंगलवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

# दो सगी नाबालिग बहनों को भगाने के दो आरोपी गिरफ्तार


गिरफ्तार आरोपी के साथ पुलिस टीम

जनसदेश न्यूज

सफलता

## पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अहरौरा।** महिला द्वारा विगत 17 दिसम्बर को अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध वादिनी की नाबालिग दोनों पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में अहरौरा थाना में लिखित तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। 6 जनवरी को एसआई संजय कुमार सिंह व एसआई महेन्द्र कुमार मय पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व मुखबिर सूचना के आधार पर लखनऊ से दोनों आरोपी राम गोपाल 25 वर्ष व मुकेश कुमार 29 वर्ष पुत्र कलेक्टर लाल निवासीगण ग्राम बेहड़ा थाना महोली जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और किशोरियों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। विश्व हिंदू परिषद के विधिक पदाधिकारी अमरेश तिवारी ने बताया कि उपरोक्त वादिनी के दोनों पुत्री रुस्तम पुत्र सिराजु अली के साथ भाग गई थी जो गांव के अन्य सहयोगीयों के साथ से मिलकर भाग गया था और ले जाकर शादी कराकर धर्म परिवर्तन करा दिया। तभी वादिनी ने स्थानीय थाना में तहरीर दिया जिसके आधार पर पुलिस ने दो लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं सिराजु अली जमानत कराकर घर आ गया और रुस्तम अभी जेल में बंद हैं। बताया कि पीड़ित वादिनी के दोनों पुत्रियों को ग्राम बहेड़ा थाना महोली जनपद सीतापुर निवासी रामगोपाल व मुकेश कुमार पुत्रगण कलेक्टर लाल ने बहला फुसलाकर भगा ले गया था और अन्य कार्यवाही के लिए पीड़ित वादिनी भटक रही है।

## क्षयरोग उन्मूलन में तेजी लाने का दिया निर्देश

**मड़िहान।** विकास खंड की पीएचसी प्रभारी डाक्टर अभिषेक जायसवाल ने राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक सौ दिवसीय सघन क्षय रोग अभियान 30 दिसंबर से चालू है। जिसमें 60 वर्ष से ऊपर मधुमेह रोगी, धूम्रपान और नशा करने वाले व्यक्ति, टीवी के उपचार ले चले व्यक्ति, टीवी के उपचार ले रहे। रोगियों के परिवार के लोग, कुपोषित बच्चे, टीबी के लक्षण वाले संभावित रोगी, मलिन बस्ती, झुग्गी झोपड़ी, भीड़ भाड़ में रहने वाले लोगों की पहंचान घर-घर जाकर आशा, एनम, आंगनबाड़ी स्क्रूटम (बलगम) टीशू और एक्स-रे कराया जायेगा।

पीएचसी प्रभारी डाक्टर अभिषेक जायसवाल ने बताया कि सभी सीएचओ और एनम को सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है जिनके द्वारा प्रतिदिन की रिपोर्ट देनी होती है। पीएचसी पटेहरा में कुल क्षय रोगी 153 है। हेल्थ एटीएम मशीन उपलब्ध है। सभी सुपरवाइजर को सर्वे समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के कड़े निर्देश जारी किए गए है। शिथिलता बरतने वाले के विरुद्ध अगले सप्ताह में नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा।

# गरीबों से मुंहमांगा रुपया ऐंठ रहे झोलाछाप डॉक्टर

जनसंदेश न्यूज

उच्चाधिकारी मौन

## शिकायत के बाद भी बरस रही अधिकारियों की कृपा

**लालगंज।** विकासखंड बाजारों एवं क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टर की भरमार देखा जा रहा है। बीमारी के नाम पर गरीबों से मुहमांगा रुपया ऐठ रहे है। बिना बीमारी का किया जा रहा है। इलाज जबकि इन अनरजिस्टर्ड चिकित्सकों की सम्बन्धित अधिकारी के यहा खिलाफत किए जाने के बावजूद भी इनके खिलाफ करवाई सुनिश्चित नहीं की जा रही है।

क्षेत्र के लालगंज बाजार, बरौधा, दुबार कला, लहगपुर बाजार एवं ग्रामीण अंचल में अनरजिस्टर्ड छोला छाप डॉक्टर अपना नर्सिंग होम खोलकर अनजान गरीबों को बिना बीमारी का बोतल टागकर मनमानी पैसा वसूला जा रहा है। वहीं चिकित्सक को यह नहीं पता है की बीमारी क्या है हर बीमारी का एक ही इलाज बोतल टाग कर मनमाना रुपया वसूल कर रहे हैं। आए दिन लोग गलत इलाज के चलते मौत के मुंह में भी चले जा रहे हैं किंतु इनके ऊपर अंकुश लगाने वाले उच्चा अधिकारी मुक बने बैठे हैं। लोगों का मानना है कि इन झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ उच्चा अधिकारियों द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। इस बिंदु पर लोग सोचने को विवश है। इन झोलाछाप डॉक्टर की शिकायत आम लोगों द्वारा बराबर उच्चा अधिकारियों के यहा जाने के बावजूद भी इन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जबकि संबंधित अधिकारी लालगंज बाजार, बरौधा, दुबार कला, लहगपुर बाजार में कितने झोलाछाप डॉक्टर नर्सिंग होम बना कर काम कर रहे हैं सब पता है। क्षेत्र के सामाजिक एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उच्चाधिकारियों से अपील की है कि इन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो जिससे गरीबों को उनके शोषण से बचाया जा सके।

## विद्युत पोल से टकराकर चालक सहित तीन घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग गढ़वा गांव के पास सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल से बाइक सवार अनियंत्रित होकर टकराकर बाइक चालक सहित सवार दो लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस के कर्मियों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बाइक चालक की हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के बरी गांव निवासी 21 वर्षीय नागेंद्र अपने साथी गांव निवासी 22 वर्षीय आशीष कोल व 13 वर्षीय रामलखन निवासी बरी के साथ लालगंज की तरफ जा रहे थे। वह जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग पर गढ़वा गांव के पास पहुंचे कि सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल से टकराकर साथी सहित गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 पर दिया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बाइक चालक नागेंद्र की हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। दो लोगों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## कंतित शरीफ उर्स में जायरीनों का लगा तांता



**मीरजापुर।** कंतित शरीफ सालाना उर्स के दूसरे दिन मंगलवार को दिनभर जायरीनों का तांता लगा रहा। जायरीनों ने मजार पर चादरपोशी कर दुआएं मांगी। विंध्याचल के आसपास इलाकों सहित पूर्वांचल के कई जनपदों से हजारों की तादाद में महिला, पुरुष और बच्चे पहुंचे। बाबा के मजार पर चादरपोशी के उपरांत जायरीनों ने मेला का भ्रमण कर अपने जरूरत के वस्तुओं की खरीदारी कर मेले का आनंद उठाया। हजरत ख्वाजा सैयद इस्माइल चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स पर कंतित शरीफ की दरगाह पर चादर पोशी कर दुआएं मांगने का मंगलवार की सुबह से शुरू हुआ सिलसिला देर शाम तक अनवरत जारी रहा। मेला क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की दुकान लगी हुई थी। मेला क्षेत्र में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से तगड़े इंतजाम किए गए। कड़ाके की ठंड की परवाह किए बगैर बाबा के दर पर जियारत करने वालों का ताता लगा रहा।

## खाई में कूदी पिकप, चालक घायल

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के हिनौता गांव के पास सड़क किनारे खाई में पिकप पलटने से चालक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घायल चालक को एम्बुलेन्स द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मे भर्ती किया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जबकि पिकप में सवार दूसरे साथी को मामूली चोट लगी। चुनार थाना क्षेत्र के दुल्हाडौर नुनौटी गांव निवासी 30 वर्षीय रंजीत कुमार अपने साथी छोटे लाल के साथ पिकप लेकर मंगलवार की सुबह नदिहार सब्जी मंडी टमाटर लादने जा रहा था। जैसे ही हिनौता गांव के पास पहुंचा तभी घना कोहरा होने के कारण राजगढ़ चुनार मार्ग पर बना तीव्र मोड़ दिखाई नहीं दिया और पिकप सीधे पांच फीट नीचे खाई में कूद गई। जिससे पिकप चालक रंजीत कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। साथी छोटे लाल को मामूली चोटें आई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेन्स द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहा रंजीत की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

## विषैले जंतु के दंश से महिला की बिगड़ी हालत

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के खोराडीह गांव में सोमवार की रात विषैले जंतु के काटने से महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने मंगलवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। खोराडीह गांव की 38 वर्षीय पूनम सोमवार की रात भोजन करने के बाद सोई हुई थी। इसी दौरान कोई विषैला जंतु विस्तर में घुसकर सो रही महिला को डस लिया। महिला ने इसकी जानकारी परिजनों को दिया। परीजन आनन-फानन में महिला को झाड़ फूक कराने के लिए ले गए। जहां हालत में सुधार न होने पर महिला को सीएससी राजगढ़ में भर्ती कराये। जहां इलाज चल रहा है।

## ठंड से वृद्ध की मौत

**मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के चड़ेरू चौकठा गांव निवासी 60 वर्षीय सत्तार उर्फ मोटू पुत्र सुबराती की ठंड के प्रकोप से बीती रात मौत हो गई। पुलिस को सूचना दिए बगैर परिवार वालों ने अंत्येष्टि कर दिया। मृतक के बेटे सोनू ने बताया कि बीती रात एक बजे अचानक ठंड के कहर से चंद मिनट में ही पिता की मौत हो गई। लेखपाल उमेश तिवारी ने बताया कि ठंड से अधेड़ के मौत की सूचना मिली है। किंतु परिवार वालों ने शव दफना दिया। मृतक तीन बेटों व तीन बेटियों का पिता था। वह रोजी रोजगार करके परिवार का पालन पोषण करता था। घर के कमाऊ सदस्य की मौत को लेकर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं गांव का माहौल गमगीन हो गया।

## मोटर पंप उखाड़ ले गये चोर

**जिगना।** थाना क्षेत्र के सिहावल गांव में बीती रात चोरों ने सामुदायिक शौचालय के गेट पर स्थित समरसिबल मोटर पंप चोर उखाड़ ले गए। केयरटेकर रामकली ने बताया कि पुलिस व संबधित अधिकारियों को लिखित रूप से घटना की सूचना दी गई है। थाना प्रभारी शैलेश राय ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## हाइवा की चपेट में आने से किसान की मौत

**अदलहाट।** थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग स्थित हाजीपुर गांव के सामने मंगलवार को सायं तीन बजे हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार एक अधेड़ किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बाद शव को अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया। वहीं हाइवा चालाक हाइवा लेकर फरार हो गया। अहरौरा थाना क्षेत्र के बरबकपुर गांव निवासी नंदलाल सिंह उम्र 55 वर्ष पुत्र स्व0 नन्हकू पटेल अपने बाइक से किसी काम से मीरजापुर गए थे। वापसी में अदलहाट होते हुए अपने घर लौट रहे थे। वह जैसे ही अदलहाट थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के सामने पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहीअनियंत्रित हाइवा ने कुचल दिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## सरिया बेचने जा रहे जेई को अधिकारी ने पकड़ा

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान क्षेत्र के बिरोहिया बियर साइड से अवर अभियंता रामबाबू गुप्ता द्वारा ट्रक में सरिया लादकर मंगलवार को बाजार में बेचने जा रहे थे। रस्ते में थाना कोतवाली देहात के बरकछा चौकी से 100 मीटर की दूरी पर उप राजस्व अधिकारी हीरालाल व उपखंड अधिकारी द्वारा रंगे हाथों पकड़ लिया गया। पूछताछ करते समय अवर अभियंता रामबाबू गुप्ता द्वारा दोनों अधिकारियों को गाली गुप्ता देते हुए सरिया लड़ी ट्रक लेकर फरार हो गया। राजस्व अधिकारी ने बताया कि मीरजापुर नहर प्रखण्ड का एक साइड विरोहिया बियर जो थाना मड़िहान क्षेत्र में आता है। जहां के अवर अभियंता रामबाबू गुप्ता द्वारा स्टोर से सरिया ट्रक पर लादकर बाजार में बेचने का रहे थे। सूचना मिलने पर उन्हें रास्ते में रोककर पूछताछ किया जा रहा था। अवर अभियंता द्वारा गाली गुप्ता देकर मौके से ट्रक लेकर फरार हो गए।

# हृदयगति रुकने से सीआरपीएफ जवान की मौत, गांव में मातम

हृदयाघात

## राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

## पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन यात्रा में उमड़ी भारी भीड़

जनसंदेश न्यूज


मृतक की फाइल फोटो

**कछवां।** थाना क्षेत्र के बजरडीहा गांव निवासी व 76वीं बटालियन सीआरपीएफ जवान देवेन्द्र कुमार सरोज 55 वर्ष पुत्र स्व0 भग्गड़ राम सरोज की आकस्मिक मौत होने से गांव में मातम छा गया। देवेन्द्र कुमार सरोज जम्मू राज्य में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान अचानक हालत गंभीर हो गया। जिसे साथियों ने तत्काल हॉस्पिटल में भर्ती कराया लेकिन बीते रविवार को हृदयगति रुकने से दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना साथियों ने परिजनों को दिया। सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बताया गया कि देवेन्द्र कुमार सरोज 76वीं बटालियन सीआरपीएफ के जवान थे जोकि जम्मू में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान शनिवार को अचानक स्वास्थ खराब हो गया। जिन्हें साथियों द्वारा तत्काल एक हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां रविवार की सुबह अपने परिजनों से फोन पर बात किये। बात करने के पश्चात बाथरूम गये। इसी दौरान हृदयगति रुकने से दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना बटालियन द्वारा परिजनों को मिलने पर कोहराम मच गया। वहीं जवान का पार्थिव शरीर मंगलवार की भोर बनारस रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। जिसे परिजनों के साथ साथियो ने लेकर निज निवास पहुंचे। जहां जवानों ने राजकीय ससम्मान के साथ सलामी दिया। जिसके पश्चात पार्थिव शरीर को बजरडीहा गांव से अंतिम संस्कार के लिए बरैनी घाट के लिए अंतिम दर्शन यात्रा निकाला गया। इस दौरान स्वजनो समेत भारी संख्या में देश प्रेमियों व ग्रामीणों की भीड़ शामिल रही। वहीं मंगलवार की सुबह बरैनी गंगा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वहीं देवेन्द्र सरोज को पांच बच्चों में तीन पुत्री व दो पुत्र थे। जिनमें दो पुत्री और एक पुत्र की शादी हो चुकी है और एक पुत्र और एक पुत्री पढ़ाई करते हैं। पार्थिव शरीर को छोटे पुत्र सुधीर सरोज ने मुखाग्नि दिया। इस घटना से पत्नी बेसुध और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

## पागल कुत्ते ने बच्चे को काटकर किया घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नदना गांव में सोमवार को शाम घर के सामने खेल रहे तीन वर्षीय बच्चे को पागल कुत्ते ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर घर के अंदर मौजूद दस वर्षीय चचेरी बहन डंडा लेकर दौड़ी तो पागल कुत्ता बच्चे को छोड़कर भाग निकला। थाना क्षेत्र के नंदना गांव निवासी नागेंद्र का तीन वर्षीय पुत्र अनिल घर के सामने खेल रहा था। उसी दौरान पागल कुत्ता बालक पर हमला कर दिया कुत्ते ने बच्चे के चेहरे को पकड़ कर नोचने लगा बच्चे की चीख पुकार सुनकर घर के अंदर मौजूद अनिल की चचेरी बहन सुनैना हाथ में डंडा लेकर कुत्ते को भगाने के लिए दौड़ी तब जाकर पागल कुत्ता बच्चे को छोड़कर भाग निकला। पागल कुत्ते के हमले में बच्चे के चेहरे पर गंभीर जख्म बन गया। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल बच्चे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां पर मौजूद चिकित्सक विवेक खरे फार्मासिस्ट अजय ने बच्चे का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया।

# राशन वितरण में भ्रष्टाचार, सप्लाई इंस्पेक्टर की भूमिका संदिग्ध

**गैपुरा।** ग्रामसभा काशी सरपत्ती में राशन वितरण की व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए पूजा देवी को राशन कोटा सौंपा गया था। उन्हें निर्देश दिया गया था कि वे अपनी उचित दर दुकान के साथ-साथ काशी सरपत्ती के राशन का वितरण भी करें।

उप जिलाधिकारी सदर द्वारा विगत 20 दिसंबर को जारी किया गया था। लेकिन 6 को ग्रामसभा काशी सरपत्ती के कई महिलाएं और पुरुष सरकारी राशन प्राप्त करने के लिए ग्राम भावां के कोटेदार के पास पहुंचे। लेकिन कोटेदार ने यह कहते हुए उन्हें वापस लौटा दिया कि उन्हें अभी तक राशन प्राप्त नहीं हुआ है। पूजा देवी के सहायक जितेंद्र कुमार ने तीन बार काशी सरपत्ती की दुकान पर जाकर राशन वितरण की व्यवस्था की मांग की, क्योंकि राशन कार्डधारक उनके पास राशन लेने के लिए आ रहे थे। तब 6 जनवरी को पूजा देवी को काशी सरपत्ती का ई-पास मशीन, सरकारी कांटा और बाकी खाद्यान्न, जो कि कुल 101 क्विंटल 50 किलो था, प्राप्त हुआ। हालांकि, काशी सरपत्ती के सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदार ने केवल 31 क्विंटल 50 किलो गेहूं ही सौंपा। शेष 70 क्विंटल खाद्यान्न को सप्लाई इंस्पेक्टर के संरक्षण में खुले बाजार में बेचने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

ग्राम भावां के कोटेदार ने पूरा राशन नहीं मिलने के कारण अधूरा राशन रिसीव नहीं किया था। इसके बावजूद, सप्लाई इंस्पेक्टर ने दबाव डालकर जबरदस्ती राशन रिसीव करने को कहा, जबकि वे खुद मौके पर नहीं आए। जब सप्लाई इंस्पेक्टर से दूरभाष पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि काशी सरपत्ती के कोटेदार के पास राशन पूरा है और कोई भी कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कोई समस्या हो, तो वे मौके पर आकर राशन पूरा करवा देंगे।

## मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं : विनय आर्या


सम्बोधित करते अपर जनपद न्यायाधीश

**मीरजापुर।** जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा ।। के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कंतित शरीफ उर्स मेला में विधिक जागरूकता शिविर के मुख्य अतिथि अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सचिव विनय आर्या ने कैम्प का उद्घाटन फीता काटकर किया। शिविर का संचालन हाजी अमानुल्लाह अन्सारी वरिष्ठ अधिवक्ता मध्यस्थ ने किया। मो0 अस्फाक ने मुख्य अतिथि को बैच से अलंकृत कर स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव डी0एल0एस0ए0 विनय आर्या ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कंतित शरीफ हजरत ख्वाजा इस्माईल चिस्ती साहब के मजार पर गंगा जमुनी तहजीब का सन्देश ख्वाजा साहेब रहे। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। यह बात सूफी सन्त भी कहते है और न्याय पालिका भी इस बात मानती है। हमे इनका सम्मान और हिफाजत करना चाहिए। माह मार्च में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। वादकारी चेक बाउन्स, बटवारा, विद्युत अधिनियम, शमनीय दाण्डिक वादों के मुकदमों का निस्तारण कराने के लिए न्यायालयों में पंजीकृत करा सकते है। शिविर में सुरेश कुमार त्रिपाठी, विमला शंकर दूबे, महबूब आलम, विनोद कुमार सिंह, विष्णु सिंह, संजय कुमार यादव, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, मो0 आजम, मो0 एख्लाख अहमद, आजाद आलम, मुस्ताक भाई, दीपक श्रीवास्तव, रंजीत कुमार, कल्पना यादव, रेखा कुमारी, कुसुम गुप्ता, प्रीति सिंह, ओम प्रकाश कसेरा आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**अदलहाट।** चुनार विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर चुनार विधायक अनुराग सिंह ने मंगलवार को लखनऊ के कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस मुलाकात में विधायक अनुराग सिंह ने चुनार क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की। जिससे क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का समाधान हो सके। चुनार विधायक ने पी0डब्ल्यू0डी0 के कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत की। जिसमें पी0डब्ल्यू0डी0 खण्ड-2 के द्वारा सात मार्गो के लिए धन स्वीकृत किया गया था जो अभी भी अपूर्ण है। तथा वर्ष 2024 में लोक निर्माण विभाग खंड दो में नवीनी करण के लिए जो 12 करोड़ रुपए का आगड़न स्वीकृत हुआ है। उसमें बहुत सी रोड़े जो नवीनी करण लायक नहीं थी। उन्हें केवल सामान्य पैचिंग करके ही काम किया जा सकता था। उस पर धन का दुरुपयोग किया गया। साथ ही जिन रोडो को नवीनीकरण की आवश्यकता थी उसको छोड़ दिया गया। इसकी गहनता पूर्वक जांच के लिए लेटर देकर मुख्यमंत्री से वार्ता की जिस पर मुख्यमंत्री ने जांच कराकर कार्यवाही की बात कही।

# महाकुम्भ मेले के दृष्टिगत एसपी ने की समीक्षा

मुआयना

## चौबीसों घंटे ड्रोन कैमरे से की जायेगी निगरानी : एसपी

जनसंदेश न्यूज


तैयारियों का जायजा लेते कप्तान

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने मंगलवार को जिले की पश्चिमी सीमा पर थाना क्षेत्र के सुमतिया गांव के सामने मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर दो घंटे तक चेकिंग प्वाइंट मोर्चे की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। प्रयागराज में महाकुंभ मेले की सुरक्षा के तहत यहां स्नान पर्व पर खासतौर पर चौबीसों घंटे ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सड़क की पटरी के पास अस्थाई पुलिस चौकी कायम की गई है। साथ ही मोबाइल बैरियर का पुख्ता प्रबंध किया गया है। सड़क के दोनों छोर पर बालू की बोरियों का गोल घेरा बनाया गया है। जिसमें स्वचालित असलहे के साथ बुलेट प्रूफ जैकेट में एक-एक सिपाही तैनात रहेंगे ताकि विशेष परिस्थितियों में अपराधियों व आतंकियों के वाहनों की घेराबंदी की जा सके। यहां तक की मोबाइल बैरियर की विशेष रूप से पेंटिंग कराई गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 28 फरवरी महाकुंभ मेले की समाप्ति तक यहां मिशन मोड में पुलिस व पीएसी के जवानों की तैनाती रहेगी। जरूरत पड़ने पर अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की जाएगी। साथ ही आपातकाल कालीन परिस्थितियों में एक किलोमीटर पूरब दिशा में सड़क के बगल स्थित एक निजी अस्पताल में पांच बेड आरक्षित किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ओ0पी0 सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर, थाना प्रभारी शैलेश राय के अलावा यातायात पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद रहे।

# संक्षेप

## रक्षा मंत्री ने केदार दूबे को किया सम्मानित



**मीरजापुर।** अंगवस्त्रम ओढ़ाकर मंच पर सम्मानित करने गए माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष केदार नाथ दूबे को पलट कर केंद्री रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सम्मानित कर दिया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रादेशिक अधिवेशन आगरा में मंगलवार से शुरू हुआ। बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सम्मानित करने के लिए मंडल अध्यक्ष केदार नाथ दूबे को बुलाया गया। ज्यों ही श्री दूबे ने उन्हें अंगवस्त्रम ओढ़ाना चाहा, रक्षा मंत्री ने अंगवस्त्रम छीन लिया और पलट कर उन्हें ही ओढ़ाकर सम्मानित कर गए। उन्होंने काफी देर तक मंच पर ही श्री दूबे के घर, परिवार और विद्यालय का कुशल क्षेम लिया। बताते चलें कि रक्षा मंत्री और केदार नाथ दूबे नगर के केबी कालेज में लंबे समय तक साथ में काम कर चुके हैं। मंच पर दोनों शिक्षकों के प्रेमपूर्ण मिलन से पूरा सम्मेलन भाव विभोर हो गया।

## फॉर्मर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए किया गया प्रचार-प्रसार

**सीखड़।** कृषि विभाग एडीओ के नेतृत्व में विकास खण्ड के ग्राम पंचायत धन्नूपुर पसियाही, विद्यापुर, धनैता आदि ग्राम पंचायतों में कृषि विभाग के कर्मचारियों के द्वारा फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु व्यापक प्रचार प्रचार किया गया। वहीं कर्मचारियों द्वारा किसानों को बताया गया कि सभी किसान अपने नजदीकी सहज जनसेवा केंद्र से सम्पर्क करके अपने खतौनी आधार कार्ड मोबाइल नंबर ले जाकर फार्मर रजिस्ट्रेशन जरूर करा लें। विकास खण्ड के सभी 35 ग्राम पंचायत के किसानों से फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु सुझाव दिया जाएगा। अभियान में प्रभारी बीज गोदाम डा0 बिनेंद्र प्रताप सिंह, धर्मराज सिंह, संदीप कुमार, जयप्रकाश सिंह सहित सैकड़ों क्षेत्रीय ग्रामीण किसान रहे।

## चरकट में हाथ जाने से बालक की कटी उंगुली

**हलिया।** मंगलवार को सुबह घर पर चरकट मशीन में हाथ डालने से 5 वर्षीय बालक की दो अगुली कट गई। रोने की आवाज सुन कर पहुंचे परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। हलिया कस्बा निवासी सुरेन्द्र यादव का 5 वर्षीय पुत्र उपेन्द्र यादव घर पर लगे चरकट मशीन में हाथ डालकर चला दिया जिससे उसकी दो अगुली कट गयी। बालक के रोने की आवाज सुन कर मौके पर पहुचे परिजन आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि बालक की अगुली कट गई है। प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## बाइक की टक्कर से तीन घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ब्लाक मार्ग पर मंगलवार की सुबह बाइक सवार एक व्यक्ति ने सड़क के किनारे खड़े व्यक्ति को धक्का मारते हुए बाइक सवार सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहा पर पर चिकित्सक ने घायलों का उपचार किया है। हलिया बाजार निवासी विजय सोनी का 14 वर्षीय पुत्र असकर अपने बुआ का बेटा भारतगंज निवासी 13 वर्षीय आरुष के साथ बाइक से भटवारी की तरफ जा रहा था। जैसे ही ब्लाक रोड़ पर पहुंचा की सड़क किनारे खडे मल्ले खान को टक्कर मारते हुए बाइक सहित गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंचे ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा घायलों का उपचार चल रहा है। हालत सामान्य है।

## पिकप के धक्के से महिला घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी एक महिला मंगलवार को हथेडा गांव में अपना भूसा लदवाने गयी थी की पिकप भूसा लादने के बाद चालक बैक करने लगा। इसी दौरान पीछे खड़ी महिला इसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उपचार चल रहा है। हलिया कस्बा निवासी 55 वर्षीय नचकी हथेडा गांव में अपना भूसा बिक्री कर उसे लदवाने गई थी कि पिकप वाहन पर भूसा लादने के बाद चालक बैक करने लगा। इसी दौरान महिला धक्का मार दिया जिससे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उपचार चल रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि महिला के नाक में चोट आई है उपचार चल रहा है।

## बाइक से गिरकर महिला घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी एक महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। जिसका उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी सुदामा कोल की पत्नी ननकी 45 बहन के लड़का कलवारी गांव निवासी दशरथ के साथ बाइक पर बैठकर मंगलवार को सुबह बहन के यहां जा रही थी। जैसे ही अदवा नैडी मार्ग के सुखडा पास बेलगवा गांव पहुंची कि अचानक गिर गयी और मौके से चालक बाइक छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। महिला के सिर, पैर व हाथ में चोट आई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है हालत सामान्य है।

## शिव मंदिर में किया गया श्रृंगार पूजन

**लालगंज।** स्थानीय बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज स्थित शिव मंदिर में भव्य श्रृंगार पूजन का आयोजन किया गया। यह विशेष पूजन बालिकाओं द्वारा किया गया जो पिछले दो वर्षों से यहां अनवरत रूप से आयोजित हो रहा है। श्रृंगार पूजन के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया। बालिकाओं ने भगवान शिव का मनोहारी श्रृंगार करते हुए उनकी प्रतिमा को फूलों, वस्त्रों और आभूषणों से अलंकृत किया। मंदिर के पुजारी रामजी मिश्रा ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। पूजन के महत्व पर बात करते हुए पुजारी ने बताया कि पिछले दो वर्षों से इस मंदिर में नियमित पूजा-पाठ होता आ रहा है। जिससे भक्तों की कई इच्छित मनोकामनाएं पूरी हुई हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था और विश्वास के कारण यहां समय-समय पर विशेष पूजन और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पूजन के दौरान डब्बू सिंह, छांगुर आदि उपस्थित रहे।

## पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के लहंगपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े गांवों में बीती रात से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। कठवार गांव में 33 केवीए लाइन पर यूकेलिप्टस का भारी भरकम पेड़ गिरने से चार खंभे व तार टूटकर जमीन पर गिर गए। मंगलवार को विद्युत विभाग के एसडीओ सुमित कुमार यादव, अवर अभियंता रामकेश पटेल अपने कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य करवाने में जुट गए। बिजली की कमी से नलकूप और अन्य जल आपूर्ति व्यवस्था ठप्प पड़ गई है। ठंड के मौसम में बिजली न होने से गर्म पानी और अन्य आवश्यक सेवाएं भी बाधित हो रही है। इस संबंध में जेई रामकेश पटेल ने बताया कि मरम्मत का कार्य चल रहा है। दूसरा खंभा लाकर खड़ा किया जा रहा है। देर रात बिजली आपूर्ति की संभावना है। मरम्मत कार्य में जुटे यूपीपीसीएल के सर्वेश दुबे, लाइनमैन राकेश, जयनाथ, महेंद्र, गुड्डू, अक्षैवर आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव के मोड़ पर मंगलवार की दोपहर बाइक चालक सहित सवार अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र नदना गांव निवासी 27 वर्षीय रामललित लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कोलकम गांव निवासी 24 वर्षीय ओमप्रकाश के साथ बाइक से नदना जा रहा था। वह जैसे ही भटवारी पुल से आगे मोड़ पर पहुंचे की अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने घायलों का उपचार किया है। हालत सामान्य बनी हुई है।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शक्तेशगढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम तरंगा कुंबा खुर्द पहाड़ी हनुमान मंदिर के सामने टर्निंग पर दोपहर को स्कूटी सवार जवाहिर 40 वर्ष पुत्र चेतनराम व जया कुमारी 12 वर्ष पुत्री जवाहिर निवासी पतेरवा थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिया जिसमें जयाकुमारी की मौके पर मृत्यु हो गई। जवाहीर को गंभीर चोटे आने पर चचेरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान जवाहर की भी मौत हो गई। वहीं ट्रेलर घटनास्थल से ड्राइवर वाहन लेकर भाग गया जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य मय फोर्स मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पिता को अस्पताल भेजने के बाद उसकी भी मौत हो गई। दोनों शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। चुनार कोतवाल ने बताया कि मृतक जवाहर अपनी बेटी के साथ वाराणसी सारनाथ से अपने ससुराल राजगढ़ जा रहा था कि रास्ते में ट्रेलर के धक्के से दोनों की मौत हो गई।

# भूत उतारने के नाम पर लाठी डंडे से की जा रही पिटाई

**जनसंदेश न्यूज**

**मामला**

### सगे भाई समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दुम्हान गांव से देवता खेलाने के नाम पर लोगों को झांसा देने और गांव के लोगों पर भूत-प्रेत का आरोप लगाते हुए कथित देवता स्थल पर बुलाकर लकड़ी के लट्ठे से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है।

इसको लेकर जब एक पीड़ित की तरफ से दुद्धी कोतवाली पहुंचकर तहरीर सौंप गई तो पुलिस भी एकबारगी भौचक रह गई। पिटाई से पीठ पर चोटों का निशान दिखाए जाने के बाद, मामले में सगे भाई कथित ओझा सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। लगाए गए आरोपों के आधार पर दुद्धी पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में कोतवाली क्षेत्र के दुम्हान गांव निवासी जगत ने 29 दिसंबर की रात 10 बजे की घटना का जिक्र करते हुए बताया है कि गांव के चिंता मणि पुत्र स्व. रामप्यारे निवासी शरीर पर देवता की सवारी आने का दावा करते हुए गांव के धाम पर आ गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे गांव के जगत को पकड़ लाओ।

उसके साथ अमरजीत पुत्र स्व. राम और राम बेलास पुत्र स्व. राम प्रसाद, नन्हकी देवी पत्नी रामबेलास को पकड़ कर लाने के लिए शिव रतन पुत्र स्व. श्यामा प्रसाद और भानुजीत पुत्र राम औतार को भेजा। इन लोगों के कहने पर तीनों लोग गांव के धाम पर पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद उन पर दूसरों के उपर भूत-प्रेत करने का आरोप लगाते हुए खींचकर धाम के भीतर बैठा दिया। जगत का आरोप है कि वहां रखे लकड़ी के लट्ठे से उसके पीठ पर दो-तीन बार मार दिया।

आरोप है कि ऐसा एक बार नहीं कई बार किया गया। जब बर्दाश्त से बाहर हो गया तब उसने पुलिस की शरण ली। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि दुम्हान गांव के मान सिंह पुत्र स्व. राम सरन, रामचंदर पुत्र स्व. राम सरन और केशो सरन पुत्र स्व. श्याम प्रसाद का इस अंधविश्वास भरे काम में पूरा सहयोग है और उनके द्वारा ही लोगों पर आरोप लगाकर मारने पीटने के लिए दबाव बनाया जाता है। पीड़ित का कहना है कि उसके साथ हुई घटना भी इन्हीं लोगों के कहने पर हुई है। पुलिस संगत धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता: रामनिहोर



बैठक को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव

**चर्चा**

### सपा जिला कार्यालय पर मासिक बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा

**सोनभद्र।** सपा की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों को जनता तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत करने का काम करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची को हर बूथ पर पहुंचाने का काम करते हुए उसे अच्छी तरह से पढ़ लें कि जिस मतदाता का वोटर लिस्ट में नाम छूटा है उसे बढ़वाएं और जिन मतदाताओं का नाम फर्जी है उसको कटवाने का काम करें।

कहा कि भाजपा सरकार किसान, नौजवान, व्यापारी, अल्पसंख्यक व गरीबों की विरोधी है। इस सरकार को किसी से कोई लेना-देना नहीं है। इस सरकार में हत्या, लूट, बलात्कार, घुसखोरी, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि हम लोगों की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक कार्यकर्ता एवं आम जनता से मिलकर संगठन को और मजबूत करें और आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के प्रत्याशियों को विजई बनाएं। राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, रमेश चंद दुबे ने कहा कि गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। इसके अलावा मोहम्मद शईद कुरैशी, संजय यादव, विजय यादव, सुनील कुमार गौड़, अनिल कुमार यादव ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर अनिल प्रधान, वेदमणी शुक्ला, रामप्यारे सिंह पटेल, सुरेश यादव, अशोक पटेल, डा. लोकपति सिंह पटेल, रमेश सिंह यादव, विजय शंकर , रमेश कुमार वर्मा, प्रकाश यादव, बाबूलाल यादव, हिदायत उल्ला खान, सत्यम पांडे, परशुराम यादव, प्रदीप कनौजिया, चंद्रभूषण यादव, विमलेश पटेल, जगत पटेल, राम लखन यादव, कौशल कुमार गौड़, निरंजन कुमार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सुभासपा की बैठक में संगठन मजबूत बनाने के दिए टिप्स

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज के सिंचाई डाक बंगले में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव और पूर्वांचल के संगठन मंत्री राजेंद्र पटेल ने सुरेंद्र जायसवाल समेत कई लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। राजेश यादव ने कहा कि पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर हमेशा गरीबों तबके लोगों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। उसी का परिणाम है कि लगातार संगठन से लोग भारी संख्या में जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई अधिकारी कर्मचारी किसी व्यक्ति का उत्पीड़न करता है तो इसकी शिकायत उन लोगों तक पहुंचाए, ताकि मंत्री के संज्ञान लाकर सरकार की मंशा विपरीत कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जा सके। नेताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए भी टिप्स दिये। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज पांडे ने किया। इस मौके पर सत्य प्रकाश पांडे, अजय पटेल, सुरेंद्र जायसवाल, रामजी पाठक, संजय कुमार, गामा गिरी, चुरामनी आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### एनटीपीसी में व्यावसायिक उत्कृष्टता असेसमेंट का आयोजन




**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में बीते तीन से सात जनवरी तक प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले व्यावसायिक उत्कृष्टता असेसमेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी विभागों की कार्यशैली, पिछले वर्ष के प्रदर्शन का आकलन और उनके कार्यों में सुधार के लिए सुझाव दिए जाते हैं। इसके अलावा वेलफेयर बॉडीज जैसे वनिता समाज, स्पोर्ट्स क्लब, कर्मचारी क्लब और उरफगतिविधियों का भी मूल्यांकन किया जाता है। असेसमेंट में रामकृष्ण पटवर्धन क्वालिटी चैंपियन, प्रेमदास टी. सीनियर असेसर, एके. टक्कर, निशांत गर्ग, सतीश चंद्र वनम और अनजन प्रमाणिक ने असेसर्स के रूप में अपनी भूमिका निभाई। असेसमेंट का उद्देश्य प्लांट में चल रही सभी गतिविधियों का वार्षिक आकलन करना और उनमें सुधार के लिए उपयुक्त सुझाव देना था। संचालन पीयूष श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष बिजनेस एक्सीलेंस और उनकी टीम द्वारा किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली में इस प्रकार के असेसमेंट से संस्थान की कार्यक्षमता और उत्पादकता में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित होती है।

### शादी अनुदान के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**सोनभद्र।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विद्या देवी ने जनपद के समस्त अन्य पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर के आवेदकों को बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत आनलाईन पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। शादी के लिए अनुदान योजना के अन्तर्गत आवेदक द्वारा आनलाईन आवेदन शादी की तिथि 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन पश्चात तक करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आवेदक एवं पुत्री दोनों के आधार कार्ड मोबाइल नम्बर से लिंक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदक समस्त अभिलेखों के साथ विभागीय साइट पर स्वयं अथवा सहज जन सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। शादी अनुदान योजनान्तर्गत प्रति लाभार्थी 20 हजार की धनराशि देय है। उक्त योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन लोढ़ी, कमरा नम्बर-37 में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### निर्वाचक नामावलियों का हुआ अन्तिम प्रकाशन

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी के आधारपर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया गया था। आलेख्य प्रकाशन अवधि में प्राप्त दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 7 जनवरी को कर दिया गया है। निर्वाचक नामावली का निरीक्षण निःशुल्क किया जा सकता है।

### गुरुद्वारा में मनी गुरु गोविंद सिंह जयंती, हुआ शबद कीर्तन

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बा के शिवाला मंदिर स्थित गुरुद्वारे में सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई। मुख्य सेवादार प्रबंधक अजीत सिंह ने बताया कि वे सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर के पुत्र थे। हर वर्ष जन्मोत्सव के दिन गुरुद्वारा में सबद कीर्तन का आयोजन कराया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए सिखों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव सेवा और सच्चाई के मार्ग पर चलते हुए बिता दिया। गुरुद्वारे में कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### गणतंत्र दिवस तैयारियों को लेकर बैठक 15 को

**सोनभद्र।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाये जाने हेतु जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गयी है। बैठक मे समस्त विभाग के कार्यालयाध्यक्ष की उपस्थिति आवश्यक की गयी है।

# शीतकालीन कार्यशाला से बालिकाओं के जीवन में आयेगा बदलाव: पंकज

**अवसर**

### एनटीपीसी रिहंद ने बालिका सशक्तिकरण मिशन कार्यशाला का किया शुभारंभ



बुके देकर परियोजना प्रमुख का स्वागत करती बालिका

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद न सिर्फ देश को बिजली बनाकर प्रकाशित करने का कार्य कर रही है अपितु सीएसआर विभाग के माध्यम से परियोजना के समीपवर्ती क्षेत्रों में निवास कर रहे ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने को विभिन्न कार्यक्रम चला रही है।

इस क्रम में बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाओं हेतु 12 जनवरी तक सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन परियोजना प्रमुख पंकज मैदीरत्ता, अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल समिति अनीता मैदीरत्ता, महाप्रबंधकगण एवं वर्तिका महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याओं व विभागाध्यक्षगण ने किया। परियोजना प्रमुख ने कहा कि शीतकालीन कार्यशाला बालिकाओं को दोबारा से नयी चीजें सीखने का अवसर प्रदान कर रहा है। कार्यक्रमों से इन बच्चियों के जीवन में बदलाव आयेगा। इन बच्चियों को अपने वास्तविक जीवन में करियर के शिखर पर पहुंचने में इस कार्यक्रम के द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण का लाभ अवश्य मिलेगा। अपर महाप्रबंधक बृज किशोर पाण्डेय ने कहा कि कार्यशाला के अंतर्गत बालिकाओं को आगे बढ़ाने हेतु एनटीपीसी रिहंद सदैव तत्पर रहेगा। कार्यशाला में बालिकाओं के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा निखारने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# बाबू सिंह कुशवाहा से अवैध बालू खनन की शिकायत, सौंपा पत्र

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जनपद के ओबरा तहसील अंतर्गत अवैध बालू खनन से घायल सोन नदी को बचाने के लिए जन अधिकार पार्टी के प्रमुख प्रदेश महासचिव भागीरथी सिंह मौर्य ने लखनऊ पहुंच खनन, कोयला एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार स्थाई समिति के सदस्य सांसद बाबू सिंह कुशवाहा को ज्ञापन सौंप अवैध खनन पर रोक लगाए जाने की मांग किया। महासचिव ने बताया कि मध्य प्रदेश के अमरकंटक से निकली सोन नदी सोनभद्र से होकर पटना बिहार को जाती है, जिसका उल्लेख रामायण आदि पुराणों में भी मिलता है।



जअपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा को ज्ञापन सौंपते प्रमुख प्रदेश महासचिव

सोन नदी से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। एक तरफ जहां सोन नदी लोगों के लिए आस्था का केंद्र है वही अवैध खनन से सोन नदी चीख रही है, सोन नदी का मूल स्वरूप मिटता नजर आ रहा है जिसे प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। बताया कि जनपद में जब भी कोई जांच टीम आती है तो बालू पट्टाधारकों द्वारा बालू खनन बन्द कर दिया जाता है। बालू साइडों पर सन्नाटा हो जाता है, सड़को पर बालू की ट्रकें नहीं दिखती। इससे साबित होता है कि सोन नदी में जो बालू साइड संचालित है उसके पट्टाधारक अवैध खनन करते हैं।

# 107 रन से पटना बिहार ने सिंगरौली टीम को दी मात

**खेल**

### पटना के खिलाड़ी गौरव जयप्रकाश बने मैन ऑफ द मैच

**जनसंदेश न्यूज**




खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथिगण

**दुद्धी।** मैन आफ द मैच जयप्रकाश के 85 रनों की मैराथन पारी की बदौलत पटना बिहार की टीम सिंगरौली मप्र को 107 रनों के भारी अंतराल से हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर गई। टीसीडी क्रीड़ांगन पर चल रहे 38वें अंतरराज्जीय क्रिकेट टूनार्मेंट में मंगलवार को खेले गए मैच की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमित सोनी ने बताया कि टॉस सिंगरौली के कप्तान मुनमुन ने जीता और पहले फिल्डिंग करने का फैसला किय। पटना टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 241 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

मध्यमक्रम के बल्लेबाज जयप्रकाश ने मैराथन पारी खेलते हुए सर्वाधिक 85 रन की पारी खेली। इसके अलावा अंकित यादव ने 60 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में आशीष ने 32 व करन ने 24 रन बनाए। सिंगरौली के गेंदबाजों में विशाल को दो और विपिन तथा शिवानंद ने एक-एक विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी सिंगरौली की टीम 15.2 ओवर में 134 रन बनाते-बनाते ऑल आउट हो गई।

सिंगरौली की तरफ से निखिल ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। इसके अलावा विकास ने 22 व हर्षित दुबे ने 26 रन बनाए। पटना के गेंदबाजों में अमित ने अपने निर्धारित चार ओवरों के कोटे में 29 रन व श्याम मिश्रा ने 3.2 ओवर की गेंदबाजी में 21 देकर तीन-तीन विकेट हासिल किया।

इसके अलावा अभिषेक ने दो विकेट हासिल किया। इस प्रकार पटना की टीम सिंगरौली को 107 रनों के भारी अंतराल से हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। पटना की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले जयप्रकाश को मैन ऑफ द मैच घोषित कर मुख्य अतिथि वेटरन खिलाड़ी सुधीर कुमार अग्रहरि के हाथों पुरस्कृत किया गया। अंपायर रितेश जायसवाल व सुनील गुप्ता रहे। कमेंट्री सलीम खान, जितेंद्र जौहरी, अंकुर बच्चन व रजतराज ने की। स्कोरिंग की भूमिका निशांत मोहन और अयाज ने निभाई।

## ओबरा लायंस टीम ने टी-20 खिताब पर किया कब्जा

**ओबरा।** स्थानीय अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित सातवें मास्टर ब्लास्टर टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंगलवार को कप ओबरा लायंस बनाम मुगलसराय रेलवे के बीच मुकाबला खेला गया। मुगलसराय रेलवे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर 06 विकेट खोकर 167 रन बनाये। अभिषेक वत्स ने सर्वाधिक 27 बाल पर 44 रन एवं नवनीत झा ने 28 बॉल 44 रन बनाये। ओबरा लायंस की ओर से गेंदबाज मारकंडे चौरसिया और रोशन चौहान ने 2-2 विकेट झटके। जबाबी पारी खेलने उतरी ओबरा लायंस की टीम ने 18.4 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर 168 रनों का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर विजेता ट्राफी पर कब्जा कर लिया। ओबरा की ओर से रोशन चौहान ने ताबड़तोड़ 44 बाल पर 69 रन और सिद्धांत रघुवंशी 43 बॉल 63 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। मुगलसराय रेलवे की ओर से मात्र एक गेंदबाज अरमान आलम दो विकेट लेने में सफल रहे। मैन आफ द मैच का पुरस्कार ओबरा लायंस के रोशन चौहान को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज सिद्धांत ओबरा के खिलाड़ी बने। ओबरा की विजेता टीम को समाज कल्याण राज्य मंत्री एवं अन्य अतिथियों ने विजेता ट्राफी प्रदान किया। निर्णायक रोशन सिंह व इंजीनियर प्रवीण सिंह रहे। इस मौके पर रमेश कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल, अनिल यादव, अरुण प्रजापति, उमाशंकर सिंह सहित समाजसेवी मिंटू राय, संतोष राय, दिलीप पासवान, अयोध्या दुबे, मोहन कुशवाहा, प्रतियोगिता सचिव प्रदीप शर्मा, सूर्य प्रकाश, काजू खान, अक्षय पटेल, शिवम राय एवं संजय यादव मौजूद रहे।




विजेता टीम के कप्तान को ट्राफी देते राज्यमंत्री संजीव गोड़

# डॉ. अंबेडकर ने कुरीतियों के खिलाफ लड़ी थी लड़ाई

**बोले आशुतोष दूबे**

### कांशीराम आवास में चौपाल लगा बाबा साहब को किया गया याद

**जनसंदेश न्यूज**




कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस नेता आशु दूबे

**सोनभद्र।** कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने राबर्ट्सगंज नगर के कांशीराम आवास में मंगलवार को जन चौपाल लगा दलित बस्ती में बाबा साहब द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। इस दौरान पीसीसी सदस्य ने कहा कि दलित समुदाय के लोगों को अधिकार दिलाने का काम बाबा साहब ने किया। अब सरकार के मंत्री उन पर टिप्पणी कर रहे हैं जो निंदनीय है। आशु दुबे ने कहा कि भीम राव अम्बेडकर ने छुआछूत के विरुद्ध एक व्यापक एवं सक्रिय आंदोलन आरम्भ करने का निर्णय किया था।

उन्होंने सार्वजनिक आंदोलनों, सत्याग्रहों और जुलूसों द्वारा पेयजल के सार्वजनिक संसाधन समाज के सभी वर्गों के लिये खुलवाने के साथ ही उन्होंने अछूतों को भी हिंदू मन्दिरों में प्रवेश करने का अधिकार दिलाने के लिये संघर्ष किया। बाबा साहब ने कहा था कि छुआछूत गुलामी से भी बदतर है। उन्हें महाराजा गायकवाड़ का सैन्य सचिव नियुक्त किया गया, लेकिन जातिगत भेदभाव के कारण कुछ ही समय में उन्हें यह नौकरी छोड़नी पड़ी। उन्होंने इस घटना को अपनी आत्मकथा वेटिंग फॉर अ वीजा में वर्णित किया। इसके बाद उन्होंने अपने बढ़ते परिवार के लिए जीविका साधन खोजने के पुनः प्रयास किये, जिसके लिये उन्होंने लेखाकार के रूप में व एक निजी शिक्षक के रूप में भी काम किया और एक निवेश परामर्श व्यवसाय की स्थापना की। कहा कि भीमराव अंबेडकर ने तमाम कुरीतियों का खुद सामना करते हुए उनसे लड़ाई लड़कर अधिकार दिलाने का काम किया है। शंकर भारती ने कहा कि बाबा साहब ने हम सभी को जो अधिकार दिलाने का काम किया है उनके ऊपर किसी प्रकार की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

अनिल कुमार गौतम ने कहा कि बाबा साहब की वजह से ही आज हम सभी लोगों को अधिकार मिला है, उनके संघर्ष को हम जाया नहीं जाने देंगे। संविधान पर किसी प्रकार की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे। अजीत खरवार, मिथिलेश पासवान ने कहा कि दलित छात्रों को उनका अधिकार जो मिला है, उसमें बाबा साहब की भूमिका है और यह संविधान बाबा साहब ने बनाया है। इस मौके पर मुनिया देवी, कलावती, सूरज वर्मा, श्रीकांत मिश्रा, दयाराम प्रजापति, अंशु गुप्ता, सुशील भारती, दीपू कुमार, प्रमिला भारती, गुलाबी देवी, बुल्लू, गुलाब राम, रंजीत भारती, बाबू राम, इरफान खान, विजय कुमार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# संगठन को जीवंत रखते हैं संस्कार और संगठनात्मक पद्धति

**बोले गोविन्द**

### बीजेपी कार्यालय पर संपन्न हुई जिला चुनाव कार्यशाला




कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य अतिथि बीजेपी प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के तहत आयोजित संगठन जिला चुनाव कार्यशाला प्रदेश महामंत्री/विधान परिषद सदस्य गोविन्द नारायण शुक्ला व जिला चुनाव अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में मंगलवार को जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुयी। कार्यशाला का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य, जिला चुनाव अधिकारी के अलावा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, पूर्व सांसद रामशकल ने पुष्प अर्पित कर किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि विचारधारा संस्कार और संगठनात्मक पद्धति ही लंबे समय तक संगठन को जीवंत रखते हैं। भाजपा मेरा संगठन है, इस विचार से जिले में अच्छा संगठन तैयार करने की समझ के साथ रायसुमारी करें। गुणात्मकता के साथ संगठन चुनाव के चार चरण पूर्ण हो चुके हैं, हम अगले चरण के लिए आगे बढ़ रहे हैं। दायित्व परिवर्तन संगठनात्मक व्यवस्था है और इसके अनुरुप ही समय-समय पर प्रत्येक कार्यकर्ताओं के दायित्वों में परिवर्तन होता है। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की छवि भी समाज में राष्ट्रवाद के अग्रदूत के साथ ही संस्कारी तथा सेवाभावी व्यक्ति के रुप में होती है। जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि जनता ही एक मात्र राजनैतिक दल है, जो संगठन की संरचना भी संगठनात्मक लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरुप करता है। पार्टी में बूथ का कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर किसी भी शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। संगठन में अब तक के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के अभियानों कार्यक्रमों और विचारधारा को गति प्रदान करेंगे। जिलाध्यक्ष ने अतिथियों का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, अजीत चौबे, नरेन्द्र कुशवाहा, रुबी प्रसाद, अशोक मिश्रा, चांदप्रकाश जैन, रामलखन सिंह, रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, अमरनाथ पटेल, उदयनाथ मौर्या, ओमप्रकाश दूबे, रमेश पटेल, रंजना सिंह, अशोक मौर्या, संतोष शुक्ला, शम्भू नारायण सिंह, विनोद पटेल, अजीत रावत, अनूप तिवारी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की जान गई, मचा कोहराम

**दु:खद**

### पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा

जनसंदेश न्यूज


ओड़वली गांव में रोते बिलखते हुए परिजन।

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के भोजापुर रेलवे क्रासिंग के समीप मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे अप में आ रही फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक युवक बीते कई दिनों से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जिसका ईलाज धानापुर में चल रहा था। सकलडीहा कस्बा निवासी रामबिलास राजभर का ओड़वली गांव में खेत व घर है। रामविलास के पांच पुत्र राजकुमार राजभर, छोटू राजभर,खुशीहाल राजभर,सिंटू राजभर और अंग्रेज राजभर व एक पुत्री आरती है। रामविलास मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है। रामविलास के चौथे नंबर का 15 वर्षीय पुत्र सिंटू राजभर दो तीन साल पूर्व बाहर प्राइवेट कंपनी में काम करने गया था। वहां से आने के बाद से वह मानसिक रूप से विक्षिप्त रहता था। जिसका परिवार के लोगों ने सीटी स्कैन सहित अन्य जांच भी कराया। लेकिन युवक बार बार मर जाने की बात कहता था। जिसके कारण पिता और परिजनों की ओर से निगरानी किया जाता था। मंगलवार को सुबह घर से अचानक निकला। काफी देर बाद घर के आसपास नहीं होने पर पिता खोजने निकल गये।

इसी बीच युवक भोजापुर के समीप रेलवे लाइन क्रास कर रहा था। अप में आ रही फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर माता बासमती पिता रामविलास राजभर सहित परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था। इस बाबत कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। युवक के शव को पीएम के लिये भेज दिया गया है।

## स्काउट गाइड का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आरंभ

**डीडीयू नगर।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय बीएड, डीएलएड प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को विक्रम सिंह कन्या महाविद्यालय प्रांगण में शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनीता श्रीवास्तव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश के साथ महाविद्यालय की व्यवस्थापिका बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष डा.गायत्री सिंह के द्वारा सरस्वती जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीएड के छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वंदना और स्काउट गाइड ट्रेनर पूजा यादव व अनु विश्वकर्मा के द्वारा स्कार्फ पहना कर स्वागत किया गया। बीएड गाइड की 10 टोलियों ने प्रतिभाग किया। 1 टोली डीएलएड की प्रतिभाग किया। छात्राओं को प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा, इतिहास, वर्गीकरण के बारे में व्यवस्थित जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ नंदिनी, डॉ हेमा गुप्ता, डॉक्टर तारा, डॉ अनीता अग्रवाल, डॉ गोपाल सिंह, कमलेश पांडे स्काउट गाइड ट्रेनर पूजा यादव व अनु विश्वकर्मा रही। स्काउट गाइड बच्चियों में रेनू, सोनाली, समृद्धि सिंह, खुशबू, नीतू, सुष्मिता पांडे, दीपाली गुप्ता, नीलम, श्वेता रानी, अमृता महेश्वरी, कोमल गुप्ता ने प्रतिभा किया। संचालन जिला ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट महेंद्र कुमार ने किया।

# शीतलहर व कड़ाके की ठंड से लोगों का हाल बेहाल

**सितम जारी**

### अलाव जलाकर शरीर को गर्म करते रहे लोग

जनसंदेश न्यूज


डीडीयू नगर में ठंड से बचाव के लिए अलाव तापते लोग।

**डीडीयू नगर।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम पूरी तरह बदल गया। बफीर्ली हवाओं के ठंड से बचने के लिए लोग घरों में दुबके रहे। बहुत आवश्यक कार्य से ही लोग घरों से बाहर निकल रहें हैं। बफीर्ली हवाओं ने बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों पर बुरा असर डाल रहा है। वही बाहर में शरीर को गर्म करने के लिए अलाव के पास जमें रहे। नगर सहित पूरे जनपद में ठंड का सितम जारी है।

सर्दी के चलते लोग घरों में दुबके रह जा रहे हैं। मौसम में हुए इस बदलाव का असर बच्चों व बुजुर्गों की सेहत पर भी पड़ने लगा है।दिनभर आसमान में धुंध व कोहरा छाया रहा।ठंड व गलन के चलते सभी परेशान रहे। मंगलवार को दिनभर धूप नहीं निकला। जिससे लोगों का हाल बिहार हो गया। घरों में भी लोग हीटर वह अलाव से अपने शरीर को गर्म करते रहें। बावजूद ठंड से राहत नहीं मिली।अगले सप्ताह से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ से मौसम बदलने और बफीर्ली हवाओं के ठंड से बचाव के लिए जगह जगह अलाव तापते रहे। जनवरी के पहले सप्ताह से मौसम ने ऐसा करवट लिया है कि कोहरा छाने के साथ ही पछुआ हवाएं चल रही है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक एक और पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा। इस वजह से एक-दो दिन में ठंड का असर भी बढ़ेगा। वही रेल यात्रियों का बुरा हाल है। ट्रेन घंटे विलंब से चल रही है ट्रेन के इंतजार में यात्री स्टेशन पर ठिठुरते रहे। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अलावा जलाने की मांग जोर पकड़ने लगा है।

## संक्षेप

### पदोन्नति पर स्टार लगाकर एसपी ने दी बधाई


एसपी आदित्य लांग्हे के साथ पदोन्नति प्राप्त पुलिस कर्मी।

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश तकनीकी सेवायें के अन्तर्गत विभागीय परीक्षा में सफल होने पर कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–ए से कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। पुलिस अधीक्षक चंदौली आदित्य लांग्हे द्वारा पुलिस कार्यालय में समारोह का आयोजन कर सीसीटीएनएस कार्यालय में नियुक्त राहुल कुमार सिंह व थानों पर नियुक्त दीपक वर्मा, विश्वनाथ शुक्ला व जितेन्द्र यादव को कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए से कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी के पद पर पदोन्नति होने पर कंधों पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

### एनडीपीएस ऐक्ट में दोषी को 10 वर्ष की कैद

**चंदौली।** अपर सत्र न्यायाधीश पारितोष श्रेष्ठ की अदालत में मंगलवार को एनडीपीएस एक्ट मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने दोषी को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। आरोपी मुगलसराय थाने के सकुराबाद निवासी सद्दाम के विरुद्ध 21 अक्टूबर 2019 को धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस की विवेचना, साक्ष्य एवं अभियोग में मानिटरिंग सेल व (एडीजीसी) शिवराज सिंह और मुगलसराय थाने के पैरोकार घनश्याम पाण्डेय की प्रभावी पैरवी पर कोर्ट ने अभियुक्त को सजा का फैसला सुनाया।

### डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के पदाधिकारियों का नामांकन आज

**चंदौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन सभागार में मंगलवार को चुनाव अधिकारी पंचानन पांउेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता शहाबुद्दीन, राजेंद्र पाठक, आनन्द कुमार सिंह, रमाकांत सिंह की उपस्थिति में चुनाव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि निर्धारित तिथि के अनुसार आठ जनवरी को डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन सभागार में सुबह 10 बजे नामांकन की कार्यवाही प्रारंभ होगी। इस दौरान इच्छुक अधिवक्ता अपने बार काउंसिल परिचय पत्र के साथ नामांकन पत्र लेकर शाम चार बजे तक दाखिल कर सकते हैं।

### बंदरिया के निधन पर कैली आश्रम में होगा पाठ व भंडारा



**नियामताबाद।** उद्धव ब्रह्म बाबा आश्रम कैली मे अंजनी नामक बंदरिया व बबुआ कुत्ते की दोस्ती की चर्चा चहुंओर थी पर कॉल के गाल में समा गई अंजनी की याद में 10 जनवरी को रामचरितमानस व 11 को भंडारा का आयोजन किया गया है। इसमें क्षेत्र सहित गैर जनपद से भी भक्तगण शामिल होंगे। वाराणसी के संकट मोचन मंदिर में 8 महीने पूर्व एक बंदरिया को विद्युत करेंट लगने से घायल हो गई थी। जिसका इलाज घोड़ा हॉस्पिटल के डॉक्टर संजय ने किया। लेकिन इसको नहीं बचा पाए लेकिन ऑपरेशन कर गर्भ में धारण बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया, जिसको कैली गंगा घाट पर स्थित उद्धव ब्रह्म बाबा आश्रम कैली की साध्वी सविता वन देवी को पालने के लिए सुपुर्द कर दिया। कुतिया और बंदरिया की दोस्ती आश्रम के लिए एक मिसाल कायम कर रही थी। लेकिन पिछले 30 दिसंबर को खेलते खेलते अंजनी गंगा किनारे चली गई। इसी दौरान झाड़ झंखाड में फंस गयी। जिससे इसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद विधि विधान से आश्रम के लोगों ने आश्रम में ही उसकी समाधि दे दी। 10 जनवरी को रामचरितमानस का पाठ हुआ 11 जनवरी को आश्रम के लोगों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया है।

## ठंड के मद्देनजर नौगढ़ तहसील प्रशासन ने जलवाया अलाव

**नौगढ़।** उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में कुल 08 सार्वजनिक स्थलों पर तहसील प्रशासन की ओर से अलाव जलवाया जा रहा है। कड़ाके की पड़ रही सर्द, गलन व ठंड हवाओं में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अभी तक तहसील प्रशासन व स्वयं सेवी संस्थाओं समाज सेवियों की ओर से गरम कंबल का वितरण नहीं कराए जाने से गरीबों को काफी परेशानी हो रही है। दिनों दिन जंगलों में आ रही कमी से जलावनी लकड़ी का भी अभाव होने लगा है। गरीब व बेसहारा लोगों को जाड़े के दिनों में कंबल मिल जाने से काफी राहत मिल जाता था। इस वर्ष अभी तक तहसील प्रशासन के साथ ही किसी स्वयं सेवी संस्था व समाजसेवी ने इस ओर हाथ नहीं बढ़ाया। दिनों दिन सिमट रहे जंगलों से जलावनी लकड़ी भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा है, उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने बताया कि तहसील क्षेत्र के नौगढ बाजार में 02 मझगाई में 01, मझगावां में 01, बरवाडीह में 01, हरिया बांध में 01, तहसील परिसर में 01 व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 01 स्थानों पर अलाव जलवाया जा रहा है, जिसकी आनलाइन रिपोर्ट प्रति दिवस प्रदेश मुख्यालय को भेजी जा रही है।

# वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त ने निरीक्षण कर देखी सुरक्षा व्यवस्था

**व्यवस्था**

### सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरों की बढ़ाई जाएगी संख्या


डीडीयू स्टेशन का निरीक्षण करते वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त।

**डीडीयू नगर।** प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर दौरान डीडीयू स्टेशन पर बाहर से आने वाले भारी वाहनों को दक्षिणी प्रवेश द्वार की तरफ पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। यही नहीं फुटओवर ब्रिज पर भीड़ न हो इसके लिए व्यवस्था की जाएगी। यह निर्देश वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज ने मंगलवार को स्थानीय रेलवे पर निरीक्षण के दौरान दिए।

इसके पूर्व उन्होंने रेलवे स्टेशन पर भ्रमण कर प्रयागराज महाकुंभ के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित करने की तैयारियों का जायजा लिया। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान स्थानीय रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालु यात्रियों की भीड़ की संभावना है। अनुमान है कि विशेष स्नान पर्व के दिन यहां एक लाख से अधिक भीड़ रेलवे स्टेशन पर पहुंच सकती है। इसी को देखते हुए लगातार रेल प्रशासन तैयारियां कर रहा है। रेलवे स्टेशन पर ठहराव स्थल बनाने के साथ ही स्टेशन पर सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार की दोपहर में दो बजे वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां सभी प्लेटफार्म, फुटओवर ब्रिज, रेलवे स्टेशन के दोनों प्रवेश द्वार आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अत्यधिक भीड़ होने पर फुटओवर ब्रिज पर आने जाने वाले यात्रियों के लिए बैरिकेडिंग करने, यात्रियों के प्रवेश और निकास के लिए अलग अलग व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं रेलवे स्टेशन पर आने वाले बस सहित अन्य भारी यात्री वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था दक्षिणी प्रवेश द्वार पर करने का निर्देश दिया। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरों को भी देखा और समय से इसका काम पूरा करने का निर्देश दिया। कमांडेंट ने कहा कि महाकुंभ के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेंगे। निरीक्षण के दौरान आरपीएफ निरीक्षक पीके रावत, एसआई अर्चना मीणा, एआईबी के आरआर दुबे,आरके सिंह सहित काफी संख्या में जवान मौजूद रहे।

### एसपी ने आमजन की सुनी समस्याएं

**चंदौली।** जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के लिए मंगलवार को एसपी आदित्य लांग्हे ने पुलिस कार्यालय में जनता दर्शन में जनसुनवाई किया। इसमें कुल 26 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें भूमि विवाद के आठ, पारिवारिक एक व 17 अन्य मामलों से संबंधित शिकायती पत्र शामिल रहे। एसपी ने समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों से आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारित करना व न्याय दिलाना ही पुलिस की प्राथमिकता है। एसपी ने अधिकारियों और थाना प्रभारियों से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण करने का निर्देश दिया।

# चोरी की घटना से एक बार फिर सुर्खियों में सपा कार्यालय

**मचा हड़कंप**

### सपा कार्यालय चंदौली से तीन पंखों की चोरी का मामला

जनसंदेश न्यूज



**चंदौली।** समाजवादी पार्टी एक बार फिर चोरी की घटना को लेकर सुर्खियों में है। अबकी बार चोरों ने नरसिंहपुर खुर्द स्थित डा. राममनोहर लोहिया भवन, जिला कार्यालय को निशाना बनाया है। सपा जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर की माने तो सपा कार्यालय से तीन पंखे चोरी हुए है। जिसकी बकायदा तहरीर समाजवादी पार्टी ने पुलिस को दी है।

मुगलसराय में निमार्णाधीन कार्यालय में छड़ चोरी की घटना के बाद चंदौली कार्यालय में चोरी की घटना से एक बार फिर समाजवादी पार्टी को चर्चा में ला दिया है। फिलहाल चोरी किसने की यह स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन सपा जिलाध्यक्ष के मुताबिक सोमवार की रात कुछ अज्ञात लोगों ने सपा कार्यालय में लगे तीन पंखे चुरा ले गए। हालांकि कार्यालय में एक चपरासी की तैनाती रहती है। बावजूद इसके पंखों की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया गया है। मामला संज्ञान में आने के बाद सपा जिलाध्यक्ष की ओर से घटना की गंभीरता को देखते हुए चंदौली पुलिस को घटना की लिखित सूचना देकर कार्यवाही की मांग की गयी है, वहीं पुलिस भी मामले की छानबिन में जुट गयी। यह दूसरी दफा है जब समाजवादी पार्टी चंदौली को चोरी जैसी घटना का सामना करना पड़ रहा है। इसके पूर्व मुगलसराय के गोधना स्थित निमार्णाधीन कार्यालय से छड़ चोरी का मामला प्रकाश में आया था, जो काफी दिनों तक चर्चा में बना रहा। अभी उक्त मामले की चचाएं थमी ही थी कि नए साल में एक बार फिर सपा कार्यालय में चोरी की घटना हो गयी। भले ही चोरी तीन पंखों की हुई हो लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर किसने सपा कार्यालय में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया होगा। फिलहाल यह पुलिस जांच का विषय है। लेकिन चोरी की घटना के बाद एक बार फिर समाजवादी पार्टी सुर्खियों में है।

सपा जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर ने बताया कि कार्यालय से तीन पंखा चोरी हुआ है, जिसकी तहरीर पुलिस को दे दी गयी है। आशंका जताई कि कुछ लोग कार्यालय में शरण ले लेते थे जिन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया होगा। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर प्राप्त हुई है जिसकी जांच की जा रही है।

# डीपीआरसी पर ग्राम पंचायत अधिकारियों की ट्रेनिंग शुरू

**प्रशिक्षण**

### डीपीआरओ चंदौली ने दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आगाज


प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते डीपीआरओ चंदौली।

**नियामताबाद।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र चंदौली पर उपनिदेशक पंचायत वाराणसी मंडल वाराणसी के तत्वाधान में मंगलवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत नव नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों का दस दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें वाराणसी मंडल के तहत जनपद चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी ग्राम पंचायत अधिकारियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के प्रथम दिन का शुभारंभ डीपीआरओ नीरज कुमार सिन्हा, डीपीआरसी के वरिष्ठ फैकल्टी सुनील सिंह, व द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान डीपीआरओ नीरज सिन्हा ने कहा कि प्रशिक्षण में जो जानकारी दी जाएगी उसे अच्छे से समझिए। इसके साथ पंचायती राज एक्ट की किताब आप जरूर रखिए, क्योंकि आप जब कार्य करना प्रारंभ करेंगे तो ये आपको काफी मदद करेगी। प्रशिक्षण में अपने कार्यों के अनुभव को भी शेयर किया। आज के प्रशिक्षण के विभागीय प्रशासनिक ढांचा 73वां संविधान संशोधन, त्रिस्तरीय पंचायती राज अधिनियम 1947 का संक्षिप्त विवरण, ग्राम पंचायत को 29 विषय हस्तांतरित किए जाने और ग्राम प्रधान के कार्य दायित्व ग्राम सभा ग्राम पंचायत की बैठक कोरम तथा समितियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में निदेशालय से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र प्रताप सिंह, विनय दुबे, कन्हैया राम तथा वरिष्ठ फैकल्टी सुनील सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# न्यायालय भवन के शिलान्यास के लिए सीएम से मिले अधिवक्ता

**मुलाकात**

### विधायक रमेश जायसवाल के साथ मुख्यमंत्री से की मुलाकात


सीएम के समक्ष अपनी बातों को रखते अधिवक्ता साथ में मुगलसराय विधायक।

**चंदौली।** मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल के नेतृत्व में संयुक्त बार एसोसिएशन जनपद चंदौली का प्रतिनिधि न्यायालय निर्माण के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। इस दौरान अधिवक्ताओं मुख्यमंत्री के समक्ष दीवानी न्यायालय भवन निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किए जाने की बात रही। आग्रह किया कि मुख्यमंत्री अपनी उपस्थिति में न्यायालय निर्माण भवन के कार्य का शिलान्यास कर जनपद के विकास को गति प्रदान करें। इस दौरान जिला डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रत्न तिवारी ने बताया कि चंदौली दीवानी न्यायालय भवन का निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाना अधिवक्ता व आमजन के हित में है। सीएम ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि जल्द ही न्यायालय निर्माण कार्य का शिलान्यास होगा। निर्माण से जुड़ी सारी बाधाएं दूर हो चुकी हैं अब कोई कानूनी अड़चन नहीं रह गई है। मूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद से समय लेकर अविलंब दीवानी न्यायालय का कर दिया जाएगा। साथ ही यह भी भरोसा दिया कि जनपद में उत्तर प्रदेश की सबसे बेहतर न्यायालय भवन प्रदेश सरकार बनाने जा रही है, ताकि यहां के न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं व वादकारियों को सहूलियत हो सके। अंत में विधायक रमेश जायसवाल ने जनपद के विकास के प्रति गंभीरता व तत्परता दिखाने पर सीएम का आभार व्यक्त किया। कहा कि सीएम ने हमेशा जनपद के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का काम किया है। प्रतिनिधि मंडल में अनिल कुमार सिंह, शमसुद्दीन, श्रीनिवास पांडेय आदि शामिल रहे।

## शीर्ष नेतृत्व के निर्देश का पालन करें सपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी जिला इकाई की बैठक मंगलवार को मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को गांव गांव तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि सभी कार्यकताओं को संगठित होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शों का पालन करते हुए गांव गांव तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने की जरूरत है। यही नहीं पीडीए की जन पंचायत कार्यक्रम भी लगाई जाए और सरकार की गलत नीतियों को अवगत करते हुए आमजन को बताया जाए की सरकार गरीब, किसान, मजदूर व नौजवान की विरोधी है। जिलाध्यक्ष सत्य नारायण राजभर ने कहा कि भाजपा संविधान व आरक्षण विरोधी है। इसके प्रति लोगों को आगाह करने की जरूरत है। इस दौरान जितेंद्र कुमार, मुसाफिर सिंह चौहान, रामधवल पासवान, रामजन्म यादव, मोनू जायसवाल, आनंद सिंह, दुलारे कनौजिया, दशरथ सोनकर, राजा खान, शशिकांत भारती, गार्गी पटेल उपस्थित रही।

# मुख्य मार्ग पर महीनों से जमा गंदा पानी, आवागमन बाधित


कीचड़ युक्त सड़क से जाते ग्रामीण, मुख्य सड़क पर लगा कीचड़युक्त पानी।

**चहनियां।** ग्राम पंचायत नादी के मुख्य मार्ग पर गंदा पानी बहने से जलभराव व कीचड़ की समस्या बनी हुई है। इससे राहगीर इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं गांव में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना है। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी ग्राम प्रधान द्वारा इस समस्या का निस्तारण नहीं कराने से लोगों में नाराजगी है। क्षेत्र के नादी ग्राम पंचायत की आबादी करीब 20 हजार है। यहां इंटर कॉलेज के साथ गैस एजेंसी व शासकीय स्कूल है। जहां इन तीन संस्थानों के छात्रों और कर्मचारी व उपभोक्ताओं के अलावा अन्य लोगों का आवागमन बना रहता है।

बावजूद नादी के मुख्य संपर्क मार्ग के पानी की निकासी का इंतजाम न होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। सड़क पर बहते गंदे पानी से पूरा रास्ता कीचड़ से भर गया है, जिससे इस रास्ते से आने वाले स्कूली छात्रों के साथ अन्य लोगों को जहां काफी परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं आए दिन भी लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि लगभग छह महीने से अधिक समय से इस रास्ते पर पानी लगा है। इस रास्ते से गुजर रहे सैकड़ो राहगीर व छात्र छात्राएं कीचड़ में फिसलकर घायल हो गये। गांव के पप्पू पाण्डेय, यशवंत पाण्डेय, विकास पाण्डेय, आनंद पाण्डेय, राममूरत, धर्मेंद्र, आगर, नन्दलाल मुराली, सोमारु ने बताया कि कीचड़ भरे रास्ते से दिन में तो लोग बड़े मुश्किल से निकल रहे हैं, लेकिन रात के समय मार्ग ने निकलने वाले लोग इसमें गिरकर चोटिल हो जाते हैं। जबकि इस संबंध में ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों समेत अन्य लोगों से गुहार लगाई जा चुकी है। कहा कि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से गांव के गली-कूचों में जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जो कि बाद में कीचड़ में बदलकर मुसीबत साबित होती है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही गांव में विकास कार्य करवाते हुए निकासी के लिए नाली निर्माण करवाएं जाने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम प्रधान मृत्युंजय यादव ने बताया कि यह सड़क पीडब्लूडी के अंतर्गत आता है उच्चाधिकारियों से बात हुई है शीघ्र ही जर्जर मार्गों का दुरूस्तीकरण कर नाली निर्माण करवाया जाएगा।

# आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया टॉप पर पहुंचा

## साउथ अफ्रीका दूसरे स्थान पर तो वहीं भारत तीसरे स्थान पर खिसका

**नई दिल्ली।** भारत आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गया है। 2016 के बाद यह दूसरी बार है जब भारत टॉप 2 से बाहर हुआ है। दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को भारत ने 3-1 से हारा, जिसके चलते भारत को यह बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। 10 साल बाद यह पहली बार है जब भारत ऑस्ट्रेलिया से कोई टेस्ट सीरीज हारा है। ऑस्ट्रेलिया से सीरीज हारने के कारण भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से भी बाहर हो गया है। बता दें कि भारत 2019-21 और 2021-23 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में फाइनल में पहुंचा था। लेकिन अब 2024-25 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने होंगे।

आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को बड़ा फायदा हुआ है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की सीरीज जीतने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया इस प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गया है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर था, जबकि भारत पहले स्थान पर था। अब इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्वाइंट्स टेबल में बड़ा उलटफेर किया है। ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर पहुंचने के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी जगह बना चुका है। वहीं, अभी ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के साथ दो टेस्ट मैच और खेलने हैं, जिससे वह बड़े प्वाइंट्स के साथ फाइनल में अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखेगा। भारत के पास अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का कोई भी मौका नहीं बचा है। साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट मैच में भी हराया है, जिसके चलते साउथ अफ्रीका ने प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर अपनी जगह पक्की कर ली है। हालांकि, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे पहले क्वालीफाई करने वाली टीम साउथ अफ्रीका थी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज जीतकर पहले स्थान पर कब्जा कर लिया, जिसके चलते साउथ अफ्रीका दूसरे स्थान पर खिसक गया। साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 10 विकेट से हराया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका के अब 112 प्वाइंट्स हो गए हैं। साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया।



### बुमराह आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बन सकते हैं, विमेंस क्रिकेटर में मंधाना का नाम शामिल



जसप्रीत बुमराह दिसंबर की परफॉर्मेंस के लिए कउउ प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीत सकते हैं। कउउ ने उनके साथ साउथ अफ्रीका के गेंदबाज डैन पैटरसन और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को भी नॉमिनेट किया है। विमेंस क्रिकेटर में भारत की स्मृति मंधाना भी रेस में हैं। उनके साथ ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और साउथ अफ्रीका की एन मलाबा भी नॉमिनेट हुई हैं।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 जनवरी को होगी भारतीय टीम की घोषणा

**मुम्बई।** अगले माह होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा 12 जनवरी को हो सकती है। चैंपियंस ट्रॉफी 22 फरवरी से पाकिस्तान में शुरू होगी हालांकि इसमें भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे।आईसीसी ने इस टूनार्मेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को 12 जनवरी तक अपनी टीमों की घोषणा करने को कहा है। आईसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि सभी टीमों को 12 जनवरी तक अपनी टीम के नाम देने होंगे। वहीं 13 फरवरी तक टीम में बदलाव किया जा सकता है। हाल में जिस प्रकार भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे में विफल रही है। उससे अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति के लिए 12 जनवरी तक चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा करना आसान नहीं रहेगा। ऑस्ट्रेलिया दौर में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ी विफल रहे हैं हालांकि इसके बाद भी इनका इस टूनार्मेंट में खेलना तय है। आठ देशों का ये टूनार्मेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होगा और फाइनल 9 मार्च को होगा। इस टूनार्मेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच 23 फरवरी को मुकाबला होगा। इस टूनार्मेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान का मुकाबला दुबई में खेला जाएगा। वहीं भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ मुकाबले से करेगी।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की संभावित टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह , जसप्रीत बुमराह।**

# छह साल के तैराक रेयांश ने बनाया विश्व रिकार्ड


## समुद्र में 15 किलोमीटर की दूरी तय की



**ठाणे।** मुम्बई के ठाणे में रहने वाले छह साल के रेयांश खामकर ने समुद्र में समुद्र में 15 किलोमीटर तैरकर नया विश्व रिकार्ड अपने नाम किया है। रेयांश ने विजयदुर्ग में मालपे जेट्टी से वाघोटन जेट्टी तक की 15 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे में पूरी की। इस नन्हे से तैराक की इस उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी शामिल कयिा गया है। रेयांश के कोच स्टारफिश स्पोर्ट्स फाउंडेशन के कैलाश अखाड़े हैं। रेयांश ने अपने पहले प्रयास में ही यह दूरी तय कर ली। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ए. आशीष शेलार, ठाणे जिला एमेच्योर तैराकी संघ के अध्यक्ष निरंजन डावखरे और महाराष्ट्र राज्य एमेच्योर तैराकी संघ के उपाध्यक्ष राजेश मोरे ने इस रेयांया की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जव भविष्य की उम्मीद जतायी है।

# बॉलीवुड न्यूज

### 'द रैबिट हाउस' से अमित रियान को मिली सराहना



**मुंबई।** अभिनेता अमित रियान इस समय अपनी एक्टिंग के लिए विशेष सराहना प्राप्त कर रहे हैं, खासकर अपनी फिल्म "द रैबिट हाउस" में किए गए परिवर्तनात्मक किरदार के लिए, जिसे उनके करियर का एक बड़ा मोड़ माना जा रहा है। आलोचक और दर्शक उनकी समर्पित प्रदर्शन और भावनात्मक गहराई की सराहना कर रहे हैं। फिल्म में एक व्यक्ति के रूप में उनका अभिनय, जिसे ओसीडी और एडीएचडी के लक्षण हैं, ने अत्यधिक सराहना प्राप्त की है, और यह उनके करियर में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन की ओर इशारा करता है। अमित रियान की भूमिका के प्रति उनकी निष्ठा को देखकर कई लोग इसे हाल के समय में मनोवैज्ञानिक जोन में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन मानते हैं। इससे पहले भी उन्होंने अपनी पिछली परियोजनाओं में जैसे 'अटका चटकन' (जो ए आर रहमान द्वारा निर्मित था), 'सत्या 2', 'पेशावर', और क्षेत्रीय सिनेमा 'राजवाड़े एंड संस' में भी किरदारों के साथ काफी प्रयोग किया था। अमित रियान ने पहली बार अपनी 'गायब' होने की अटकलों पर खुलकर बात की और बताया कि कभी-कभी बहुत अधिक प्रयोग करने से करियर पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, जबकि पारंपरिक और सामान्य रास्ते को अपनाने से जल्दी सफलता मिल सकती है, लेकिन एक अभिनेता के रूप में नौकरी संतोषजनक नहीं होती। उन्होंने कहा।फिल्म "द रैबिट हाउस" की शूटिंग उनके लिए खास रही, क्योंकि इसमें कोई कृत्रिम सेटअप या लोग नहीं थे जो अहंकार और अभिनेता के बैकग्राउंड के कुकुरमुत्तों की तरह थे। "यहां सभी लोग सिर्फ एक गुणवत्तापूर्ण फिल्म बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, बिना मनोरंजन और व्यावसायिक मूल्य खोए। जहां कला और मनोरंजन मिलते हैं, और मुझे इस प्रकार का कामकाजी माहौल बहुत पसंद है। अन्यथा यह एक दम घुटने वाला माहौल बन जाता है, जहां निर्देशक या निमार्ता की आधी ऊर्जा और पैसे अहंकार की परवरिश और अभिनेता की घेराबंदी पर खर्च हो जाते हैं, जो फिल्म के बजट को प्रभावित करता है। यह कुछ लोगों की असुरक्षा होती है,

### शाहिद कपूर की 'देवा' को टीजर ऑफ द ईयर का खिताब



**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म देवा का टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म के दो दमदार पोस्टर्स ने पहले ही फैंस को देवा की इंटेंस दुनिया की झलक दी थी। इन पोस्टर्स में शाहिद का जबरदस्त और धमाकेदार अंदाज देखने को मिला, जिसने एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। देवा को लेकर एक्साइटमेंट तब और बढ़ गई जब ग्रैंड फैन इवेंट में बड़ी तादाद में फैंस जुटे और फिल्म का जश्न मनाया। इस मौके पर शाहिद कपूर ने अपने फैंस के साथ दिल छू लेने वाली बातचीत की। उन्होंने फैंस का प्यार और सपोर्ट मिलने पर अपना आभार जताया और अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की। अब टीजर के साथ, ऑडियंस को देवा के धमाकेदार और क्रेजी वर्ल्ड की झलक मिल रही है। इसमें तगड़ा एक्शन, शानदार डांस सीक्वेंस और एक दमदार स्टोरीलाइन नजर आ रही है, जिसने सबको एक्साइटमेंट से भरते हुए उत्सुक कर दिया है। शाहिद कपूर, जो अपनी वसेर्टाइल परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं, देवा के साथ कुछ नया करने वाले हैं। टीजर में उनका इंटेन्स अवतार दिख रहा है, जिसमें हैरान करने वाले स्टंट्स और रॉ, बेजोड़ एक्शन सीक्वेंस हैं, जो दर्शकों को सीट से उठने का मौका नहीं देंगे। चाहे वो हाई-स्पीड चेज हो या धमाकेदार लड़ाई के सीन्स, शाहिद की अपने रोल के लिए पूरी मेहनत साफ नजर आती है। उनकी दमदार डांस मूव्स भी फिल्म के एक्साइटमेंट को और बढ़ा देती हैं।

### बड़ी हवेली की 'छोटी ठकुराइन' के शो की दिखी पहली झलक



**मुंबई।** शेमारू उमंग के अपकमिंग शो 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन का टीजर आउट हो गया है! इस शो की पहली झलक हमें एक भव्य बड़ी हवेली की ओर ले जाती है, जहां एक प्राचीन गहनों का पिटारा खुलता है और उसमें एक सुनहरा छल्ला नजर आता है। जैसे-जैसे टीजर आगे बढ़ता है, यह स्पष्ट होता है कि यह छल्ला सिर्फ एक गहना नहीं है। यह सम्मान, ज़िम्मेदारी और पारिवारिक विरासत का प्रतीक है, जिसे परंपरागत रूप से परिवार की सबसे बड़ी महिला सदस्य को सौंपा जाता है। लेकिन इस बार, कुछ ऐसा होगा जो पुरानी परंपरा को हिला कर रख देगा और हवेली में हलचल मचाकर रख देगा। टीजर के अंत में सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है – सदियों की परंपरा बदली जाएगी इस बार, पता नहीं किन हाथों में सौंपी जाएगी इसकी ज़िम्मेदारी। सदियों की रीत बदलने कौन आ रही है, बनकर 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन'!

## संक्षेप

### पुलिस चौकी बनाने के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**डीडीयू नगर।** नगर क्षेत्र के वार्ड नं.12 चंदासी गांव के जीएस की जमीन पर पुलिस चौकी व मंदिर नहीं बनाने को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। चौहान एकता फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष छागूर सिंह चौहान के नेतृत्व में चंधासी गांव के दर्जनों पुरुष महिलाओं के साथ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान चौहान एकता फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर सिंह चौहान ने कहा कि चंदासी गांव के मेन गेट का जीर्णोद्धार किया जाए। चंधासी गांव में कई स्थानों पर जीएस की जमीन है। वहां पर पुलिस चौकी व मंदिर बनाया जाए, जहां चौकी व मंदिर बनाया जा रहा है। वह गांव के पंचायत भवन के नाम से अंकित है। वहीं सैकड़ों वर्षों से गांव की अन्य समस्याओं को लेकर समाधान किया जाता रहा है। शासन सरकार से मांग करते हैं कि उसे स्थान पर एक सामुदायिक भवन बनाया जाए। जिससे ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिल सकेगी। इस दौरान नीरज चौहान, छांगुर चौहान, रमेश चौहान, नथुनी चौहान, बबलू चौहान, गुड्डू विश्वकर्मा, नंदनी चौहान, रीता देवी, चैतू चौहान, मनोज, बबलू आदि मौजूद रहे।

### मुकेश चन्द्राकर के हत्यारोपियों को सरकार दे कड़ी सजा

**चकिया।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों ने मंगलवार की दोपहर बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड को लेकर नगर भ्रमण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति के नाम से संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चकिया को पत्रक सौंपा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई। पत्रकारों ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हुई घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने और मृतक परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की। मांग की उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष कानून बनाने की भी मांग की गई। यह उल्लेख किया गया कि पत्रकारों को लेखन के दौरान उत्पीड़न और राजनीतिक दबाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाना अति आवश्यक है। उपजिलाधिकारी दिव्या ओझा ने पत्रकारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पत्रकारों की भावनाओं को शीघ्र ही महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाएगा?। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार शीतला प्रसाद राय, कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, आशुतोष मिश्रा, लोकेश पांडेय, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, वैभव मिश्रा, प्रशांत गुप्ता, मोहन पांडेय, धर्मेंद्र जायसवाल, मिथिलेश सिंह मौजूद रहे।

### लोकनाथ महाविद्यालय में आयोजित होगा रजत जयंती समारोह



**चहनियां।** लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामगढ़ में विद्यालय स्थापना के 25वां वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय रजत जयंती समारोह 11 व 12 जनवरी को आयोजित होंगी। रजत जयंती समारोह में राजनेता, विद्वान, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं प्रशासनिक अधिकारीगण की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के प्रथम दिन 11 जनवरी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद, भूतपूर्व विधायक लोकनाथ सिंह का स्मृति दिवस समारोह पूर्व शिक्षक विधायक चेतनारायण सिंह की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद साधना सिंह व स्वतंत्र प्रभार मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु तथा पूर्व जिला पंचायत सुजीत सिंह की उपस्थिति में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 25वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन 12 जनवरी को प्रोफेसर संत कुमार त्रिपाठी के अध्यक्षता व मुख्य अतिथि अतिथि सांसद सांसद वीरेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव व विधायक मछली शहर रागिनी सोनकर की उपस्थिति में प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा पुरस्कार वितरण, पूर्व छात्र समागम व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे। यह जानकारी विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक धनंजय सिंह ने दिया है।

### एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत छात्रों को किया जागरूक

**सकलडीहा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान शुरू किया गया है। मंगलवार को आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा के नेतृत्व में सकलडीहा के आसपास कोचिंग सेंटर और स्कूलों में पहुंचकर युवाओं को नशा से होने के बाद दुष्परिणाम के प्रति सचेत करते हुए संकल्प दिलाया। इस मौके पर काफी संख्या में युवा और छात्र मौजूद रहे। आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा ने बताया कि वर्तमान में भारत में बच्चों एवं युवाओं में नशीली दवाओं नारकोटिक व मादक पदार्थों के दुरुपयोग (सेवन प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। जिससे उनका चारित्रिक विघटन हो रहा है । जिसका प्रभाव उनके पारिवारिक और सामाजिक विघटन के रूप में भी परिलक्षित हो रहा है। जो अंततः देश के विकास में बाधक हो रहा है। नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के दुरुपयोग तथा इसके अवैध व्यापार की रोकथाम के लिये राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से एक युद्ध नशे के विरुद्ध देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इस क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में सकलडीहा, नई बाजार, डेढावल, कमालपुर चहनिया आदि स्थानों पर बच्चों एवं युवाओं को नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं उसके अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान कोचिंग व अन्य संस्थानों में जाकर लोगों को जागरूक करते हुए नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। इस मौके पर आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा सहित अन्य रहे।

# बगैर सूचना के बिजली आपूर्ति बंद करने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**सकलडीहा।** टिमिलपुर कस्बा के पेट्रोल पंप के समीप दो दर्जन से अधिक बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल बकाया जमा नहीं करने पर मंगलवार को कर्मचारियों ने कनेक्शन काट दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिल की रिडिंग किये बगैर कनेक्शन काटने और सूचना नहीं देने पर ग्रामीणों ने कर्मचारियों की मनमानी को लेकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने कनेक्शन जोड़ने व बिल देने की मांग किया। टिमिलपुर प्रतिमा पेट्रोलपंप के सामने बन सत्ती माता के समीप करीब दो दर्जन लोग रहते है। बीते एक साल से बिजली बिल की रीडिंग नहीं होने पर अचानक बिजली कनेक्शन काट दिये जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश है।

**आक्रोश**

**रीडिंग नहीं होने के कारण बिजली बिल बकाया होने पर कनेक्शन कटा**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महीनों महीनों तक बिजली बिल की रीडिंग नहीं किये जाने के कारण भारी भरकम बिल हो जाता है। इससे परिवार को बिजली बिल जमा करने में असुविधा होती है। बिजली विभाग के कर्मचारियों की ओर से बगैर सूचना दिये सीधे कनेक्शन काट दिये जाने का आरोप लगाते विरोध जताया। बिजली बिल देने व कनेक्शन जोड़ने की मांग किया। विरोध प्रदर्शन करने वालो में मोहन, शिव प्रसाद, चंदा देवी,सुगना देवी,रमेश राम, दिनेश राम, रामशंकर प्रसाद, संजू, धन्नू, समसुद्दीन, तेतरा देवी, राजकुमार, गोपी, एकता देवी आदि महिलाएं मौजूद रही।




बिजली विभाग की मनमानी को लेकर विरोध जताते हुए ग्रामीण।

### पानी नहीं छोड़े जाने से गेहूं की फसल बर्बाद होने की आशंका

**सकलडीहा।** राजवाहा में पानी न छोड़े जाने से किसानों की ओर से बोई गई गेंहू की फसल पानी के अभाव में बर्बाद होने की चिंता सताने लगी है। जिससे किसानों में आक्रोश पनपने लगा है। किसानों ने आरोप लगाया कि पानी के अभाव में सौकड़ों गांवों के हजारों हेक्टेयर फसल बर्बाद होने के कगार पर है। वहीं माइनरों में पानी नहीं पहुचंने से सिंचाई की समस्या गहरा गयी है। किसानों ने राजवाहा में जल्द पानी छोड़े जाने की मांग किया है। जिला प्रशासन की ओर से 1 जनवरी को सभी राजवाहो मे पानी छोड़ने का निर्देश है। लेकिन निर्धारित समय से एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक पानी नही छोड़ा गया। ग्रामीणों का कहना है विभागीय अधिकारियों की मनमाने रवैये से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। जबकि राजवाहा में पानी छोड़ने का समय चल रहा है तो नहर की सिल्ट सफाई जेई द्वारा कराई जा रही है।

# भाजपा ने बाबा साहेब डॉ.बीआर अंबेडकर को दी पुष्पांजलि

**चंदौली।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय पर आयोजित की गई, जिसमें संविधान गौरव अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के निर्माण में बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान है। सन 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अंबेडकर जी भारतीय संविधान लिखकर भारत को एक अच्छा देश बनाने में अहम योगदान दिया है। जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा बाबा साहब का सम्मान करती है। अंबेडकर जी वंचितों व गरीबों के लिए राजनीतिक अधिकारों तथा सामाजिक स्वतंत्रता की हमेशा वकालत करते रहे। कार्यक्रम में राज किशोर सिंह, अनिल सिंह, सर्वेश कुशवाहा, सुजीत जायसवाल, उमाशंकर सिंह, राजेश सिंह, राम सुंदर चौहान, सुषमा जयसवाल, किरण शर्मा, प्रमोद चौबे, जैनेंद्र दुबे, विपिन सिंह, इंद्रजीत बिंद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह।

# अच्छी आय के लिए औद्यानिक खेती को अपनाएं किसानः डीएम

**चंदौली।** कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में मंगलवार को उद्यान व खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत दो दिवसीय कृषक गोष्ठी, सेमिनार व भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान औद्यानिक फसलों की उन्नत खेती को अपनाकर अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। औद्यानिक खेती के बढ़ावा दिए जाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने पर बल दिया। जिला उद्यान अधिकारी डा. शैलेंद्र देव दूबे ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों व जनपद में प्राप्त लक्ष्यों की जानकारी दी। उद्यान वैज्ञानिक डा. मनीष सिंह ने बागवानी फसलों की तैयारी, रोगों से बचाव व अधिक उत्पादन प्राप्त करने के बारे में किसानों को अवगत कराया। भारतीय सब्जी अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डा.एसएन चौरसिया ने फल व सब्जियों की उन्नतशील खेती व संरक्षित खेती के विषय में प्रकाश डाला। डा. राकेश दूबे ने जनपद में भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सिंघाड़ा व मखाना की खेती को बढ़ाने के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान की। सीडीओ एसएन श्रीवास्तव ने कृषकों को अतिरिक्त आय सृजन के लिए फसल विविधीकरण को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को डा. एएन त्रिपाठी, डा. डी राम आदि ने संबोधित किया।



कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसान को सम्मानित करते डीएम।

### पांटून पुल से आवागमन बंद

**चहनियां।** चदौली से बनारस व मार्कण्डेय महादेव धाम को जोड़ने वाला टाण्डा कला वाया पीपा का पांटून पुल पर मंगलवार को आवागमन बन्द हो गया। हालांकि लोग पैदल व दो पहिया वाहन वाले किसी तरह से आ जा रहे है। शासन के निर्देश पर पुल पर आने जाने के लिए लगी लोहे की चादर को प्रयागराज के महाकुंभ को देखते हुए भेजा जा रहा है, जिससे पुल से चार पहिया वाहनो का आवागमन पूर्णतया बन्द हो जायेगा। इस वजह से अब लोगों को मार्कण्डेय महादेव जाने के लिए चहनियां मुख्यालय से 10 किलोमीटर की जगह 30 किलोमीटर का सफर करना होगा। विदित हो कि टाण्डा कैथी पुल चन्दौली जनपद से वाराणसी जनपद व मार्कण्डेय महादेव धाम को जोड़ता है। इस पुल से कई किलोमीटर की दूरी कम हो जाती है। ऊपर से हाइवे के जाम से भी निजात मिलती है।

### फर्जी भूमि पट्टा प्रकरण में जल्द दर्ज होगी एफआईआर

**नौगढ़।** मरवटिया गांव में बीते वर्ष फर्जी तरीके से ग्राम समाज की भूमि का पट्टा किए जाने संबंधित मामला प्रकाश में आने पर तहसील प्रशासन तत्काल जांच पड़ताल में जुट गया। एक पखवाड़े का समय बीत जाने पर भी फजीर्वाड़ा करने वाले गिरोह को चिन्हित नहीं हो पाने से नौगढ़ थाने में अज्ञात के विरुद्ध एफआईदर्ज कराए जाने की तैयारी की जा रही है। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने बताया कि बीते वर्ष में तहसील क्षेत्र के मरवटिया गांव निवासी संत कुमार पाण्डेय पुत्र स्व.परशुराम पांडेय के नाम से फर्जी पट्टा किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। जिसपर तहसीलदार सतीश कुमार को जांच अधिकारी नामित कर के रिपोर्ट दिए जाने का निर्देश दिया गया है। अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं मिल पाया है। जांच में फजीर्वाड़ा करने वाले ब्यक्ति को चिन्हित नहीं हो पाने पर अज्ञात के विरुद्ध नौगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। क्षेत्र के मरवटिया गांव के राजस्व अभिलेखों मे नवीन परती के नाम से दर्ज भूमि को फर्जी तरीके से पट्टा किए जाने का मामला संज्ञान में आने पर राजस्व विभाग ने तत्काल जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने कहा कि फर्जी तरीके से किए गए पट्टा आवंटन के अभिलेखों में सादा पेपर का उपयोग करके उपजिलाधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर व मुहर लगाया गया है, जसकी जांच कराई जा रही है।



कोतवाली चौराहा से सब्जी मण्डी तक रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है, क्योंकि सड़क के दोनों पटरियों पर अतिक्रमणकारी बिना कोई डर के दबंगई से कब्जा जमाये बैठे हैं।

# जौनपुर



# खेत की सेफ्टी के लिए लगाये गये करंट से हुई थी दम्पति की मौत

**खुलासा**

**घटना के तीसरे दिन पुलिस ने मामले का किया खुलासा आरोपित पूर्व प्रधान गिरफ्तार**

**साक्ष्य छुपाने के लिए शव को फेंक दिया था नहर में शव नहीं हो सका बरामद**

**चार के खिलाफ अपहरण व हत्या का केस दर्ज, अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश**



**खुटहन।** बिशुनपुर ग्राम पंचायत के मलूकपुर गांव में दंपति के खेत से रहस्यमय ढंग से लापता होने के मामले का तीसरे दिन पुलिस ने खुलासा कर दिया। आरोपित पूर्व प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने स्वीकार किया कि उसके द्वारा फसल की सुरक्षा हेतु लगाए गए विद्युत करेंट प्रवाहित नंगे तार की चपेट में आकर दंपति की मौत हुई थी।

साक्ष्य छुपाने के लिए दोनों का शव वाहन में लादकर शारदा सहायक नहर में फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ अपहरण व हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मंगलवार को आरोपित पूर्व प्रधान को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया। शेष तीनों आरोपितों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस शव बरामद नहीं कर सकी है।

गांव निवासी 58 वर्षीय रामचरित्तर गौतम अपनी 56 वर्षीया पत्नी किस्मत्ती देवी के साथ रविवार को घर से लगभग चार सौ मीटर दूर खेत में सिंचाई करने गए थे जहां से दंपति लापता हो गये। दंपति की पुत्री सरिता के द्वारा थाने में चार के खिलाफ नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके मां बाप की उक्त लोगों द्वारा हत्या कर शव गायब कर दिया गया है। घटना की छानबीन पुलिस कर रही थी। तभी उन्हें जानकारी हुई कि बगल गांव अकबरपुर निवासी पूर्व प्रधान कमलेश सिंह व उनके भाइयों का दंपति जिस खेत कि सिंचाई कर रहे थे उसी से सटा उक्त आरोपितों का भी खेत है जिसकी सुरक्षा हेतु नंगे तार का बाड़ घेर उसमें विद्युत करेंट प्रवाहित किया गया था। जानकारी होते ही पुलिस सक्रिय हो कर उनकी तलाश शुरू कर दिया। मंगलवार को आरोपित पूर्व प्रधान कमलेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने स्वीकार किया कि रविवार की सुबह तार में प्रवाहित करेंट से दंपति के मौत की खबर मिलते ही हम व अन्य आरोपीगण भागते हुए मौके पर पहुंचे। कानून से बचने के लिए शव को वाहन में लादकर नहर में फेंक दिया था जिसमें अन्य आरोपितों भी शमिल रहे। आवश्यक कार्रवाई के बाद उनका चालान न्यायालय भेज दिया गया।

## जलवायु परिवर्तन व स्वच्छता पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**सुजानगंज।** जलवायु परिवर्तन एवं स्वच्छ ऊर्जा व संसाधनों को गतिशीलता प्रदान करने हेतु कार्यशाला का आयोजन शिवम सार्वजनिक जूनियर हाई स्कूल बेलवार के परिसर में किया गया जिसमें नारी चेतना फाऊंडेशन एवं पानी संस्थान के संयुक्त तत्वधान में कार्यशाला के आयोजन में ग्राम पंचायत बाबूरामपुर और पूरा रामसहाय सहित गांव के किसान, पीआरआई सदस्य एवं किशोरियों एवं शिक्षक, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पानी संस्थान से फील्ड कोऑर्डिनेटर बैजनाथ ने जलवायु परिवर्तन पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा किया। उक्त कार्यशाला में संतोष कुमार पटेल प्रबंधक शिवम सार्वजनिक जूनियर हाईस्कूल ने लोगों को आह्वान किया कि हम लोगों को जलवायु परिवर्तन के खतरे से बचाना आवश्यक है, इसे लोगों में जागरूक करना जरूरी है। नारी चेतना फाऊंडेशन की सचिव मुन्नी बेगम ने चर्चा करते हुए बताया कि जलवायु परिवर्तन का खतरा पूरे विश्व में दिखाई पड़ रहा है। मानव का स्वास्थ्य जीवन आजीविका प्रभावित हो रही है।

हर इंसान को अभियान के रूप में इसे करना जरूरी है। तीर्थराज ने बताया कि जलवायु परिवर्तन एक गंभीर मुद्दा है, शिक्षा की देवी माता सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन पर हम संकल्प ले चुके हैं कि सावित्री के संघर्षों की तरह ही संघर्ष के द्वारा ही समाज और देश को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का संचालन तीर्थराज ने किया। इस अवसर पर दान बहादुर, रंजना, संजू, प्रीति, सकीना, रीता, रंजीता, श्याम शंकर सिंह कोटेदार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यशाला का हुआ आयोजन



**खेतासराय।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास खंड शाहगंज सोंधी सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करना और ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के माध्यम से सशक्त बनाना था।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आजीविका मिशन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। योजनाबद्ध तरीके से काम करने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी से करने की नसीहत दी।

कार्यशाला में ब्लॉक मिशन प्रबंधक संदीप द्विवेदी वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम होगी। उन्होंने समूह गठन, ऋण उपलब्धता और आजीविका के नए साधनों को अपनाने के महत्व पर चर्चा की। कार्यशाला में ब्लॉक मिशन प्रबंधक प्रियंकेश प्रजापति, अनिल कुमार व नगेंद्र कुमार ने भी विभिन्न जानकारी साझा किया। इस दौरान बैंक सखी, समूह सखी, आजीविका सखी उपस्थित रहीं।

## संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की हुई चेकिंग, मचा हड़कम्प

**पवांरा।** ठंड के मौसम में चोरी, छिनैती व लूट की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसी को मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रतिदिन चेकिंग अभियान चला रही है। वहीं मंगलवार की दोपहर थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने उपनिरिक्षक देवानन्द, उपनिरीक्षक दिवाकर प्रसाद, उपनिरीक्षक रामाश्रय प्रजापति व पुलिसटीम के साथ उचौरा, सजईकला तिराहा व कुंवरपुर टोलप्लाजा पर संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों के खिलाफ जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों में लगी काली फिल्म भी निकलवायी गयी तथा तीन सवारी व बिना हेलमेट में दस वाहनों का ई-चालान किया गया। प्रतिदिन हो रही चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा हुआ है। वही क्षेत्राधिकारी मछलीशहर परमानन्द कुशवाहा ने कहा कि महाकुम्भ मेला को लेकर व ठंड व कोहरे को मद्देनजर रखते हुए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, क्योकिं ठंड के मौसम में चोरी, छिनैती, लूट की घटना बढ़ जाती हैं। इसी को मद्देनजर रखते हुए ये अभियान चलाया रहा है और लगातार चलता रहेगा।

## लियो क्लब यंग स्टार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**समारोह**

**शशांक अध्यक्ष, शुभम सचिव, दीपक उपाध्यक्ष, कार्तिक बने लियो कोषाध्यक्ष**




**शाहगंज।** सामाजिक संस्था लायंस क्लब स्टार अध्यक्ष मनीष अग्रहरि के नेतृत्व में लियो क्लब का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण पर अध्यक्ष के साथ सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

संस्था के अध्यक्ष मनीष अग्रहरि, उनकी पत्नी नेहा गुप्ता ने इस अवसर पर नवनिर्वाचित लियो अध्यक्ष शशांक गुप्ता, सचिव दीपक अग्रहरि, कोषाध्यक्ष कार्तिक अग्रहरि, उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता, सदस्य सुमंग साहू, अब्दुल बासित खान, आफताब, उज्ज्वल अग्रहरि, आशीष अग्रहरि, अमित सेठ, मोहक वर्मा, प्रथम अग्रहरि, रुद्राक्ष जायसवाल, अंकित मोदनवाल, कमल नयन जायसवाल, वासु अग्रहरि, चंदन अग्रहरि को मेंबरशिप सर्टिफिकेट स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जोन चेयरपर्सन प्रवीण श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को और पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने सभी सदस्यों को शपथ दिलायी। संचालन रविकांत जायसवाल ने किया और आगंतुको का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक मनोज जायसवाल, रविकांत जायसवाल, रूपेश जायसवाल सहित मनोज पाण्डेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डा. एसएल गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, डा. ज्ञानचन्द्र चित्तवंशी, राजपत जायसवाल, सतीश गुप्ता, महेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र तिवारी, पावन साहू, डा. रफीक फारुकी, डा. राहुल वर्मा, मनीष श्रीवास्तव, अंकित गुप्ता (रोमिल), शीम प्रकाश अग्रहरि (सिंपू), डा. हरिओम मौर्या, अमित,अनिमेष, सीए विजेंद्र, डा. तारिक शेख, डा. वीर विक्रम, राजीव, सुभाष चंद्र यादव (चंदू प्रधान), रितेश आर्या, टीएन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**जागरूकता**

**सुरक्षित यातायात व हादसों में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस की अनोखी पहल**



**जौनपुर।** यातायात विभाग ने बाइक सवार और चार चक्का वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। सुरक्षित यातायात व हादसों में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस ने अनोखी पहल की है।

सोमवार को नगर के प्रमुख चौराहों पर अभियान चलाकर सीट बेल्ट व हेलमेट न लगाने वाले चालकों को गुलाब का फूल देकर जागरूक किया। जहां चालकों ने भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन न करने का संकल्प लिया। अभियान के तहत जेसीज चौराहा, वाजिदपुर तिराहा, पालीटेक्निक चौराहा व ओलन्दगंज-कचहरी ओवरब्रिज पर यातायात कर्मियों द्वारा बिना हेलमेट वह बिना सीट बेल्ट धारण किए चालकों को जागरूक किया गया। मुख्य आरक्षी बृजकिशोर ने चालकों को हिदायत दिया कि भविष्य में अगर यातायात नियमों का पालन नहीं किया तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनमानस से अपील किया कि यातायात के नियमों का पालन करें।

उन्होंने कहा कि सरकार सड़क हादसों को लेकर गंभीर है। इसमें कमी लाने के लिए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ न सिर्फ कार्रवाई की जा रही है बल्कि गोष्ठियों के माध्यम से जनमानस को जागरूक भी किया जा रहा है। दो चक्का वाहन हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएं और चार चक्का वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर ही ड्राइव करें।

## बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना ही पार्टी का लक्ष्य : डॉ. सुनीता वर्मा



**मड़ियाहूं।** अपना दल (एस) जिला कार्यालय में पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव एवं जिला पंचायत सदस्य डा. सुनीता वर्मा रही। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य ललई सरोज रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष (युवा मंच) योगेंद्र पटेल ने किया तथा संचालन जिला महासचिव राकेश मिश्रा ने किया। इस मौके पर डा. सुनीता वर्मा ने कहा कि संगठन को और मजबूत करने के लिये गांव गांव चलकर बूथ अध्यक्ष का गठन करना होगा। ललई सरोज ने कहा कि पार्टी ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्य बनाये तभी संगठन को मजबूत किया जा सकता है और अनुप्रिया पटेल के विचारों को लोगों बताकर पार्टी में जोड़े। बैठक में अशोक पटेल, लल्लन पटेल, बचाऊ पटेल, रवि पटेल, कन्हैया पटेल, दीपक मिश्रा, राजेश पटेल, आशीष पटेल, राहुल पटेल, मनीष यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## ईडब्ल्यूएस सरलीकरण हेतु विभिन्न संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



**गौराबादशाहपुर।** सामान्य वर्ग के विशेष रूप से आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर लोगों के लिए जो सरकार ने योजना संचालित की है, उसमें कुछ महत्वपूर्ण संशोधन हेतु सेंगर क्षत्रिय समाज संगठन वाराणसी मंडल प्रभारी ठा. कुंवर साहब सिंह सोमवंशी एवं क्षत्रिय विकास संस्था के प्रदेश प्रभारी डा. जयसिंह राजपूत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को, जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया जिसमें इस योजना के तहत जो समस्याएं आती हैं उसके सरलीकरण हेतु 11 बिंदुओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण किया गया जिससे आने वाले समय में इस योजना का लाभ सरलता से लिया जा सके। इस अवसर पर क्षत्रिय विकास संस्था के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सभाजीत सिंह ऋषि बंसी, राम प्रज्वलित सिंह, अजय कुमार सिंह एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।

## एकजुट पीडीए लेगा बाबासाहब के अपमान का बदलाः राकेश मौर्य



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी की नववर्ष 2025 की प्रथम मासिक बैठक जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में नगर के एक होटल में संपन्न हुई। सर्वप्रथम ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने सदन को एजेंडे से अवगत कराते हुए प्रदेश से आए प्रपत्र से अवगत कराया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि सभी विधानसभा अध्यक्ष, सेक्टर के प्रभारियों, बूथ प्रभारियों एवं अध्यक्षों के साथ मतदाता सूची का अवलोकन और सत्यापन समय से कर लें और विधानसभावार रिपोर्ट तैयार कर लें। जो भी नाम गलत तरीके से काटे या जोड़े गए हैं या नए नाम जोड़ने से छूट गए हों इन सब को पूरी तन्मयता से देखकर ज़िला पार्टी को रिपोर्ट प्रेषित करें। आगामी 27 जनवरी से बाबासाहब के सम्मान में पीडीए चर्चा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लें ताकि सफलता पूर्वक उक्त पीडीए चर्चा कार्यक्रम जमीनी स्तर पर सफलता पूर्वक संपादित कराया जा सके। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि एकजुट पीडीए ही लेगा बाबासाहब के अपमान का बदला। संविधान, आरक्षण बचाने एवं जातीय जनगणना कराने के लिए बाबासाहब के सम्मान में पीडीए एकजुटता आवश्यक हो गई है।

इस अवसर पर महेंद्र यादव (नेपाल यादव) को ज़िला उपाध्यक्ष एवं अजय विश्वकर्मा को प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ मनोनीत किए जाने पर जिलाध्यक्ष सहित मंचासीन नेताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा बधाई भी दिया। समाजवादी छात्रसभा के प्रमुख महासचिव के पद पर सौरभ यादव एवं ज़िला उपाध्यक्ष के पद पर रवि यादव एवं सत्या यादव का मनोनयन किया गया। बैठक को विधायक पंकज पटेल, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व मंत्रीगण श्रीराम यादव, दीपचंद सोनकर, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, हिसामुद्दीन शाह, दीपचंद राम, रुखसार अहमद, सुरेश यादव,अमित यादव, नैपाल यादव, अनवारूल हक गुड्डू, कलीम अहमद, डा. रामसूरत पटेल, रमेश साहनी, राजदेव पाल, कमलेश यादव, निजामुद्दीन अंसारी, अफरोज हुसैनी, रत्नाकर चौबे, संजीव साहू, जगदीश प्रसाद गप्पू मौर्य, कमालुद्दीन अंसारी, औन मुहम्मद मुन्ना, रमेश साहनी, दीपक विश्वकर्मा, अखंड प्रताप यादव, राकेश अहिर, उमाशंकर पाल, विधानसभा अध्यक्ष गण वीरेंद्र यादव, सोचनराम विश्वकर्मा, नंदलाल यादव, रामजतन यादव, राम अकबाल यादव, नीरज यादव, डॉ. अनिल यादव, सूर्यभान यादव, फ्रंटल के अध्यक्षगण, आनंद गुप्ता, दिलीप प्रजापति, गुड्डू सोनकर, अशोक यादव नायक, मनोज शर्मा, राम अभिलाष यादव, ईश्वर लाल यादव, हरिश्चंद्र प्रभाकर, श्याम नारायण बिन्द, डॉ. जंगबहादुर यादव, लाल मोहम्मद राईनी, डॉ. शबनम नाज, पूर्व प्रमुख जयंती यादव, लालप्रताप शूद्र आदि ने संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष राज बहादुर यादव, वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले, राजेश यादव सैयद आरिफ, राजेश विश्वकर्मा, विवेक रंजन यादव, महेंद्र यादव, श्यामबहादुर पाल, डॉ. सरफराज खान, सरताज बानो, सोनी सेठ, सोनी यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

## संक्षेप

### रील पर तमंचा लहराने वाले युवक को पुलिस ने किया अरेस्ट



**जफराबाद।** क्षेत्र के कबूलपुर बाजार से सोमवार की शाम को तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक रील पर तमंचा लहरा रहा था। जलालपुर क्षेत्र के हुसेपुर गांव निवासी दीपक पाल पुत्र दिनेश पाल एक दिन पहले रील पर अवैध तमंचा लहरा था। थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि दीपक पाल कबूलपुर बाजार में एक दुकान के पास मौजूद है। वे मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घेरेबन्दी करके युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ने के बाद पुलिस ने उसके निशानदेही पर एक तमंचा व एक कारतूस बरामद कर लिया। युवक का चालान भेज दिया गया।

### श्रीमद् भागवत आज के समय की मांग है



**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) जौनपुर द्वारा सिद्धार्थ उपवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भक्ति और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला। भव्य संकीर्तन यात्रा के बाद कथा व्यास कमल लोचन प्रभु (अध्यक्ष, इस्कॉन मीरा रोड–मुंबई एवं वापी–गुजरात) ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं और भक्तियोग के महत्व पर प्रकाश डाला। कमल लोचन प्रभु ने कहा, यूक्रेन, इजरायल, बंगलादेश और संभल की घटनाएं और दुनिया भर में कई अन्य घटनाएं एक ईश्वरविहीन सभ्यता की रचनाएं हैं और समय की मांग है कि उनका प्रतिकार किया जाए क्योंकि यह प्रवृत्ति समग्र मानवता के लिए बहुत हानिकारक है। यह कोई दिलचस्पी का सवाल नहीं है कि श्रीमद् भागवत के पन्नों में वर्णित विषयों में किसी की रुचि हो या न हो, लेकिन फिर भी उन्हें एक पुरानी बीमारी के इलाज के लिए दवाओं की खुराक के रूप में निगलना होगा। उन्होंने कहा कि समाज व्यवस्था में जिम्मेदार पदों पर आसीन सज्जनों, जैसे कि सभी प्रशासक, सभी व्यवसायी, सभी मिल मालिक, सभी उद्योगपति, सभी कृषक, सभी शिक्षाविद आदि से सादर अनुरोध है कि वे सामूहिक रूप से अथवा अलग-अलग अपनी शक्ति, धन, बुद्धि और वाणी द्वारा सम्पूर्ण विश्व में भगवान की भक्ति का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने आगे कहा विधायी कार्यवाहियाँ या राज्य का ऐसा ही कोई दबाव, गुमराह नागरिक के पतित हृदय को तब तक नहीं बदल सकता जब तक कि वह अपने स्वयं के दिव्य स्वभाव से जागृत न हो जाए। इसलिए व्यक्ति के भीतर सुप्त दिव्य स्वभाव को जागृत करना आवश्यक है, अन्यथा सभी बाह्य योग्यताएँ मृत शरीर की सजावट मात्र रह जाएँगी। रामबाण उपाय यह है कि ईश्वर से प्रेम करना सीखें। एक झूठे ईश्वर की रचना करना या कल्पना द्वारा एक झूठे ईश्वर बन जाना, ईश्वर से प्रेम करने और ईश्वर में रुचि रखने की तुलना में बहुत ही घटिया कार्य है। उन्होंने कहा कि भगवान के प्रति शुद्ध प्रेम स्वतः ही मनुष्य को सभी ऋषि गुणों से युक्त बना देता है, जबकि भगवान के प्रति ऐसे शुद्ध प्रेम के अभाव में, सभी सांसारिक गुण सर्प के सिर पर मणि के समान प्रतीत होंगे। ऐसी योग्यताएँ निश्चित रूप से माया नामक मायावी प्रकृति के हाथों में औजार बन जाएँगी। दूसरे दिन की शुरुआत हरि नाम संकीर्तन यात्रा से हुई, जिसमें इस्कॉन के भक्तों ने नगर की गलियों में भजन-कीर्तन करते हुए भगवान के नाम का प्रचार किया। संकीर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। दूसरे दिन के यजमान नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन और माया टंडन रहे। संयोजक डा. क्षितिज शर्मा ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि वे इस पवित्र कथा में सम्मिलित होकर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त करें और अपने जीवन को आध्यात्मिकता से भरें।

### सेवानिवृत्त कर्नल का लोगों ने किया भव्य स्वागत



**नेवढ़िया।** क्षेत्र के चकमहनी गांव निवासी जयशंकर प्रसाद मिश्र भारतीय सेना से 4 जनवरी को सेवानिवृत होने के बाद 6 जनवरी को अपने पैतृक आवास चकमहनी आने पर गांव के लोगों सहित क्षेत्रीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। सबसे पहले क्षेत्र के सिहोरीवीर से सैकड़ों की संख्या में देश के सच्चे नायक कर्नल जयशंकर प्रसाद का माल्यार्पण कर पुष्पवर्षा करते हुए गाजे बाजे के साथ आतिशबाजी के बीच गोपालापुर बाजार होते हुए चकमहनी गांव पहुंचे। इस बीच भारत माता की जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कर्नल के पैतृक आवास पर आयोजित सेवानिवृत्त स्वागत समारोह कार्यक्रम में पहुंचकर क्षेत्रीय लोगों ने सेवानिवृत्त कर्नल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। कर्नल जयशंकर प्रसाद मिश्र ने पूरे 38 वर्षो तक भारतीय सेना के गौरव के रूप सेवा दिया और हिमाचल प्रदेश से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त कर्नल के दो पुत्र है मेजर विवेक मिश्र व लेफ्टिनेंट विमल मिश्र देश के सेवा में कार्यरत है। इस अवसर पर प्राचार्य सुरेश पाठक, घनश्याम दुबे, राम इकबाल दुबे, चन्द्रशेखर पटेल, विजय यादव प्रधान, विमल दुबे, सुरेश दुबे, सुनील पाल सहित बहुत लोग उपस्थित रहे।

### बांस के सहारे अजगर पकड़ने का वीडियो वायरल



**केराकत।** क्षेत्र के अकबरपुर गांव में अजगर पकड़ने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो 45 सेकेंड का है। वीडियो में अजगर पकड़ रहा शख्स वन विभाग का प्राइवेट कर्मचारी गामा यादव बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे बांस के सहारे लगभग दस फीट के विशालकाय अजगर के मुंख को दबाकर उसे पकड़ने का प्रयास कर रहा है। वहीं पास खड़ा दूसरा युवक अजगर की पूंछ पर पैर रखकर खड़ा है और तीसरा युवक अपने हाथ में एक बोरी लिए खड़ा है। एक घंटे के अथक प्रयास के बाद अजगर को बोरी में भरकर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। वायरल वीडियो जिसने भी देखा वह अजगर पकड़ने वाले की तारीफ कर रहे है। जरा सोचिए अजगर को पकड़ते समय अगर थोड़ी सी भी चूक हो जाती तो बड़ी घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता था। क्योंकि अजगर पकड़ने वाला शख्स बगैर सेफ्टी के अजगर रेस्क्यू कर रहा था। ऐसे में वन विभाग पर सवालिया निशान खड़ा होता है कि कैसे किसी प्राइवेट कर्मी को बगैर सेफ्टी के अजगर रेस्क्यू करने भेजा जाता है। अजगर रेस्क्यू करते समय अगर कोई घटना घटित होती है तो उसका जिम्मेदार आखिर होगा कौन?

### ब्यूटी पार्लर गयी युवती लापता, मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** स्थानीय थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासी महिला ने थाने पर लिखित तहरीर दी कि उसकी पुत्री 6 जनवरी को ब्यूटी पार्लर मुंगराबादशाहपुर गयी हुई थी लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। उसे आशंका है कि कोई बहला-फुसलाकर उसकी बेटी को भगा ले गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इस प्रकरण में थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि मुकदमा लिखकर युवती की तलाश की जा रही है और जल्द ही बरामद कर लिया जायेगा।

# महाकुम्भ के लिए थानों पर बनाए गए अस्पतालों में 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे चिकित्सक

**सुविधा**

### कंट्रोल रूम द्वारा पूर्ण सतर्कता के साथ की जा रही सतत निगरानी

जनसंदेश न्यूज




**भदोही।** महाकुम्भ-2025 जनपद प्रयागराज में अति महत्वपूर्ण एवं वृहद धार्मिक महापर्व के रूप आयोजित किया जा रहा है। भदोही जनपद प्रयागराज का निकटवर्ती जनपद होने के साथ ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन जनपद भदोही से होकर गुजरेगा। महाकुंभ 2025 को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु भदोही पुलिस तत्पर है। पुलिस अधीक्षक डॉ. मीनाक्षी कात्यायन के निर्देशन व मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था, सहूलियत व सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु प्रभावी पुलिस प्रबंध किया गया है। साथ ही पर्याप्त पुलिस बल श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, बेरीकेटिंग व आश्रय स्थलों इत्यादि स्थानों पर नियुक्त किया गया है। जनपद के मुख्य मार्गों व एंट्री प्वाइंटों पर बैरियर, पिकेट ड्यूटी लगाकर पर्याप्त पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

मंगलवार को एसपी डॉ. मीनाक्षी कात्यायन के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर, औराई व अन्य पुलिस अधिकारीगण सहित पर्याप्त पुलिस बल द्वारा जनपद के एंट्री प्वॉइंट बाबूसराय-वाराणसी बॉर्डर पर आधुनिक संसाधनों ड्रोन कैमरा, जिक,जैक बैरियर व मोर्चा आदि का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण रिहर्सल किया गया। अवांछनीय तत्वों के विरुद्ध विशेष सतर्कता बरती जा रही है, जनपद में अवांछनीय तत्वों के प्रवेश पर पूर्णतः रोक रहेगी।

# असहायों और वंचितों के बीच डीएम ने किया कंबल वितरण



**भदोही।** जिलाधिकारी विशाल सिंह ने तहसील ज्ञानपुर के अन्तर्गत आनन्द मेडिसिटी मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का मंगलवार को फीटा काटकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि यह एक अच्छी पहल है कि असहायों, वंचितों का स्वास्थ्य परीक्षण कर ठंड से बचाव हेतु उन्हें कंबल वितरित करना।

हास्पिटल के हेड डॉ. एएनसिंह के द्वारा सराहनीय पहल ठण्ड में बुजुर्गों व महिलाओं, गरीब असहाय लोगों का निःशुल्क हेल्थचेकप के साथ 500 लोगों को कंबल वितरण किया गया। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि शीतलहरी व ठंड के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा अलाव की व्यवस्था सहित कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण किया जा रहा है। शीतलहरी व कडाके की ठंड से बचने हेतु विभिन्न नगरीय निकायों व बाजारों में स्थाई व अस्थाई रैनबसेरे की भी व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों व विभिन्न संस्थाओं के द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. ए.एन.सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. आनन्द सिंह, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. संगीता सिंह, डॉ. मोनिका सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम दास गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स पर आयोजित हुआ कांफ्रेंस जारी रहा लंगर



**गोपीगंज।** हजरत ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलैह अजमेर शरीफ के 813वें उर्स के मौके पर गोपीगंज नगर के जामा मस्जिद परिसर स्थित मदरसा इस्लामिया, मदीना मस्जिद में गरीब नवाज कांफ्रेंस, कुरानखानी, दुआ खानी और सलातो सलाम का आयोजन किया गया। आयोजित कांफ्रेंस मे जहां उलमा ए कराम ने जलसे को खिताब करते हुए ख्वाजा गरीब नवाज की मरतबा बयान किया वहीं शोहरा ए कराम ने नातेपाक से लोगो को मालामाल कर दिया। इस मौके लंगर भी जारी किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे लोगों ने शिरकत की। ख्वाजा गरीब नवाज के सालाना उर्स मुबारक पर मदरसा परिसर मे फातेहा ख्वानी के उपरांत जलसे का एहतमाम किया गया। जिसमें शिरकत कर रहे उलमा ए कराम ने कहा कि हजरत ख्वाजा गरीब नवाज हमेशा जुल्म के खिलाफ रहे और हक बात पसंद फरमाते थे। शायरे इस्लाम शहंशाहे तरन्नुम शाहीद रजा व मद्दाहे रसूल मो. अशफाक ने नाते पाक का नजराना पेश करते हुए कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर सभी मजहब व जाति के लोग हाजिरी लगाते हैं जो कौमी यकजहती की जिंदा मिसाल है। पेश इमाम जामा मस्जिद अनिसुल कादरी, पेश इमाम शाही मस्जिद मौलाना आवेश मिस्बाई, मौलाना अकमल रजा, मौलाना जाहिद रजा ने अपनी नूरानी तकरीर व नातेपाक से ख्वाजा गरीब नवाज की मरतबा बया किया। इस मौके पर महमूद अत्तारी, आशिक अत्तारी, अनीश अहमद लीडर, हसनैन, गुड्डू चौधरी, माबूद खान, मुस्ताक राइन सेबू, एकलाख सहित बड़ी संख्या मे लोग शामिल रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि कन्हैयालाल कनौजिया 27 वर्ष निवासी सेवापुर भदोही अपने एक रिश्तेदार युवती के साथ वाराणसी की ओर से गोपीगंज बाजार की तरफ बाइक से जा रहा था। जैसे ही पिलर नंबर 35 के पास पहुंचा था पीछे से किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। सड़क पर गिरकर युवक घायल हो गया। वहीं बाइक सवार युवती बाल बाल बच गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से भाग निकला।

### अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन पर नेपियर घास लगाने का डीएम ने दिया निर्देश

**भदोही।** भूमि पुर्नग्रहण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर शासकीय परियोजनाओं के निर्माण हेतु जमीन की उपलब्धता को सुनिश्चित कराए, जिससे विकास गांव गांव तक पहुंचे। डीएम ने तहसील औराई के बहुतरा खुर्द में अतिक्रमण मुक्त कराए गए जमीन पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी चिन्हांकन कराकर नेपियर घास लगाने का निर्देश दिया। औराई पॉलिटेक्निक के पास रजईपुर में चारागाह हेतु भूमि चिन्हांकन पर जिलाधिकारी ने बल दिया। डीएम ने गोपीगंज डिवाइडर पर लगाए गए पेड़ पौधों को सुरक्षित रखने का निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिया। पुनर्गठन पेयजल योजना के अंतर्गत बाकी 03 जगह टंकी व 06 ट्यूबेबल निर्माण हेतु डीएम ने अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भदोही से टेलीफोन संवाद कर जमीन उपलब्धता विषयक समाधान कराने का निर्देश दिया। बैठक में समस्त विभागाध्यक्ष से उनकी विभाग के अन्तर्गत आने वाली भूमि पर अवैध कब्जे के कुछ शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी विशाल सिंह ने सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि अविलम्ब मौके का मुआयना करते हुए सरकारी कार्य हेतु भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराये। एमबीएमपी डी-2 में अवैध कब्जें से अवमुक्त भूमि का समुचित प्रयोग कराया जाय तथा अवमुक्त करायी गयी। भूमि पर पुनः भू-मॉफियाओं द्वारा कब्जा न हो। अवैध कब्जे से मुक्त कराये गयी भूमि का उपयोग किस रूप में कहा किया जा रहा है, का पूर्ण विस्तृत डाटा अद्यतन स्थिति से सूचना पोर्टल पर अपलोड किया जाय।

### संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक लेकर जाना ही है अभियान का उद्देश्य : सरोज कुशवाहा

**मीरजापुर।** भाजपा जिला कार्यालय पं0 दीनदयालपुरम कालोनी बरौधा कचार के सभागार कक्ष में संविधान गौरव अभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी सरोज कुशवाहा ने कहा कि भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे हैं। इस अवसर पर संविधान के महत्वपूर्ण गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक लेकर जाना है। संविधान महोत्सव के इस अभियान के द्वारा बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर को याद करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करना है। बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ता 25 जनवरी को सामूहिक रूप से आमजन के साथ एकत्रित होकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं नीति निर्देशक तत्व को पढ़ेंगे व इस पर चर्चा करेंगे। उक्त अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा, विजय कुमार वर्मा, दिनेश वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार, आभा पटेल अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

### स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही धज्जियां, जिम्मेदार बने लापरवाह

**गैपुरा।** विकास खण्ड छानबे के ग्राम सभा गौरा गांव के वार्ड संख्या 14 में यादव समाज के लोग जहां पर रहते हैं। जब की गौरा गांव के लिए सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत लगभग करोड़ों की धनराशि उपलब्ध कराया गया है। लेकिन उसके बावजूद भी गौरा गांव में खुलेआम रोड पर बह रहा पानी का कोई व्यवस्था नहीं हो पा रहा है जिससे राहगिर आएं दिन बाइक व साइकिल लेकर गिर जाते हैं। गिरने की वजह से लोग घायल हो रहे। लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह रोड गौरा रामपुर जाने वाली मेन रोड है। जहां पर ग्राम प्रधान द्वारा अगर सोख्ता गढ्ढा बनवा दिया जाता तो यह नौबत नहीं आती। ग्राम प्रधान द्वारा कई बार सूचना के बावजूद यह कार्य कराने के लिए अनदेखा किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों व बाहर से आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। ग्राम सभा गौरा स्वच्छ भारत मिशन के तहत चयनित गांव है। ग्राम सभा को स्वच्छ बनाने के लिए लगभग करोड़ों की धनराशि सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है। उसके बावजूद भी स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही। स्वच्छता के प्रति सरकार द्वारा काफी धन का आवंटन सभी ग्रामों में किया जा रहा है इसके बावजूद भी गौरा गांव में गंदगी का दिख रहा है।

### राम जानकी मंदिर में राम कथा का आयोजन

**जंघई।** राम जानकी मंदिर में कथावाचक आचार्य संदीप पाण्डेय महाराज के मुखारविंद से राम कथा का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम में सती चरित्र व शिव विवाह का सुंदर वर्णन किया गया। कथावाचक आचार्य संदीप पाण्डेय महाराज के कथा वाचन ने श्रोताओं को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया। इस आयोजन के माध्यम से लोगों को राम कथा के महत्व और प्रभाव के बारे में जानकारी मिली। इस अवसर पर महंत चन्द्रमा दास महाराज, हरिशंकर तिवारी, प्रभात, आदर्श, नितेश पांडेय, अजय पांडेय, आदर्श शुक्ला, चंचल दुबे, दिव्यांश तिवारी और क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। समाधान योजना के प्रचार में अधिकारी उतरे सड़क पर 20 लाख वसूले।

# ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के मौके पर मरीजों को कम्बल व फल का वितरण



जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** मगलवार को सरकार गरीब नवाज मोइनुद्दीन संजरी चिस्ती रहमतुल्लाह अलैह का सलाना 813वां उर्स मुबारक के मौके पर जिला मंत्री आसिफ खान दर्जनों कार्यकताओं के साथ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर पहुंच कर मरीजों के बीच कंबल वितरित किए और फल दूध ब्रेड मिठाई आदि बाटी और उनके अच्छे स्वास्थ के लिए दुवा की। साथ ही उर्स के मुबारक मौके पर देश में एकता अखंडता संप्रभुता भाईचारा मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी।

कम्बल वितरण और फल वितरण के दौरान जिला मंत्री आसिफ खान के साथ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के अधिक्षक आशुतोष पांडेय समेत स्टाफ के सारे कर्मचारी मौजूद थे। इसके साथ में पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में बिट्टू सिंह, सुरेश कौशल, वसीम खान, नफीस खान, मुराद खान, बाबू खान, इमरान, शारिब, अफसर अली आदि लोग मौजूद थे।

### कालीन नगरी में ठंड का प्रकोप जारी, जनजीवन प्रभावित

**भदोही।** कालीन नगरी में मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से ठंड बढ़ती जा रही है। गलन और कोहरे का प्रकोप जारी है। कोहरे के दखल से ठंड ने अपना व्यापक असर दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को सुबह से ही घना धुंध छाया रहा। वाहन चालकों को 20-30 मीटर दूरी पर भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। इस कारण अधिकांश वाहनों की हेडलाइट जलती रही। कड़ाके की ठंड होने से जनजीवन प्रभावित रहा। पिछले कई दिनों से मौसम में रह-रह कर बदलाव हो रहा है, जिससे अधिक धुंध होने से सड़कों पर आवागमन प्रभावित रहा। वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए हेडलाइट का सहारा लेना पड़ा। इसके अलावा वाहनों की रफ्तार भी काफी धीमी रही। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के मौसम विशेषज्ञ सर्वेश बरनवाल ने बताया कि 14 जनवरी तक मौसम में कोई बदलाव होने की कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने बताया कि पश्चिम क्षेत्र में हो रही बर्फबारी और बारिश के साथ निरंतर चल रही पछुआ हवाएं और आगामी 10 से 12 जनवरी के बीच में नवीन पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना को देखते हुए आगामी सप्ताह में भी तापमान पूर्व दिनों की तरह ही देखे जाने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, गलन और कोहरे की स्थिति जनपद में बरकरार रहेगी। इससे दिन में तापमान 16 डिग्री सेल्सियस तथा रात का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज होने के आसार हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। शिविर का 200 मानसिक रोगियों ने लाभ उठाया।

इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने जनमानस से कहा कि मानसिक रोग होने पर मनोचिकित्सक को दिखाए और इलाज कराएं।

झाड़-फूंक के चक्कर में कत्तई नहीं पड़ना चाहिए। ओझा के चक्कर में पड़ने से तबियत बिगड़ने से मौत भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर यहां मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है। जहां पर मानसिक रोगियों का निःशुल्क इलाज के साथ मुफ्त में दवाओं का वितरण किया जा रहा है। सीएचसी के अधीक्षक डॉ.समीर उपाध्याय द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. अशोक परासर ने तनाव के मनोवैज्ञनिक उपचार पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. अभिनव पांडेय ने बताया कि शिविर में कुल 200 मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को परामर्श प्रदान किया गया। इस मौके पर डॉ.अफरोज अंसारी, डॉ. राम आशीष, डॉ. शिवकुमार कुशवाहा, डॉ. शांति देवी, डॉ.शालिनी पाठक, फार्मासिस्ट विजय कुमार यादव व यूनीसेफ के बीएमसी चंद्र प्रकाश राव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें। संचालन हर्ष कुमार राय ने किया।

**नेक कार्य**

### शिविर में 200 मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों का किया गया इलाज

# मानक के विपरीत हो रहे नवनिर्माण को देख भड़के अधिवक्ताओं ने एक घंटे काम रोका

**आक्रोश**

### तहसील के नये भवन का मामला

जनसंदेश न्यूज



**केराकत।** तहसील भवन के नवनिर्माण में बरती जा रही अनियमितता देख मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे अधिवक्ताओं का गुस्सा उस समय भड़क गया जब नवनिर्माण के दौरान बनाई गयी दीवार में सीमेंट और मोरंग का मिश्रण में मोरंग की मात्रा ज्यादा दिखाई दी। आक्रोशित अधिवक्ताओ ने ठेकेदार से तत्काल कार्य रोकने की बात कहते हुये बनाई गयी दीवार की एक परत बिगाड़ कर मटेरियल की जाँच के बाद ही निर्माण करने की चेतावनी दिया। इस दौरान जेई और ठीकेदार अधिवक्ताओ से मिन्नतें करते नजर आये।

मामले की जानकारी होने पर निर्माण स्थान पर पहुंचे उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती ने ठीकेदार और जेई को फटकार लगाते हुये सीमेंट मोरंग के मिक्चर की मौके पर जाँच कराई और निर्माण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्यवाई करने की चेतावनी दिया। इस सम्बन्ध में बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह ने कहा कि संदेह यह था कि मानक के अनुरूप दीवार बन रहा है की नहीं, नौ इंच की जो दीवार थी वह चौदह इंच होनी चाहिए थी। ड्राइंग में आया कि नीचे की दीवार दो रद्दे दो ईंट की रहेगी, फिर डेढ़ ईंट की रहेगी, अब नौ इंच की आ रही है, बस उसी मानक के अनुसार ये काम कराये। सीमेंट बालू के मिक्चर पर मिली खामी पर कहा कि जेई मटेरियल का मिलान कर रहे है मानक के अनुरूप ही भवन बनेगा। इस गहमा गहमी के बीच भवन का निर्माण कार्य एक घण्टे तक रुका रहा।

# मीरजापुर ने वाराणसी इलेवन को 2-0 से हराया

**आयोजन**

### चौधरी चरणसिंह राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**केराकत।** स्थानीय नार्मल स्कूल के मैदान पर केराकत स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एकेडमी के तत्वावधान में चल रही चौधरी चरणसिंह राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को मिर्जापुर की काछवा स्पोर्टिंग्स क्लब ने वाराणसी की वाराणसी इलेवेन को दो शून्य गोल के अंतर से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। विजेता टीम ने दोनों हाफ में एक एक गोल किए। पराजित टीम के खिलाड़ियों ने खेल के दोनों हाफ में अथक प्रयास किए लेकिन उनके आपस के तालमेल के अभाव ने एक भी गोल करने से वंचित रखा। खेल की शुरूआत मुख्य अतिथि मिंटू सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। संचालन विरेंद्र कुमार यादव वीरू ने किया। निर्णायक शब्बीर अलम, लल्लन व इजहार अहमद रहे। इस अवसर पर संस्थापक दूधनाथ यादव, सुशील कुमार सोनकर, जीशान हैदर, नितिन सोनकर राजू आदि मौजूद रहे।



# विधायक ने मृत नीरज के परिवार को बंधाया ढांढस



**सुइथाकला।** पिछले 25 दिसंबर को रुधौली बाजार में सड़क दुर्घटना में मृत नीरज तिवारी के परिजनों से मंगलवार को मिलकर विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने उन्हें आर्थिक सहयोग के साथ ही उनके थैलिसीमिया से पीड़ित पुत्र के उपचार का आश्वासन दिया।

श्री सिंह देर शाम मृत नीरज के रुधौली स्थित आवास पहुंचे और उनकी माता व पत्नी को आश्वासन देते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज उनके साथ है। मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी शाहगंज राजेश कुमार चौरसिया को निर्देश दिया कि किसान दुर्घटना बीमा का लाभ परिवार को अविलंब उपलब्ध कराएं। इसके अलावा अन्य और भी जो संभव मदद शासन की तरफ से उपलब्ध हो सके उसे भी कराने का प्रयास करें। इस दौरान उपस्थित प्रधान संघ अध्यक्ष सुइथाकला राम प्रकाश दुबे, बृजेश शुक्ला सहित अन्य प्रधानों व समाज सेवियों के सहयोग से एकत्रित की गई पचासी हजार रुपए की नकद सहायता राशि विधायक ने मृतक की मां को सौंपी। मौके पर प्रधान पंचम बिंद, श्याम नारायण तिवारी, संजय तिवारी, अमन वर्मा, संतोष दीक्षित सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### विद्युत विभाग की छापेमारी में ग्यारह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिजली चोरी व बकायेदारों पर शिकंजा कसते हुए अचानक छापेमारी की, जिसमे बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन बिना बिल जमा किये ही बिजली का उपभोग करते हुए पाए जाने पर ग्यारह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मंगलवार के दिन विद्युत उपखण्ड अधिकारी मछलीशहर आदित्य मार्कण्डेय व अवर अभियंता जंघई अमित कुमार की टीम अचानक करियांव, भिदुना, चितांव गांव में पहुंच कार्रवाई किया। अधिकारियों ने करीब 78 से अधिक बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई करते हुए बिजली के कनेक्शन काट दिए। इस दौरान टीम ने कई घंटे गांव में रहते हुए लोगों के बिजली कनेक्शन आदि की भी जांच की। इस संबंध में विद्युत उपखंड अधिकारी आदित्य मारकंडे ने बताया कि बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत पोल से किये गए विच्छेदन को यदि उपभोक्ताओं द्वारा बिना बिल जमा किए यदि कनेक्शन को जोड़कर चलते पाया गया तो उन पर तत्काल मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। वहीं विद्युत विभाग के कड़े रुक के चलते बड़े बकायेदारों में हड़कंप मच रहा।

# विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना के लिए किया भ्रमण




जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** विद्युत विभाग द्वारा चलाई जा रही एकमुश्त समाधान योजना के प्रचार प्रसार में मंगलवार को विभागीय अधिकारी बैंड बाजे के साथ सड़क पर उतरे और भ्रमण किया।

अधिशासी अभियंता दिव्यरंजन के नेतृत्व में एक शोभा यात्रा बैंड बाजे के साथ मुख्य चौराहे से निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई सिपाह, शेखजादा, नालापार से आगे बढ़कर ग्राम मनियरा और सिंहौली होते हुए शहाबुद्दीनपुर पहुंच कर समाप्त हो गई। शोभायात्रा में अधिशासी अभियंता दिव्यरंजन के साथ एसडीओ केराकत संजीव कुमार भास्कर, अवर अभियंता नगर चित्रसेन के साथ एसडीओ डोभी, जलालपुर, डोभी, थानागद्दी व अन्य अवर अभियंता तथा नागेंद्र यादव और अन्य सहकर्मी भी रहे। इस बीच अधिशासी अभियंता दिव्यरंजन ने बताया कि मंगलवार को कुल 12 स्थानों पर कैंप लगाए गए थे जिसमें 256 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया और 19 लाख 99 हजार रुपए जमा किए। 176 बकायेदारों के कनेक्शन भी काटे गए और 21 उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# कुंभ की जमीन को वफ्फ बोर्ड की बताना बकवास

**बोले मो. यासीन**

**मौलाना बरेलवी के विवादित बयान पर भड़के मसाजिद कमेटी के ज्वाइंट सेकेट्री**

**कहा-इस प्रकार की बातों को कभी भी संजीदगी से नहीं लेना चाहिए**

**वाराणसी।** जहां एक ओर महाकुंभ 2025 को भव्य बनाने के लिए शासन-प्रशासन युद्धस्तर पर लगा हुआ है। वहीं महाकुंभ में मुसलमानों की एंट्री बैन को लेकर लेकर भी विवाद छिड़ गया है। इसी बीच रविवार को आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने एक विवादित बयान जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि महाकुंभ जिस जगह पर आयोजित हो रहा है, वहां की जमीन का 55 बीघा हिस्सा वफ्फ बोर्ड का है। उनका यह बयान पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है। इस पर विवाद शुरू हो गया है। हालांकि इससे पहले कि माहौल तनावपूर्ण हो, वफ्फ बोर्ड ने मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के बयान को अफवाह और बकवास बताते हुए इसे खारिज कर इस पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। इसी कड़ी में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के ज्वाइंट सेकेट्री एसएम यासीन ने भी मौलाना के बयान का खंडन किया है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा हे कि ये सब बकवस है। इस पर ध्यान ना दिय जाए।ज्वाइंट सेकेट्री एसएम यासीन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हजारों सालो से कुम्भ होता आया है। प्रयागराज कुम्भ की नगरी है। मौलाना ने जो यह शोशा छोड़ा है, उन्होंने समाज के एक साथ बहुत भद्दा मजाक किया है और ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए, जिससे समाज में दुराव पैदा हो। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार का बयान उचित नहीं है। मैंने वफ्फ बोर्ड के चेयरमैन से भी बात की और उन्होंने भी यह कहा कि इतने सालों से मैं मेम्बर हूं वफ्फ बोर्ड का और अब चेयरमैन भी हूं, लेकिन मेरे सामने ऐसी कोई फाइल नहीं आई, जिसमें ऐसा कुछ मेंशन हो। एसएम यासीन ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसी बातों से लोगों को परहेज करना चाहिए। इस प्रकार की बातों को कभी भी संजीदगी से नहीं लेना चाहिए। हम खुद कुम्भ के दर्शनार्थियों का भव्य स्वागत करते हैं और इस बार भी करेंगे। हम बनारस आने वाले नागा साधुओं का भी स्वागत करते हैं और आगे भी करेंगे। इस प्रकार के बयान को लेकर लोगों पर कार्यवाही होनी चाहिए या नहीं, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हां बिल्कुल, प्रशासन जो उचित समझे, वो करे। समाज को ऐसे लोगों चाहे वह हिन्दू या मुस्लिम, जिस भी समाज के हो, उन्हें अलग कर देना चाहिए। संतों द्वारा गैर हिन्दुओं का कुम्भ क्षेत्र में प्रवेश वर्जित करने के बारे में उन्होंने कहा कि ये उनकी अपनी मर्जी है। वो उनका धार्मिक क्षेत्र है, वह जो भी निर्णय ले। इसमें किसी भी मुसलमान को आपति नहीं होनी चाहिए। हालांकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, लेकिन अब समाज में ऐसी स्थिति हो चुकी है जिसके वजह से उन्होंने ऐसा किया है। संतों ने अगर निर्णय लिया है, वो ठीक है।



## वीसू मंदिर मैदागिन से निकली कलश यात्रा

**वाराणसी।** वीसूजी मंदिर मैदागिन में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ वृंदावन से पधारे कथा मर्मज्ञ पंडित संजय कृष्ण ने किया। प्रवचन में बताया की भागवत कथा के प्रथम वक्ता स्वयं ठाकुर जी महाराज रहे। श्रीमद् भागवत गीता एवं वेद का सर बिंदु है । इसके श्रवण मात्र से जन्म जन्म का पाप कट जाता है। प्रातः काल षष्ठ पीठ श्री गोपाल मंदिर चौखंभा में श्रीमद् भागवत का विधिवत पूजन अर्चन किया गया । मंदिर के पीठाधीश्वर गोस्वामी श्री श्याम मनोहर महाराज श्री के आशीर्वाद से शोभायात्रा गाजा बाजा के साथ मंदिर से निकली शोभायात्रा महाकाल भैरव मंदिर के रास्ते चलकर मालवीय मार्केट होते हुए वीसू जी मंदिर मैदागिन पहुंची। जहां कथा पीठ पर श्रीमद् भागवत को मंत्रोच्चारण के बाद स्थापित किया गया । पूजा अचर्न के बाद कथा प्रथम दिन प्रारंभ हुई मुख्य रूप से राम नारायण दिनेश अशोक बल्लभ दास डा. जयशंकर जय विनीता अर्चन ममता राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में कथा नेमी उपस्थित रहे।

# ठंड में भी नियमों को बताने सड़क पर उतरे अधिकारी

**जागरूकता**

**ट्रक, ट्रैक्टरों पर लगवाया रिफ्लेक्टर, हेलमेट की बतायी उपयोगिता और तेज रफ्तार को बताया भयानक**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को सड़क पर चलने के नियमों को बताने के साथ ही घने कोहरे में दुर्घटना कम करने के प्रति जागरूक करने परिवहन निगम के अधिकारी सड़क पर उतरे, ठंड में भी लोगों को नियमों का पाठ पढ़ाते हुए हेलमेट की उपयोगिता बतायी।

सडक-सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कोहरे को देखते हुए संचालित ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अधिकारियों ने लगवाया। सन्दहा, हरहुआ एवं टेंगरा मोड़ पर 50 ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये गये, साथ ही उनके चालकों को कोहरे में सावधानी पूर्वक चलने एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



### चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत यात्री वाहनों/बसों के चालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय जमालपुर बाबतपुर में किया गया, जिसमें 53 चालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया, जिसमें से पांच चालकों को चश्मा लगाने की सलाह दी गयी। उक्त कार्यक्रम में डॉ. पी.के मिश्रा नेत्र सर्जन, डॉ. शैलेश कुमार फिजिशियन, रूद्र पाण्डेय ऑक्टोमेट्रिस्ट उपस्थित रहे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सर्वेश कुमार चतुवेर्दी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्याम लाल एवं सुधांशु रंजन, मिथिलेश कुमार सिंह यात्रीकर अधिकारी राजकुमार यात्रीकर अधिकारी, अखिलेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पांच जिलों के 227 कोंद्रों पर सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध वाराणसी, चंदौली, मिजार्पुर, भदोही और सोनभद्र के केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार से सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गईं। 227 केंद्रों पर 2 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के बाद कॉपियां पहले जिलेवार बने संकलन केंद्रों पर जमा होंगी, इसके बाद विश्वविद्यालय में मूल्यांकन के लिए आएंगी। काशी विद्यापीठ प्रशासन द्वारा पांच जिलों में 44 संकलन केंद्रों पर कांपियां जमा करने की व्यवस्था की गई है। विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 फरवरी तक चलेंगी। तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 31 जनवरी, जबकि पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 फरवरी तक कराई जाएंगी। जिलों में जो नोडल सेंटर बनाए गए हैं, यहां से परीक्षा के दिन पेपर भिजवाए जाएंगे। दोनों पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद उसी दिन शाम को कॉपियां संकलन केंद्रों पर जमा होंगी। सबसे अधिक वाराणसी में 16 और मिजार्पुर में 10 संकलन केंद्र बनाए गए हैं।

### नकल विहीन परीक्षा के लिए जिला प्रशासन को लिखा पत्र

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक (एनईपी) विषम सेमेस्टर सत्र 2024-25 की परीक्षाएं मंगलवार से दो पालियों (प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे एवं द्वितीय पाली दोपहर एक से तीन बजे तक) में होंगी। नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने जिला प्रशासन के साथ ही भदोही, चंदौली, मिजार्पुर व सोनभद्र जिला प्रशासन को पत्र भेजकर नकल विहीन परीक्षा कराने का आग्रह किया है।

### मवेशी रखने व गंगा में नहलाने पर कार्रवाई कब?

वाराणसी। शहर में मवेशी रखने और गंगा में नहलाने का सिलसिला चालू है। पशुपालक इन दिनों नगर निगम के कड़े प्रतिबंध को ताक पर रख मनमानी कर रहे हैं। जिसके कारण आए दिन सीवर लाइन जाम हो रहा है । मच्छरों के भरमार से लोग परेशान हैं। इन लोगों ने घनी आबादी में पशुओं को पाल रखा है। ऐसे लोग नगर निगम के अभियान पर कड़ी नजर रखते हैं। पशुबंदी वाहन को आते देख ये सड़कों से अपने पशुओं को जल्दी से गलियों की तरफ भगा देते हैं,वहीं मौका देख पशुओं को नमो घाट के नीचे दोपहर के बाद गंगा में खुलेआम नहलाते भी हैं। इसको लेकर नगर निगम की टीम अक्सर सड़कों पर तो अभियान चलाती है लेकिन गलियों और मोहल्ले में उसका कोई ध्यान नहीं रहता है। जिसके कारण पशुपालकों को विभाग के नियम और कानून का कोई डर नहीं रहता है,और न तो अभियान से किसी प्रकार का कोई कार्रवाई किए जाने का भय ही लगता हैं। नागरिकों का कहना है कि नियम को ताक पर रखने वाले लोगों पर नगर निगम सख्त नहीं है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई कब करेगी यह समझ के परे है।



### व्यावसायिक काम्प्लेक्स के रीडेवलपमेंट का किया स्वागत

**वाराणसी।** जवाहरलाल नेहरू व्यसायिक काम्प्लेक्स के रीडेवलपमेंट के लिए आंवटियों के साथ मंगलवार को बैठक हुई। जिसमें वीडीए बोर्ड के प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में एनबीसीसी के साथ हुए एमओयू को लेकर कैंट रेलवे स्टेशन स्थित जवाहरलाल नेहरू व्यवसायिक कामलेक्स परिसर में वीडीए के अधिकारियों, एनबीसीसी के महाप्रबंधक ,ईवाई कंसल्टेंट और दुकान स्वामियों के साथ व्यवसायिक कॉम्लेक्स के पुनर्निर्माण के सम्बंध में जहां वार्ता की गयी,वहीं परियोजना के बारे में लोगों को जानकारी भी दिया गया। इस दौरान दुकान स्वामियों ने इस परियोजना का स्वागत किया और इस सम्बंध में आगामी दिनों में पुन: होने वाली बैठक में शामिल होने का निर्णय भी लिया गया। इस दौरान अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, सम्पत्ति अधिकारी आनन्द प्रकाश तिवारी, जीएम एनबीसीसी अनिल यादव, ई एंड वाई कंन्सलटेंट टीम उपस्थित रही ।



### भीषण ठंड में बाबा लाट भैरव को पहनाया गया ऊनी वस्त्र



वाराणसी। कज्जाकपुरा स्थित लाट भैरव मंदिर में पाक्षिक अष्टमी पूजन का आयोजन किया गया। धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी में आराध्य के प्रति भक्तों की आस्था प्रत्यक्ष तौर पर दिखाई पड़ती है। बाबा श्री कपाल भैरव को ऊनी वस्त्र धारण कराये जाने के उपरांत कंबल व शाल ओढ़ाया गया था। भव्य शृंगार कर रागभोग किया गया। श्री कपाल भैरव अथवा लाट भैरव प्रबंधक समिति की ओर से विधिवत अनुष्ठान कराया गया। देर रात तक हवन-पूजन के साथ ही आरती उतारी गई।

# परमात्मा से मिलन की कथा है श्रीमदभागवत : प्रेमधनजी

**वाराणसी।** त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार एवं राधाकृपा परिवार द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का मंगलवार को दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ, मणि मंदिर प्रांगण में शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस श्रीधाम वृंदावन से पधारे ओजस्वी वक्ता कथाव्यास प्रेमधन लालन जी महाराज ने कथा रसपान कराते हुए कहा कि भागवत जीवात्मा के परमात्मा से मिलन की कथा है, इस कथा के श्रवण मात्र से भगवत प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त हो जाता है और जीवन सुखमय हो जाता है कथा के शुभारंभ के अवसर पर कथाव्यास प्रेमधन लालन जी महाराज के पावन सानिध्य में मध्यान्ह साढ़े बारह बजे दुर्गाकुंड स्थित त्रिदेव मंदिर से विशाल पोथी यात्रा निकाली गई। कथा के मुख्य यजमान भरत सराफ सपत्नीक ने मंदिर में पोथी पूजन के उपरांत अपने सिर पर धारण कर कथा स्थल तक पहुँचे। पीत वस्त्र धारी महिलाएं 108 रजत कलश सिर पर लिए चल रही थी। विभिन्न मार्गों से होते हुए यात्रा धर्मसंघ पहुँच कर विश्राम ली। पोथी यात्रा में भरत सराफ, राधे गोविंद केजरीवाल, विजय खेमका, अनूप सराफ, राकेश देवड़ा, दिलीप बजाज, सुरेश तुलस्यान राम बुबना श्याम बुबना सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल रहे।




## पं.हरिराम द्विवेदी की पुण्यतिथि पर दो पुस्तकों का होगा विमोचन

**वाराणसी।** भोजपुरी के विद्यापति कहे जाने वाले पं. हरिराम द्विवेदी की प्रथम पुण्यतिथि पर आठ जनवरी को दो पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। एक पुस्तक अंगना में पलना पं. हरिराम द्विवेदी की भोजपुरी कविताओं का संकलन है। दूसरी पुस्तक जीवन एवं साहित्य कर्म : पं.हरिराम द्विवेदी प्रयागराज की डॉ. यशी मिश्रा ने लिखी है। अरुण कुमार द्विवेदी के अनुसार आठ जनवरी को अपराह्न एक बजे से महमूरगंज स्थित मोतीझील परिसर में होने वाले समारोह के दौरान पं. हरिराम द्विवेदी भोजपुरी साहित्य शोध न्यास का उद्घाटन भी होगा। इस समारोह की अध्यक्षता संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र करेंगे। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. कमलाकर त्रिपाठी होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, महापौर अशोक तिवारी, साहित्यकार डॉ. रामसुधार सिंह एवं एमएलसी धर्मेंद्र राय होंगे।

# भिक्खु डॉ. नन्दरत्न महाथेरो को मिला म्यांमार सरकार का प्रतिष्ठित पुरस्कार



**सम्मान**

**प्रदेश के सभी बौद्ध जगत में हर्ष की लहर**

**वाराणसी।** बौद्ध कम्यून द्वारा स्थापित सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार अरैल, नैनी, प्रयागराज के संरक्षक भिक्खु डॉ. नन्दरत्न महाथेरो को उनके धम्म कार्यों के प्रति समर्पण व सक्रियता के लिए म्यांमार सरकार के धार्मिक मामलों और सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा सद्धममज्योतिकाधज सम्मान प्रदान किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि भिक्खु डॉ. नन्दरत्न महाथेरो श्रीलंका भुद्ध विहार कुशीनगर के अधिपति भी हैं। डॉ नन्दरत्न ने सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से बौद्ध अध्ययन में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. नन्दरत्न पूर्व में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान उत्तर प्रदेश सरकार के चेयरमैन भी रह चुके हैं। उन्हें प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किये जाने से कुशीनगर, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ सहित पर्देजह के सभी बौद्ध जगत में हर्ष की लहर है। संस्था के चैयरमैन विनोद विक्रम सहित भंते देवानंद वर्धन, भंते क्रुणावर्धन, भंते शीलवर्धन, विनोद कुशवाहा, डॉ. कल्पना वर्मा, लालती शाक्य, विक्रमादित्य, श्यामप्रकाश एडवोकेट, सीएल एडवोकेट, माधवेन्द्र, डॉ. शिवमूर्ति लाल मौर्य ने उन्हें बधाई दी और म्यांमार का आभार व्यक्त किया।

# जिला भाजपा मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**चुनाव**

**प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय की संस्तुति पर जारी की गयी सूची**

**वाराणसी।** भाजपा के प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय की संस्तुति पर जिला इकाई के मंडल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों की घोषणा मंगलवार को देर रात कर दी गयी।

जिला चुनाव अधिकारी अशोक कटारिया के अनुसार, पिंडरा मंडल अध्यक्ष पद पर सुनील दत्त वर्मा, बड़ागांव मंडल अध्यक्ष आशीष प्रकाश सिंह, सिंधोरा मंडल अध्यक्ष बसंत उपाध्याय, कठिरांव मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार गौतम को बनाया गया है। जबकि चोलापुर मंडल अध्यक्ष विपिन चंद्र राय, आयर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पटेल, चौबेपुर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार सिंह, हरहुआ मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय', शिवपुर मंडल अध्यक्ष शशिकांत गिरि, रामेश्वर मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय, रोहनियां मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रजापति, कर्दमेश्वर मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश नारायण सिंह, शूलटंकेश्वर मंडल अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, जंसा मंडल अध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार सिंह पटेल, राजातालाब मंडल अध्यक्ष सुजीत कुमार पाल, मां कालिका मंडल अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह व सेवापुरी मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार दुबे बनाये गये हैं। जिला चुनाव अधिकारी के अनुसार, मनीष पाठक, शिवरतन गिरि, गायत्री देवी यादव, अजय कुमार पटेल, विनोद कुमार सिंह, विजय राजभर, रामजी मौर्या, प्रदीप कुमार शर्मा, धीरज मिश्रा, विष्णु प्रसाद कश्यप, ब्रजेश राजभर, जितेंद्र कुमार केसरी, राम मिलन मौर्या, संजीव कुमार सिंह, सुनील बहेलिया, आकाश सिंह व संजय सोनकर को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।



## नये वायरस के प्रति ब्रेथ ईजी में शिविर

**वाराणसी।** अस्सी स्थित ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में मंगलवार को आयोजित एक पेशेंट एजुकेशन प्रोग्राम में ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ श्वांस, टीबी एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ एस. के पाठक ने मरीजो को एचएमपीवी वायरस के बारे में बताया।

डॉ पाठक ने बताया कि एक श्वसन संक्रमण पैदा करने वाला वायरस है। यह वायरस आमतौर पर बच्चों, वृद्धों, और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों को प्रभावित करता है। यह श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। डॉ पाठक आगे इसके लक्षण के बारे में बताते हैं जोकि आमतौर पर हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। इसके सामान्य लक्षण खांसी, बुखार, नाक बहना या बंद होना, गले में खराश तथा गंभीर लक्षण में सांस लेने में तकलीफ, घरघराहट, फेफड़ों में संक्रमण, ब्रोकियोलाइटिस होते हैं। डॉ पाठक आगे इसके बचाव के बारे में बताते हैं जिसमे स्वच्छता बनाए रखना हैं, नियमित रूप से हाथ धोना हैं, खांसते या छींकते समय मुंह को ढकना हैं, बीमार व्यक्ति से दूरी बनाए रक्षण हैं, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना हैं, इसके अलावा प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत रखने के लिए-पौष्टिक आहार लेना हैं तथा पर्याप्त नींद और व्यायाम आवश्यक हैं। उन्होंने खानपान के प्रति भी आगाह किया। और बताया कि खानपान में विशेष सावधानी रखे। ताजे फल और सब्जियां के साथ साथ पर्याप्त पानी पीने को कहा। डॉ पाठक ने जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड से बहने की भी सलाह दी तथा विटामिन उ युक्त फलों जैसे संतरा नियमित रूप से लेने की सलाह दी।

## अंतिम व्यक्ति तक जुड़ाव ही समाज में दिलाती है पहचान : डॉ. अशोक सिंह

**आयोजन**

**जीवनदीप शिक्षण समूह की ओर से धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन**

**वाराणसी।** बड़ा लालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण समूह की ओर से मंगलवार को चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार सिंह का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान परिसर के सभागार में चिकित्सा जगत से जुड़े लोग । और शिक्षण समूह के शिक्षक व कर्मचारियों के साथ छात्र-छात्राओं ने मनोहारी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार सिंह आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान में ऐसे पाठ्यक्रम शामिल किये जिससे छात्रों को भविष्य में आधार और रोजगार प्राप्त हो सके। जो हम सभी को ऊर्जा प्रदान करते हैं. कार्यक्रम में महाविद्यालय व पैरामेडिकल आदि के छात्रों ने नृत्य और गायन की प्रस्तुति की। कार्यक्रम का संचालन जीवनदीप महाविद्यालय की कोऑर्डिनेटर अल्का सिंह और धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इंद्रेश चंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में संबद्धता निदेशक शैलेश त्रिवेदी, उप प्रधानाचार्य डॉ. नंदा द्विवेदी, उप प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार सिंह के अलावा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# भारत के इतिहास को बनाएं शिक्षा का हिस्सा

**बोले कमिश्नर**

**मंडलायुक्त सभागार में शिक्षा के उन्नयन और पाठ्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा**





**वाराणसी।** भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से मंडलायुक्त सभागार में मंगलवार को आयोजित एक परिचय सभा में जनपद के समस्त स्कूलों के प्रधानाचार्य व उनके प्रतिनिधि तथा जिले के अधिकारी शामिल हुए। इस सभा में शिक्षा के उन्नयन और पाठ्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है और इसे शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में भारत के स्वतंत्रता संग्राम, गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भरता के सबक शामिल करने चाहिए। विद्यार्थियों को यह समझाने की जरूरत है कि किस प्रकार भारत ने विदेशी ताकतों के चंगुल से स्वतंत्रता पाई और इसे बनाए रखना क्यों आवश्यक है।

मंडलायुक्त ने इस बात पर भी जोर दिया कि इतिहास के कटु अनुभवों से सीख लेकर हमें आधुनिक समय में आर्थिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने ई-कॉमर्स ट्रेडिंग कंपनियों द्वारा भारत के व्यापार को प्रभावित करने के खतरों पर प्रकाश डालते हुए आत्मनिर्भरता और स्थानीय व्यापार के महत्व पर बल दिया। सभा में उपस्थित प्रतिनिधियों ने शिक्षा प्रणाली में सुधार और इतिहास को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने के सुझाव दिए। गोष्ठी के दौरान प्राप्त विचारों और प्रस्तावों को एक रिपोर्ट के रूप में तैयार कर शिक्षा बोर्ड के माध्यम से सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने विद्यार्थियों को पाश्चात्य संस्कृति की अंधाधुंध नकल से बचाने और भारत के प्राचीन गौरव और मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में शिक्षाविद, अधिकारी और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर अपने विचार व्यक्त किए।

# जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए 10 तक होंगे नामांकन

**संगठनात्मक चुनाव**

**उम्मीदवारों की उम्र 60 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए**

**इतना ही नहीं कई और मानक पर उतरने होंगे खरे प्रत्याशियों को**

**वाराणसी।** प्रदेश में भाजपा जिलाध्यक्षों के चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो गया है। जो 10 जनवरी तक चलेगा। पार्टी की वैचारिक पृष्ठभूमि से जुड़े और दो बार के सक्रिय सदस्य ही नामांकन कर सकते हैं। जिलाध्यक्ष बनने के लिए उम्मीदवारों की उम्र 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए आम सहमति से जिलाध्यक्ष का चुनाव करेगी।

पार्टी सूत्रों की माने तो जिला चुनाव अधिकारी अपने-अपने जिलों में चुनाव तिथि और स्थान की घोषणा करेंगे। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने संगठनात्मक चुनाव के अगले चरण की कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि विचारधारा, संस्कार और संगठनात्मक पद्धति ही लंबे समय तक संगठन को जीवंत रखते हैं। हमारे संगठनात्मक चुनाव के चार चरण पूरे हो चुके हैं। हम अगले चरण के लिए आगे बढ़ रहे हैं। दायित्व परिवर्तन संगठनात्मक व्यवस्था है और इसके अनुरूप ही समय-समय पर प्रत्येक कार्यकर्ता के दायित्वों में परिवर्तन होता है। राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र राजनीतिक दल है, जो संगठन की संरचना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप करता है। यही कारण है कि भाजपा में बूथ का कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर किसी भी शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता जिलाध्यक्षों के रूप में निर्वाचित होंगे और पार्टी के अभियानों, कार्यक्रमों व विचारधारा को गति प्रदान करेंगे। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। काफी संख्या में पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित वर्ग तथा महिला कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। शीघ्र बचे हुए जिलों में भी मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता की छवि समाज में राष्ट्रवाद के अग्रदूत के साथ ही संस्कारी तथा सेवाभावी व्यक्ति के रूप में होती है। संगठनात्मक चुनाव से 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए नेतृत्व चयन का कार्य पूर्ण होगा। आम सहमति से योग्य कार्यकर्ताओं को नेतृत्व सौंपने का कार्य हो रहा है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि आम सहमति के आधार पर जिलाध्यक्ष का चुनाव करना है। सभी जिला चुनाव अधिकारी अपने जिलों में चुनाव की तिथि तथा स्थान पूर्व में घोषित करेंगे। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के बारे में कहा कि संविधान गौरव अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करेंगे। पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिकों के साथ संविधान गौरव अभियान में शामिल होंगे। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापतिराम त्रिपाठी, स्वतंत्र देव सिंह तथा प्रदेश सह चुनाव पर्यवेक्षक संजय भाटिया, संजीव चौरसिया आदि उपस्थित थे।

### वाराणसी जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष के नामांकन कल

वाराणसी। भाजपा जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष पद के लिए नौ जनवरी को दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक नामांकन होगा। जिला चुनाव अधिकारी अशोक कटारिया व महानगर चुनाव अधिकारी पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने संयुक्त रुप से बताया कि जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय और महानगर अध्यक्ष पद के लिए गुलाब बाग स्थित भाजपा कार्यालय पर नामांकन होगा।